राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 152
लखनऊ, सोमवार 02 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 92 ने करायी जांच 10

संत रविदास के उपदेश आज भी समाज का मार्गदर्शन करते हैं : केशव प्रसाद मौर्य 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,60,736/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,47,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,20,590/10 ग्राम |
| चांदी | | = 3,50,000/किग्रा |



# संकल्पों के बजट में विनिर्माण, अवसंरचना क्षेत्र को भारी प्रोत्साहन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को संसद में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 53,47,315 करोड़ रुपये का बजट पेश किया जिसमें अर्थव्यवस्था को वैश्विक चुनौतियों के मुकाबले के लिए मजबूत करने के साथ-साथ विकसित भारत की ओर अग्रसर करने के लिए विनिर्माण, आर्थिक और सामाजिक अवसंरचना विकास के लिए 17,14,523 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य रखा गया है।

**व्यक्तिगत आयकर की दरें यथावत**

बजट में व्यक्तिगत आयकर की दरों में कोई राहत नहीं दी गयी है, लेकिन उद्योगों पर न्यूनतम वैकल्पिक आयकर (मैट) की दर को 15 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया गया है। बजट में निवेशकों और आयातकों के लिए प्रक्रिया और अनुपालन आसान बनाने के विस्तृत उपायों की घोषणा की गयी है।

वित्त मंत्री ने एक घंटे 25 मिनट के अपने भाषण में बजट में पूंजीगत व्यय बढ़ाने के बावजूद राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है। चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा बजट अनुमान के 4.5 प्रतिशत की तुलना में 4.4 प्रतिशत रहा है। वित्त मंत्री के बजट भाषण के बाद शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गयी और एक समय बीएसई का सेंसेक्स 2300 अंक तक लुढ़क गया था लेकिन बाद में इसने काफी हद तक वापसी की।

वित्त मंत्री ने चालू वित्त वर्ष से ऋण को जीडीपी की तुलना में सीमित करने की योजना के तहत ऋण-जीडीपी अनुपात को 2030-31 तक 50 प्रतिशत के आसपास रखने का लक्ष्य रखा है जिसके 2026-27 में 55.6 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकारी कर्ज कम होने से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए ऋण का उपलब्धता बढ़ेगी, सरकार पर ब्याज भुगतान कम होगा और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।



वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार करने की घोषणा की और कहा कि केंद्र की विभाज्य प्राप्तियों में राज्यों का हिस्सा 41 प्रतिशत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की वृद्धि दर सात प्रतिशत के दायरे में बनी हुई है जिससे सरकार विकास और कल्याण के लिए संसाधनों को जुटाने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व बाजार से जुड़े रहना है ताकि देश निर्यात बाजार और विदेशी पूंजी तथा प्रौद्योगिकी का लाभ हासिल करता रहे। उन्होंने सरकार में विश्वास बनाये रखने के लिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए कि हमारा लक्ष्य लोगों की आकांक्षाओं को मूर्त रूप देना है और आर्थिक वृद्धि को युवाओं, किसानों, गरीबों, महिलाओं और समाज के अन्य जरूरतमंद वर्गों तक पहुंचाना है। केंद्र सरकार के नये कार्यालय क्षेत्र कर्तव्य भवन में तैयार इस पहले बजट को पेश करते हुए वित्त मंत्री ने इसे युवाओं से प्रेरित बताया और कहा कि इस बजट को तैयार करने में जनता से बहुमूल्य सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने इस बजट को सरकार के तीन कर्तव्यों पर केंद्रित बजट बताते हुए कहा कि सरकार का पहला कर्तव्य आर्थिक वृद्धि को बढ़ाना, दूसरा कर्तव्य आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लोगों को समर्थ बनाना और तीसरा कर्तव्य सबका साथ सबका विकास के अनुरूप सामाजिक कल्याण की योजनाओं को आगे बढ़ाना है।

वित्त मंत्री ने नीतियों और कार्यक्रमों में सुधार की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि गत अगस्त में प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संबोधन के बाद से वस्तु एवं सेवा कर सहित 350 से अधिक सुधारों को लागू किया जा चुका है। उन्होंने आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए बायो फार्मा, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट, दुर्लभ खनिजों और कपड़ा जैसे क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने के लिए नयी पहलों की घोषणा की। उन्होंने 200 से अधिक पारंपरिक औद्योगिक संकुलों को पुनर्जीवित करने और चार नये आर्थिक क्षेत्रों के विकास का भी प्रस्ताव किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पूंजीगत वस्तुओं के निर्माण में क्षमता निर्माण के लिए सार्वजनिक उपक्रमों की सहायता से दो स्थानों पर हाईटेक टूल रूम का निर्माण किया जायेगा जो कम लागत पर हाई प्रीसीजन कंपोनेंट का डिजाइन, परीक्षण और विनिर्माण करेंगे। विनिर्माण और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए उपकरण निर्माण के लिए भी एक योजना की घोषणा की गयी। वित्त मंत्री ने टीयर-2 और 3 शहरों में अवसंरचना क्षेत्र के विकास के लिए पश्चिम बंगाल के दानकुनी से गुजरात के सूरत के बीच नया माल परिवहन गलियारा और बनारस और पटना में घरेलू जलमार्गों के लिए पोत निर्माण की सुविधाओं की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने बिजली, इस्पात, एल्युमीनियम, कपड़ा जैसे क्षेत्रों में कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए दो हजार करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव किया। बजट में नयी राष्ट्रीय फाइबर योजना शुरू करने, हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र के लिए समस्त योजना का विस्तार तथा खादी ग्रामोद्योग के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना की घोषणा की गयी है। उन्होंने सूक्ष्म लघु और मझौले क्षेत्र के लिए वित्तपोषण को सरल और सुलभ बनाने के कई पहलों की घोषणा की है। बैंकिंग क्षेत्र को भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय समिति बनाने की घोषणा की गयी है। इसमें पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन और ग्रामीण विद्युत निगम के पुनर्गठन का भी प्रस्ताव है। नगर निगमों को विकास के लिए धन जुटाने में मदद के लिए 1,000 करोड़ रुपये तक के म्युनिसिपल बॉन्ड निर्गम पर 100 करोड़ रुपये प्रोत्साहन के रूप में देने की घोषणा की गयी है। दो सौ करोड़ रुपये तक के ऐसे निर्गमों के लिए प्रोत्साहन की वर्तमान योजना जारी रहेगी। उन्होंने दूसरे कर्तव्य के तहत सेवा क्षेत्र को नया आयाम देने की पहलों की घोषणा की जिसमें शिक्षा, कौशल विकास, चिकित्सा सेवा, पशु चिकित्सा, बड़े महानगरों के समीप पांच नये यूनिवर्सिटी टाउनशिप, गणित और विज्ञान पढ़ने वाली छात्राओं के लिए हर जिले में एक छात्रावास, खगोल विज्ञान के लिए नयी वेधशालाओं की स्थापना, गाइडों के प्रशिक्षण के लिए 20 जगह केंद्र बनाने, डिजिटल नॉलेज गृह और 50 पुरातात्विक स्थलों के विकास और संवर्धन जैसी पहलों की घोषणा की।

तीसरे कर्तव्य के तहत महिलाओं, किसानों, दिव्यांग जनों और अन्य वंचित वर्गों के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए विभिन्न पहलों की घोषणा की। मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए उत्तर भारत में एक नया निमहांस संस्थान स्थापित करने तथा रांची और तेजपुर के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों को क्षेत्रीय शीर्ष संस्थानों के रूप में अपग्रेड करने का प्रस्ताव किया। बजट में 50 प्रतिशत जिला अस्पतालों में आपात चिकित्सा तथा ट्रॉमा केंद्रों की सुविधाएं स्थापित करने का भी प्रस्ताव है। दिव्यांग सहारा योजना के तहत बजट में भारतीय कृत्रिम मानवअंग विनिर्माण निगम को अपनी विनिर्माण सुविधाओं के विस्तार और अनुसंधान तथा विकास के लिए सहायता दी जायेगी। श्रीमती सीतारमण ने अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, असम, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बौद्ध सर्किट के विकास के लिए योजना की घोषणा की।

## ये वस्तुएं होंगी सस्ती

कैंसर की 17 दवाएं सस्ती होंगी। चमड़े के सामान सस्ते होंगे। मोबाइल फोन और ईवी बैटरी सस्ती होंगी, माइक्रोवेव ओवन सस्ता होगा, सोलर पैनल सस्ते होंगे। *विदेशी पर्यटन पैकेज* : TCS (Ta& Collected at Source) दर 5-20% से घटाकर 2% किया गया। ***विदेश में शिक्षा*** : LRS के तहत एजुकेशन खर्च पर कम TDS। अल्कोहलिक लिकर स्क्रैप और कुछ मिनरल पर ड्यूटी 5% से घटाकर 2% की गई। जूते के ऊपरी हिस्से का निर्यात पर ड्यूटी-फ्री इंपोर्ट की अनुमति। एनर्जी ट्रांजिशन इक्विपमेंट पर बेसिक कस्टम ड्यूटी (BCD) से छूट। सोलर ग्लास इंग्रेडिएंट्स पर BCD से छूट। महत्वपूर्ण मिनरल के लिए कैपिटल गुड्स पर BCD से छूट। सिविलियन एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग के लिए कंपोनेंट्स और पार्ट्स पर BCD से छूट। निजी इस्तेमाल के लिए इंपोर्ट पर BCD 20% से घटाकर 10% किया गया। भारतीय मछुआरों द्वारा भारतीय जलक्षेत्र में पकड़ी गई मछली पर BCD छूट। न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट के लिए इंपोर्ट किए गए सामान पर BCD छूट। दूसरी तरफ, आयात शुल्क में इजाफा होने से कबाड़ और खनिज आदि महंगे हो जाएंगे। बजट 2026 में सरकार ने शराब (मानव उपभोग के लिए) पर टीसीएस की दर एक प्रतिशत से बढ़ाकर 2 प्रतिशत कर दी है।

## क्या महंगा होगा

शराब महंगी होगी। इंडस्ट्रियल सामान, खास मशीनरी और पार्ट्स की कीमतें बढ़ सकती हैं। तंबाकू प्रोडक्ट्स : सिगरेट, पान मसाला और दूसरे तंबाकू प्रोडक्ट्स एक्साइज ड्यूटी और हेल्थ सेस में बढ़ोतरी के कारण और महंगे होने वाले हैं। आयकर की गलत रिपोर्टिंग पर टैक्स अमाउंट के 100% के बराबर पेनल्टी। चल संपत्ति का खुलासा न करने पर अब पेनल्टी लगेगी। स्टॉक ऑप्शन और फ्यूचर ट्रेडिंग पर सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स 0.02% से बढ़ाकर 0.05% किया गया। इसके अलावा, डेरिवेटिव्स में ट्रेडिंग कम करने के लिए सरकार ने बजट 2026 में फ्यूचर्स पर एसटीटी को मौजूदा 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत करने का प्रस्ताव दिया है। ऑप्शंस पर अब एसटीटी बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके अलावा, सरकार ने बायबैक में शेयर सरेंडर करने पर सभी प्रकार के शेयरधारकों को होने वाले फायदे को कैपिटन गेन में लाने का प्रस्ताव रखा है। इससे अब बायबैक से होने वाली आय पर अधिक टैक्स लगेगा।



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आज भारत जिस रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है, इस बजट से उसे नई ऊर्जा और नई गति मिलेगी। इस बजट से यूथ की उड़ान के लिए आसमान खुल गया है। भारत तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने जा रहा है। बजट से भारत की ग्लोबल पोजीशन मजबूत होगी। ये बजट भारत की वैश्विक भूमिका को नए सिरे से सशक्त करता है। भारत के 140 करोड़ नागरिक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर ही संतुष्ट नहीं हैं। हम जल्द से जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। ये करोड़ों देशवासियों का संकल्प है। उन्होंने कहा कि यह बजट भरोसे पर आधारित गवर्नेंस और मानव-केंद्रित आर्थिक ढांचे के विजन को दिखाता है। यह एक खास बजट है जो राजकोषीय घाटे को कम करने और महंगाई को कंट्रोल करने को प्राथमिकता देता है, साथ ही ज्यादा पूंजीगत खर्च और मजबूत आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाता है।



पावन माघी पूर्णिमा एवं सद्गुरु रविदास जी महाराज की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में आज (रविवार को) केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 विकसित भारत के निर्माण का एक प्रेरणादायी संकल्प-पत्र है। उन्होंने कहा यह बजट युवाओं को अवसर, किसानों को सुरक्षा, उद्यमियों को प्रोत्साहन, मध्यम वर्ग को राहत और श्रमिकों को सम्मान प्रदान करेगा। योगी ने कहा यह बजट नवाचार, विनिर्माण और रोजगार को नई गति देने के साथ ही कृषि, ग्रामीण विकास, अवसंरचना, पर्यटन, संस्कृति और ज्ञान परंपरा को सशक्त बनाते हुए विकास भी, विरासत भी के मंत्र को साकार करेगा। योगी ने भरोसा जताते हुए कहा, पूर्ण विश्वास है कि सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और सुशासन के माध्यम से यह बजट वर्तमान के साथ भविष्य के भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा।



केंद्रीय बजट पेश होने के बाद शेयर मार्केट में आई गिरावट को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि शहमने पहले ही कहा था, सवाल यह नहीं है कि बाजार कब खुलेगा, सवाल यह है कि और कितना गिरेगा। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा कि इस बजट में न आम जनता का जिक्र है और न ही उनकी फिक्र। महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बेतहाशा बढ़ती कीमतों के बावजूद आम लोगों को टैक्स में कोई राहत नहीं दी गई, जो सीधे तौर पर टैक्स-शोषण है। वहीं दूसरी ओर अमीरों के कारोबार और घूमने-फिरने पर कई तरह की छूटें दी गईं, जबकि बेकारी और बेरोजगारी से जूझ रहे युवाओं व आम नागरिकों की उम्मीदों की थाली खाली रह गई। उन्होंने बजट को निराशाजनक और निंदनीय बताते हुए कहा कि यह आम आदमी की जरूरतों से पूरी तरह कटा हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### अब 31 मार्च तक कम फीस के साथ संशोधित आईटीआर दाखिल किया जा सकेगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को लोकसभा में अपने बजट भाषण में संशोधित आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा को बढ़ाकर 31 दिसंबर से 31 मार्च करने का प्रस्ताव किया। आयकरदाता मामूली शुल्क के भुगतान के साथ इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। सीतारमण ने अपने बजट भाषण में इसके साथ ही उदारीकृत प्रेषण योजना के तहत शिक्षा और चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के मामले में लगने वाले स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) की दर को पांच फीसदी से घटाकर दो फीसदी करने का भी प्रस्ताव किया है। इसके अलावा विदेश यात्रा पैकेज की बिक्री पर लगने वाले टीसीएस की दर को पांच फीसदी से घटाकर दो फीसदी करने की घोषणा की गई। यह दर पहले 20 फीसदी थी।

### आईएमएफ ने ग्लोबल ग्रोथ में भारत को अमेरिका से रखा आगे

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि में योगदान देने वाले देशों की सूची में भारत को अमेरिका से आगे रखा है, जिस पर अरबपति उद्योगपति एलन मस्क ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दुनिया में शक्ति का संतुलन बदल रहा है। मस्क ने यह टिप्पणी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक चार्ट शेयर करते हुए किया, जो आईएमएफ के जनवरी 2026 के अनुमानों पर आधारित है।

### नवजोत कौर सिद्धू ने छोड़ी कांग्रेस

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंजाब दौरे से पहले पूर्व मुख्य संसदीय सचिव नवजोत कौर सिद्धू ने कांग्रेस को अलविदा बोल दिया है। नवजोत कौर सिद्धू पूर्व मंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिद्धू की पत्नी हैं। पिछले कई महीने से सिद्धू दम्पति पंजाब की सक्रिय राजनीति से दूर हैं। नवजोत सिंह सिद्धू को हाल ही में राहुल गांधी की हुई बैठक में भी नहीं बुलाया गया था। कैंसर से ठीक होने के बाद दोबारा सक्रिय हुई नवजोत कौर सिद्धू हाल ही में उस समय सुर्खियों में आई थी, जब उन्होंने कहा था कि कांग्रेस में 500 करोड़ की अटैची देने वाला ही मुख्यमंत्री बनता था। इसके बाद वह समूची कांग्रेस के निशाने पर आ गई थी। इस पर प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने 8 दिसंबर को उन्हें नोटिस जारी करके पार्टी से निलंबित कर दिया था। इसके बाद वह पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी मिली। नवजोत कौर सिद्धू ने शनिवार को देर रात सोशल मीडिया एक्स पर कांग्रेस से दूरी बनाने का ऐलान किया।

# आदमपुर हवाई अड्डे का नाम अब गुरु रविदास महाराज एयरपोर्ट, मोदी ने किया उद्घाटन

**एजेंसी, चंडीगढ़।**

पंजाब के जालंधर में स्थित आदमपुर हवाई अड्डा अब श्री गुरु रविदास के नाम से जाना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पंजाब दौरे के दौरान आदमपुर हवाई अड्डे का नाम श्री गुरु रविदास महाराज एयरपोर्ट रखने का औपचारिक उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान ही हवाई अड्डा प्राधिकरण ने आदमपुर एयरपोर्ट के बाहर नए बोर्ड भी लगवा दिए।

इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हलवारा हवाई अड्डे का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। हलवारा में हवाई अड्डा शुरू होने से पंजाब के उद्योगपतियों को भारी लाभ मिलेगा।



पंजाब को दो बड़ी सौगात देने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा किया कि हमारे लिए मान व सम्मान की बात है कि आदमपुर हवाई अड्डा अब श्री गुरु रविदास के नाम से जाना जाएगा। यह अत्यंत गौरव और गर्व की बात है कि संत रविदास जयंती के शुभ अवसर पर यह निर्णय लिया गया है।

यह दिन असंख्य लोगों के लिए खुशी का क्षण है। यह श्री गुरु रविदास जी महाराज के चिरस्थाई आदर्शों को एक उपयुक्त श्रद्धांजलि है।

# रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग की लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

**एजेंसी, मुंबई।**

मुंबई के जुहू इलाके में मशहूर फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के आवास के बाहर हुई फायरिंग के मामले में बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इस गोलीबारी की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है और रोहित शेट्टी और पूरी फिल्म इंडस्ट्री को सीधे तौर पर धमकी भी दी है।



गैंग की ओर से जारी धमकी भरे संदेश में कहा गया है कि मुंबई में रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी शुभम लोंकर, आरजू बिश्नोई, हरी बॉक्सर और हरमन संधू ले रहे हैं। संदेश में यह भी दावा किया गया कि रोहित शेट्टी को पहले कई बार चेतावनी दी गई थी कि वे उनके काम में दखल न दें, लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। धमकी में कहा गया कि यह हमला सिर्फ एक छोटा सा ट्रेलर है और अगर रोहित शेट्टी नहीं सुधरे, तो अगली बार गोलियां घर के बाहर नहीं, बल्कि सीधे उनके बेडरूम तक पहुंचेंगी। गैंग ने यह भी चेतावनी दी कि अगला हमला जानलेवा हो सकता है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने अपने बयान में पूरी फिल्म इंडस्ट्री को भी चेताते हुए कहा है कि अपनी आदतें सुधार ली जाएं, वरना हाल और भी बुरा हो सकता है। संदेश में यह भी दावा किया गया कि जिन लोगों को फोन किया गया है, वे उनकी बात मान लें, नहीं तो छिपने की जगह भी कम पड़ जाएगी। बयान के अंत में गैंग ने खुद को एक ही था, एक ही है और एक ही रहेगा बताते हुए अपनी धमकी को और तीखा बना दिया।

### पुलिस की कार्रवाई, पांच संदिग्ध हिरासत में

इस सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई की है। पुणे पुलिस ने फायरिंग मामले में शामिल 5 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जांच में सामने आया कि जुहू स्थित आवास पर गोलियां चलाने के बाद आरोपित तुरंत मुंबई से फरार होकर पुणे पहुंच गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। फिलहाल मामले की जांच जारी है और सुरक्षा एजेंसियां इस धमकी को बेहद गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई में जुटी हुई हैं।

**आस्था**

## 1.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई पवित्र डुबकी

# माघी पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** प्रयागराज में आयोजित किए जा रहे माघ मेले में रविवार को माघी पूर्णिमा स्नान पर्व पर दोपहर 12 बजे तक करीब 1.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम और गंगा में डुबकी लगाई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मेला प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि कड़ाके की ठंड के बावजूद शनिवार आधी रात 12 बजे से ही श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आगमन और गंगा स्नान जारी है। उन्होंने बताया कि रविवार दोपहर 12 बजे तक करीब 1.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया। जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले एक महीने से मेले में कल्पवास कर रहे कल्पवासियों का रविवार को अंतिम गंगा स्नान है, इसलिए उनके परिजन उन्हें घर वापस ले जाने के लिए आए हैं। उन्होंने बताया कि सुबह घने कोहरे के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और सभी घाटों पर स्नान सुचारू रूप से जारी है।



उन्होंने कहा, सभी घाटों पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम तैनात हैं। इसके अलावा नाविकों और गोताखोरों को भी सभी घाटों पर तैनात किया गया है। वर्मा ने बताया कि मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों तथा ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है और सभी अधिकारी मेला क्षेत्र में भ्रमणशील हैं। त्रिवेणी संगम आरती सेवा समिति के अध्यक्ष आचार्य राजेंद्र मिश्र ने बताया कि माघ मेले में करीब पांच लाख कल्पवासियों का एक माह का कल्पवास माघी पूर्णिमा स्नान के साथ संपन्न हो जाएगा और आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान पर्व के साथ माघ मेले का समापन हो जाएगा। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि 800 हेक्टेयर में फैले मेला क्षेत्र को सात सेक्टर में बांटा गया है और 25 हजार से अधिक शौचालय बनाए गए हैं व 3,500 से अधिक सफाईकर्मी तैनात हैं। पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) नीरज पांडेय ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 10 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। यातायात को सुगम बनाए रखने के लिए एक लाख से अधिक वाहन क्षमता के 42 अस्थायी पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि माघ मेला 2025-26 के लिए कुल 12,100 फुट लंबे घाटों का निर्माण किया गया है, जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## टी20 वर्ल्ड कप में भारत के साथ मैच नहीं खेलेगा पाकिस्तान

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सरकार ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भाग लेने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम को मंजूरी दे दी है। हालांकि, इस मंजूरी के साथ सरकार ने एक अहम शर्त भी रखी। सरकारी आदेश के अनुसार पाकिस्तानी क्रिकेट टीम 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में हिस्सा नहीं लेगी। यानी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी तो होगी, लेकिन बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मुकाबला से वो दूरी बनाएगा। गवर्नमेंट ऑफ पाकिस्तान के आधिकारिक एक्स हैंडल से ट्वीट करके इस बात की घोषणा की गई है। इसमें कहा गया, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भाग लेने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम को मंजूरी देती है, हालांकि पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी 2026 को भारत के खिलाफ निर्धारित मैच नहीं खेलेगी।

# भारत ने पाकिस्तान के बेबुनियाद आरोपों को किया खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत के विदेश मंत्रालय ने रविवार को पाकिस्तान के उन दावों को खारिज कर दिया, जिनमें बलूचिस्तान में हुए हालिया आतंकवादी हमलों के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की गई थी।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम पाकिस्तान के बेबुनियाद आरोपों को साफ तौर पर खारिज करते हैं। यह उसकी अपनी आंतरिक नाकामियों से ध्यान भटकाने की पुरानी चाल के अलावा और कुछ नहीं है। हर बार जब कोई हिंसक घटना होती है, तो बेमतलब के दावे दोहराने के बजाय पाकिस्तान को अपने लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए।

**पाकिस्तान को अपने लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए**

भारत ने आगे पाकिस्तान को नसीहत देते हुए कहा कि दमन, क्रूरता और मानवाधिकारों के उल्लंघन का उसका रिकॉर्ड पूरी दुनिया के सामने जगजाहिर है।

उल्लेखनीय है कि बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने शनिवार को बलूचिस्तान के 14 शहरों में हुए एक साथ समन्वित हमलों की ज़िम्मेदारी ली, जिसे उसने 'ऑपरेशन हेरोफ़ 2.0' नाम दिया है। ग्रुप ने कहा कि उसने पाकिस्तानी सेना, प्रशासनिक इमारतों और सुरक्षा ढांचे को अपना मुख्य लक्ष्य बनाया। उसने दावा किया कि इन हमलों में 84 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं और 18 को जीवित पकड़ा गया है।

इसके अलावा, 30 सरकारी संपत्तियों पर या तो कब्जा कर लिया गया या उन्हें नष्ट कर दिया गया। साथ ही, लगभग 23 वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया।

# पयागपुर पुलिस फेल : 18 दिन बाद भी जगदेव यादव हत्याकांड में सन्नाटा

- पिता की हत्या को 18 दिन हो चुके हैं, लेकिन पुलिस आज भी सिर्फ औपचारिकता निभा रही है : विष्णु यादव

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** 13 जनवरी को हुई जगदेव यादव की नृशंस हत्या को पूरे 18 दिन बीत चुके हैं, लेकिन पयागपुर पुलिस अब तक इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। केले के खेत में हुई इस जघन्य वारदात ने पूरे क्षेत्र को दहशत में डाल दिया था, मगर समय बीतने के साथ-साथ पुलिस की सुस्त और सवालों से घिरी कार्यप्रणाली ने जनता के भरोसे को गहरा झटका दिया है। न कोई गिरफ्तारी हुई, न कोई ठोस सुराग सामने आया, जिससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि जांच दिशा और गति–दोनों ही खो चुकी है।सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इतनी स्पष्ट और गंभीर वारदात के बावजूद पयागपुर पुलिस 18 दिनों में भी हत्यारों तक क्यों नहीं पहुँच सकी। क्या यह अक्षमता है या फिर जानबूझकर बरती जा रही लापरवाही? पुलिस की चुप्पी और निष्क्रियता अब केवल प्रशासनिक कमजोरी नहीं, बल्कि संदेह के घेरे में आती भूमिका बनती जा रही है। मृतक के पुत्र एवं सभासद विष्णु यादव ने पयागपुर पुलिस पर सीधे सवाल खड़े करते हुए कहा कि उनके पिता की हत्या को 18 दिन हो चुके हैं, लेकिन पुलिस आज भी सिर्फ औपचारिकता निभा रही है। उन्होंने कहा कि यदि हत्यारे अब भी खुलेआम घूम रहे हैं तो इसकी पूरी जिम्मेदारी पयागपुर पुलिस की है। उनका आरोप है कि आम आदमी को न्याय के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पयागपुर पुलिस ने हत्याकांड के शुरुआती 48 घंटे–जो किसी भी मामले में सबसे अहम होते हैं–पूरी तरह गंवा दिए। न तो संदिग्धों से सख्ती से पूछताछ की गई और न ही तकनीकी साक्ष्यों को गंभीरता से खंगाला गया। इस लापरवाही ने यह आशंका और मजबूत कर दी है कि कहीं यह मामला जानबूझकर कमजोर तो नहीं किया जा रहा। हालांकि यह हत्याकांड अब प्रदेश की राजनीति तक पहुँच चुका है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने घटना के बाद प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए थे और उनके निर्देश पर 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी थी। पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह और क्षेत्रीय विधायक द्वारा न्याय का भरोसा भी दिया गया, लेकिन तमाम राजनीतिक दबाव और हाई-प्रोफाइल दौरों के बावजूद पयागपुर पुलिस की कार्यप्रणाली में कोई ठोस बदलाव नजर नहीं आया। आज हालात यह हैं कि जनता खुलकर पूछ रही है कि क्या पयागपुर पुलिस किसी ऊपर से मिलने वाले इशारे का इंतजार कर रही है या फिर यह हत्याकांड भी समय के साथ फाइलों में दफन कर दिया जाएगा। कानून व्यवस्था को लेकर उठते इन सवालों ने पयागपुर पुलिस की साख को कटघरे में खड़ा कर दिया है। न्याय की यह लड़ाई अब केवल एक परिवार की नहीं रह गई है।

# तेंदुए का खुला आतंक, वन विभाग बेख़बर

- बेझा में कभी भी हो सकती है जनहानि
- ग्रामीणों का फूटा गुस्सा-आंदोलन की चेतावनी



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट वन प्रभाग के ककरहा रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत बेझा में खूंखार तेंदुए का आतंक अब बर्दाश्त की सीमा पार कर चुका है। बीते एक सप्ताह से तेंदुआ खुलेआम आबादी में घूम रहा है, पशुओं को मार रहा है और ग्रामीणों की जान पर सीधा खतरा बना हुआ है, लेकिन वन विभाग और प्रशासन की चुप्पी ग्रामीणों को आंदोलन के लिए मजबूर कर रही है। दिनांक 28 जनवरी 2026 की रात करीब 3 बजे तेंदुआ नेपाल पुत्र गोकरन के घर में घुसा और उनकी दो वर्षीय बछिया को उठाकर पास के गन्ने के खेत में ले जाकर मार डाला। इससे पहले भी तेंदुआ कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि अब सवाल पशुओं का नहीं, बल्कि इंसानी जानों का है। घटना के बाद ग्रामीणों ने लगातार अधिकारियों को फोन कर सूचना दी, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी न तो पिंजरा लगाया गया, न कोई टीम मौके पर पहुंची और न ही सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की यह लापरवाही अब सीधे-सीधे जनता की जान से खिलवाड़ है। ग्राम पंचायत प्रधान मनीष कुमार ने बताया कि उन्होंने कतर्नियाघाट डीएफओ को सूचना दी और ककरहा रेंज के रेंजर धर्मेंद्र कन्नौजिया को लिखित प्रार्थना पत्र भी सौंपा, लेकिन जवाब मिला कि अभी तक पिंजरा लगाने का कोई तैयारी नहीं हुआ है। ग्रामीणों का सवाल है कि क्या अब पिंजड़ा किसी व्यक्ति या बच्चे के मौत पर आएगा? स्थिति यह है कि गांव के लोग लाठी, टॉर्च और ढोल-नगाड़ों के साथ रात भर पहरा देने को मजबूर हैं। महिलाएं और बच्चे डर के साये में जी रहे हैं।

# फाइलों में सिमट गया उप मुख्यमंत्री का आदेश, मिहींपुरवा में अफसरशाही बेलगाम

## जिले के अधिकारियों के फौजी ने लगाए चक्कर, डिप्टी सीएम तक पहुंचा फौजी का मामला

- फौजी के घर के सामने वर्षों से है अवैध कब्जा और गंदगी



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री का आदेश मिहींपुरवा तहसील पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ देते हैं। इसका जीता-जागता उदाहरण ग्राम पंचायत उर्रा का है, जहां सीमा पर तैनात एक फौजी के घर के सामने वर्षों से अवैध कब्जा और गंदगी पसरी हुई है, लेकिन प्रशासन सत्ता के आदेशों को खुलेआम ठेंगा दिखा रहा है। ग्राम उर्रा निवासी मंजय पुत्र तूफानी, जो वर्तमान में देश की सीमा पर तैनात हैं, ने बताया कि उनके मकान के सामने स्थित चकमार्ग पर दबंगों ने घूर डालकर अवैध कब्जा कर रखा है। इससे न केवल रास्ता बाधित है, बल्कि पूरे इलाके में गंदगी और बीमारी का खतरा फैल रहा है। विरोध करने पर दबंग गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।पीड़ित फौजी ने स्थानीय प्रशासन से लेकर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा, तहसीलदार और थाना मोतीपुर तक गुहार लगाई, लेकिन हर बार कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति हुई। जब मामला उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक तक पहुंचा, तो उन्होंने तत्काल जिलाधिकारी बहराइच को आदेश जारी किए। जिलाधिकारी ने आदेश नीचे तक भेजे, लेकिन जमीनी स्तर पर नतीजा सिफर रहा।यह सवाल खड़ा करता है कि आखिर मिहींपुरवा तहसील में किसका शासन चल रहा है? क्या यहां के अधिकारी सरकार से ऊपर हो चुके हैं? क्या उप मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी के आदेश केवल कागजों तक सीमित हैं? सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि जिस फौजी पर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, उसी फौजी के माता-पिता गांव में दबंगों के डर के साए में जीने को मजबूर हैं। सरकार 'सैनिक सम्मान' की बात मंचों से करती है, लेकिन जमीनी हकीकत मिहींपुरवा में कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। यह मामला अब केवल अवैध कब्जे का नहीं, बल्कि प्रशासनिक निरंकुशता और सत्ता की साख का बन चुका है। अगर उप मुख्यमंत्री के आदेशों की भी अनदेखी होती रही, तो जनता के मन में सरकार और प्रशासन दोनों के प्रति भरोसा कैसे बचेगा? मिहींपुरवा का यह मामला सरकार के लिए चेतावनी है – वरना कल यह सवाल पूरे प्रदेश में गूंजेगा।

# मिहींपुरवा में ओवरलोड गन्ना ट्रक बने जानलेवा बम

## ग्रामीण बोले-प्रशासन सोया, ठेकेदार मनमानी पर उतारू

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र में गन्ना क्रय केंद्रों पर हो रही ओवरलोडिंग अब सीधे-सीधे ग्रामीणों की जान और संपत्ति के लिए खतरा बन गई है। स्थानीय ठेकेदारों द्वारा ट्रकों में क्षमता से कहीं अधिक गन्ना लादने के कारण रास्तों पर आए दिन हादसे हो रहे हैं, और गंभीर दुर्घटनाओं का डर मंडरा रहा है। ताजा मामला खड़िया-नैनिहा गन्ना क्रय केंद्र का है, जहां से लगातार ओवरलोड ट्रक निकल रहे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि कई ट्रक 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से टकरा गए, जिससे घरों के उपकरण जल गए। विरोध करने पर ग्रामीणों और ट्रक मालिकों के बीच तनाव इतना बढ़ गया कि आगजनी की आशंका भी पैदा हो गई।

# सोहर-मंगल गीतों के बीच श्रद्धा से मनी संत रविदास जयंती

- गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के उर्रा गांव में रविवार को संत शिरोमणि रविदास की जयंती पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। भोर होते ही गांव में चहल-पहल शुरू हो गई। महिलाओं द्वारा गाए गए सोहर और मंगल गीतों से गलियां गूंज उठीं और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। उर्रा, नौबना और मधवापुर गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में समाजसेवियों ने संत रविदास के जीवन दर्शन और उनके सामाजिक संदेशों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास केवल संत ही नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने वाले महान समाज सुधारक थे। उन्होंने शिक्षा, समानता और मानवता का संदेश देकर सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। कार्यक्रम के दौरान संत रविदास के प्रसिद्ध दोहे 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' का भावार्थ समझाया गया। वक्ताओं ने उनके समतावादी विचारों को आज के समाज के लिए प्रासंगिक बताया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो गांव की प्रमुख गलियों से गुजरते हुए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक पहुंची।

वहां प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# खबरें एक नजर में

## सालपुर चौकी के अंदर ही प्रभारी से किया मारपीट मुकदमे के विवेचना के लिए बुलाया गया था आरोपी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात के सालपुर चौकी प्रभारी सौरभ कुमार सिंह से एक आरोपी चौकी के अंदर ही वर्दी का मोनोग्राम को नोच कर फेक दिया और मार पीट कर के फरार हो गया।जिस को पुलिस ने घेराबंदी कर के गिरफ्तार किया गया। चौकी प्रभारी ने तहरीर देकर कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में सौरभ कुमार सिंह पुत्र संजय कुमार सिंह निवासी बासुदेवपुर चंदेल थाना महनार जिला वैशाली राज्य बिहार का निवासी है । थाना कोतवाली देहात में उपनिरीक्षक चौकी प्रभारी सालपुर के पद पर तैनात है। श्रीमती कृष्णावती पत्नी रामसुख निवासी ग्राम परसिया आज्ञाराम थाना कोतवाली देहात, के लिखित तहरीर के आधार पर स्थानीय थाना पर एनसीआर का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें न्यायालय एसीजेएम द्वितीय द्वारा विवेचना के लिए आदेश दिया गया था । जिस की विवेचना कर रहा था। उसी में अभियुक्त अवधेश कुमार सोनकर पुत्र स्व0 देवीदीन निवासी ग्राम परसिया आज्ञाराम थाना कोतवाली देहात को नोटिस देकर बयान के लिए बुलाया गया था । बीते 29 जनवरी को जब मैं चौकी सालपुर पर मौजूद था तभी समय करीब दो बजे चौकी पर आया और आते ही अत्यधिक उग्र होकर गाली गलौज करते हुए एससी/एसटी का मुकदमा लिखवा कर जेल भेजवाने और सस्पेण्ड करवाने की धमकी देने लगा। नोटिस तामील नहीं करने की बात कहते वर्दी पर लगे बाएं हाथ के पुलिस कलर मोनोग्राम को नोच कर फेंक दिया तथा मेज पर रखे कागजात को फाड़कर फेंक दिया, काफी समझाने बुझाने पर भी मानने को तैयार नहीं हुआ और उग्र होकर धमकी देते हुए हमला कर दिया और धक्का देते हुए लात घूसे से मारने लगा। इस पर इस को पकड़ने का प्रयास किया गया परन्तु भाग निकला जिस को कचहरी गेट के पास से गिरफ्तार किया गया।

## राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उतरौला में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ वार्षिकोत्सव समारोह

**उतरौला (बलरामपुर)।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उतरौला में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार उतरौला प्रतिमा मौर्या द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं। छात्राओं की भावपूर्ण और अनुशासित प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रत्येक प्रस्तुति पर छात्राओं की प्रतिभा की जमकर सराहना की गई और तालियों की गूंज से विद्यालय परिसर गुंजायमान हो उठा। समारोह के दौरान विगत शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर छात्राओं के चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी स्पष्ट रूप से झलक रही थी। मुख्य अतिथि प्रतिमा मौर्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का सबसे बड़ा माध्यम है।

# आम बजट को सबके लिए सुविधा जनक : पंकज

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए आम बजट को जनहित में सराहनीय बजट बताया, आम बजट देशवासियों के लिए बहुत ही लाभकारी है और रेल बजट में रेल यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों की सुरक्षा के प्रति धन आवंटित किया गया है इसी प्रकार रेल बजट में करोना काल से बंद वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं को बहाल करते हुए कई हाई स्पीड रेल गाड़ियों के संचालन तथा बंदे भारत एवं अमृत भारत जैसी सभी सुविधाओ से परिपूर्ण नॉन एसी ट्रेनों को कई रूट चलाने पर जोर दिया गया है रेल बजट से सभी को लाभ होगा और सुविधाओं में काफी बढ़ोतरी होगी

जेड.आर.यू.सी.सी. मेम्बर पंकज कुमार श्रीवास्तव ने रेल बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की रेल बजट से काफी प्रसन्नता है रेल बजट जन उपयोगी तथा सुरक्षा एवं संरक्षा के साथ-साथ रेल यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों के लिए सुविधा एवं संसाधन उपयोगी बजट है भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव के साथ अमित वर्मा,महेंद्र यादव,उमेश श्रीवास्तव, दानिश आदि लोग उपस्थित थे।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 : मतदान केंद्रों पर दावे-आपत्तियों की कार्यवाही का निरीक्षण

- विशेष अभियान दिवस पर आयुक्त देवीपाटन ने किया बीएलओ कार्य का स्थलीय सत्यापन
- घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद, पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर किया जागरूक



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** निर्वाचन नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 को प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार की देर शाम विशेष अभियान दिवस के अवसर पर आयुक्त देवीपाटन द्वारा शहर के मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्राप्त फार्म-6, फार्म-8 एवं अन्य दावे-आपत्तियों पर की जा रही कार्यवाही की गहन समीक्षा की। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने मौके पर मौजूद बीएलओ से आवेदन निस्तारण की प्रक्रिया, अभिलेखों के संधारण तथा समयबद्ध कार्यवाही की जानकारी ली। साथ ही ,स्ष्ठ (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं डुप्लीकेट) मतदाताओं का स्थलीय सत्यापन कराए जाने की प्रगति का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नियमों के अनुरूप निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि मतदाता सूची शुद्ध और त्रुटिरहित बनाई जा सके। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सटीक मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है, इसलिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल होना तथा अपात्र प्रविष्टियों का विलोपन प्राथमिकता पर किया जाए। इसके अतिरिक्त आयुक्त द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर उनसे संवाद किया गया। इस दौरान उन्होंने पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए मतदाताओं को अपने नाम, आयु, पता एवं अन्य विवरणों के सत्यापन हेतु जागरूक किया। नागरिकों से अपील की गई कि यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो समय रहते संबंधित फार्म भरकर सुधार अवश्य कराएं। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सदर अशोक कुमार गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पुनरीक्षण कार्य को गति मिलने के साथ ही मतदाताओं में जागरूकता भी बढ़ी है।

# मिस्टर इंडिया माइन क्लासिक 2026 में उतरौला के इमामुद्दीन जैन खान का शानदार प्रदर्शन

- चौथा स्थान हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



इंडियन फिटनेस एंड बॉडीबिल्डिंग फाउंडेशन के तत्वावधान में बाराबंकी में आयोजित मिस्टर इंडिया माइन क्लासिक 2026 के ओपन क्लासिक बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में उतरौला के इमामुद्दीन जैन खान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इसके साथ ही उन्होंने 70 से 75 किलोग्राम भार वर्ग बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में भी टॉप फाइव में स्थान बनाकर उतरौला का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। मिस्टर इंडिया माइन क्लासिक 2026 प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए अनुभवी और उभरते बॉडी बिल्डरों ने भाग लिया, जहां सभी प्रतिभागियों ने अपने शारीरिक सौष्ठव, अनुशासन और तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उतरौला के 28 वर्षीय इमामुद्दीन जैन खान ने अपनी बेहतरीन बॉडी स्ट्रक्चर, संतुलन और मंच प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए ओपन क्लासिक बॉडीबिल्डिंग वर्ग में चौथा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपरांत आयोजक संस्था की ओर से इमामुद्दीन जैन खान को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। उनकी इस सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरे उतरौला क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। यह पहला अवसर नहीं है जब इमामुद्दीन जैन खान ने मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हो। इससे पूर्व वर्ष 2023 में वे 'मिस्टर गोंडा' का खिताब अपने नाम कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त मिस्टर लखनऊ तथा अयोध्या महोत्सव के अंतर्गत आयोजित बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में भी वे पदक प्राप्त कर चुके हैं। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के बल पर उन्होंने बॉडीबिल्डिंग के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। उल्लेखनीय है कि इमामुद्दीन जैन खान बलरामपुर जिले की उतरौला तहसील में संग्रह अमीन के पद पर कार्यरत हैं। सरकारी दायित्वों का निर्वहन करने के साथ-साथ वे उतरौला के युवा बॉडी बिल्डरों को प्रशिक्षण देकर उन्हें मार्गदर्शन भी प्रदान करते हैं, जिससे क्षेत्र के युवाओं में फिटनेस और खेल के प्रति रुचि बढ़ रही है। अपनी इस उपलब्धि पर इमामुद्दीन जैन खान ने कहा कि उनकी सफलता के पीछे परिवार का सहयोग और कोच का मार्गदर्शन प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि पर उतरौला सहित पूरे क्षेत्र के बॉडी बिल्डरों, खेल प्रेमियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्थानीय युवाओं में उनके प्रदर्शन से नया उत्साह और प्रेरणा देखने को मिल रही है।

# शांति भंग की आशंका में तीन गिरफ्तार

## पुलिस ने धारा 170/126/135 बीएनएसएस में की कार्रवाई



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** थाना सादुल्लानगर पुलिस ने शांति भंग की आशंका को देखते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 01 फरवरी 2026 को क्षेत्र में संभावित तनाव की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों को निरोधात्मक रूप से गिरफ्तार किया गया। मौके पर शांति एवं कानून व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सादुल्लानगर पर धारा 170/126/ 135 बीएनएसएस के अंतर्गत आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय उतरौला भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में रवि तिवारी पुत्र कौशल कुमार तिवारी, कौशल कुमार तिवारी पुत्र शोभाराम तथा अंबुज तिवारी पुत्र सत्य प्रकाश तिवारी शामिल हैं। तीनों अभियुक्त ग्राम जाखौली, थाना सादुल्लानगर, जनपद बलरामपुर के निवासी बताए गए हैं। यह कार्रवाई उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में कांस्टेबल ओमकार एवं कांस्टेबल हरि गोविंद की टीम द्वारा की गई।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है तथा किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# श्रद्धालुओं और यात्रियों की भीड़, पर शौचालय शून्य

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** सबसे पुरानी तहसील उतरौला आज भी बुनियादी सुविधाओं की दावेदारी में पिछड़ रही है। तहसील मुख्यालय के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौराहा पर प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों का आवागमन होता है। यह मार्ग बलरामपुर तथा गोंडा जिलों को जोड़ता है, जिसमें महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों की भी बड़ी संख्या शामिल रहती है। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौराहा पर स्थित है प्रसिद्ध बाबा फक्कड़ दास मंदिर, जहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु पूजा-अर्चना व दर्शन के लिए पहुंचते हैं। हालांकि, इस अत्यंत व्यस्त चौराहे पर आज तक एक भी सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निर्माण नहीं हो सका है, जिससे स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और यात्रियों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यह चौराहा न केवल ट्रैफिक का मुख्य केंद्र है,



बल्कि सुबह से लेकर शाम तक यहां घंटों यातायात बना रहता है। इसके बावजूद सबसे आवश्यक एवं मूलभूत सुविधा सार्वजनिक शौचालय का घोर अभाव है। शौचालय की कमी का सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं, किशोरियों, बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। महिलाओं को विशेष रूप से असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जबकि बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह स्थिति शारीरिक व मानसिक परेशानी का कारण बन रही है। स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों को भी शौचालय न होने के कारण निरंतर कठिनाइयों से जूझना पड़ता है।

**वैवाहिक व धार्मिक आयोजनों में भी बढ़ती है परेशानी**

स्थानीय लोगों ने एक और महत्वपूर्ण तथ्य की ओर ध्यान दिलाया है कि बाबा फक्कड़ दास मंदिर केवल दैनिक पूजा स्थल ही नहीं, बल्कि नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों के लिए एक प्रमुख धार्मिक व सामाजिक केंद्र भी है। इस मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में लोग अपने पुत्र-पुत्री के विवाह से पूर्व गोद भराई, या वर वधू के छींके, तथा अन्य छोटे-मोटे वैवाहिक एवं पारिवारिक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इन अवसरों पर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की उपस्थिति और अधिक बढ़ जाती है, लेकिन शौचालय की कोई व्यवस्था न होने से उन्हें भारी असुविधा झेलनी पड़ती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसे आयोजनों के दौरान बाहर से आने वाले मेहमानों को शौचालय न मिल पाना नगर की छवि को भी प्रभावित करता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पालिका परिषद उतरौला और संबंधित जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन आज तक किसी भी स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं की गई।

स्थानीय महिला संगठनों और युवा समुदाय का कहना है कि यह चौराहा महिलाओं और किशोरियों के लिए अत्यंत असुविधाजनक और असुरक्षित बन चुका है।

समृद्धि न्यूज़ — राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, सोमवार 02 फरवरी, 2026



# लोक कल्याण के प्रति आग्रही बनाती है संत रविदास की प्रेरणा : योगी



▶ सीएम ने संत रविदास की प्रतिमा व सभागार का किया लोकार्पण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास की 649वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बाराबिरवा, कानपुर रोड स्थित संत रविदास मठ में संत रविदास जी की प्रतिमा व सभागार का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि संत रविदास का प्रकटीकरण 649 वर्ष पहले काशी के सीर गोवर्धन में हुआ था। इतने वर्षों के बाद भी उनकी दिव्य आभा से आलोकित होकर यह समाज 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण की दिशा में बढ़ रहा है। संत रविदास का जब धराधाम पर प्रकटीकरण पर हुआ, तब देश विदेशी आक्रांताओं से त्रस्त था। उन्होंने उस समय भी साधना की पवित्रता और उसे कर्म की साधना के रूप में बदलने का कार्य किया था। उन्होंने प्रत्येक नागरिक को वैष्णव परंपरा के अनुरूप जिस उपासना के लिए प्रेरित किया, वह जीवन में कर्म की प्रधानता, मन की शुद्धता को महत्व देता है और लोककल्याण के प्रति आग्रही बनाता है।

सीएम योगी ने संत रविदास के वक्तव्य 'मन चंगा तो कठौती में चंगा' का जिक्र किया और कहा कि सब कुछ कर्म पर निर्भर करता है। अच्छा कर्म करेंगे तो अच्छा और बुरा कर्म करेंगे तो बुरा फल पाएंगे। संत रामानंद से दीक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने कर्म साधना के माध्यम से लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया।

### विभाजनकारी ताकतें बांटेंगी, लेकिन उन्हें सिर नहीं उठाने देना है : सीएम

सीएम योगी ने कहा कि सभी के मन में महापुरुषों, संतों के प्रति मन में श्रद्धा व आदर का भाव होना चाहिए। विभाजनकारी ताकतें बांटेंगी, लेकिन गुलामी कालखंड का स्मरण करते हुए उन्हें सिर उठाने का अवसर नहीं देना है। उन्होंने कहा कि संतों की दिव्य साधना से प्राप्त सिद्धि का प्रतिफल देश को मिलेगा। हम सभी को देश की एकता व संप्रभुता के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। प्रदेश में सनातन धर्म से जुड़े धर्मस्थलों-महर्षि वाल्मीकि का लालापुर, संत तुलसीदास का राजापुर, मां विंध्यवासिनी धाम, चित्रकूट, अयोध्या, शुकतीर्थ, नैमिषारण्य, मथुरा-वृंदावन, भगवान बुद्ध से जुड़े बौद्ध सर्किट समेत लगभग 1200-1500 स्थानों के पुनरोद्धार के कार्य किए गए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जी ने सबका प्रयास, सबका विकास की प्रेरणा दी। सबके प्रयास से सबका विश्वास अर्जित करते हुए आगे बढ़े मुख्यमंत्री ने माघ पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि मां गंगा सभी की मनोकामना पूर्ण करें। प्रयागराज में लाखों कल्पवासी एक महीने से साधनारत और भगवत भजन में लीन थे। वे साधना का एक माह पूरा कर मां गंगा, यमुना व सरस्वती के आशीर्वाद से आस्था की डुबकी लगाकर फिर घर को प्रस्थान करेंगे। यही संतों की प्रेरणा व भारत की सनातन परंपरा है। सर्दी, गर्मी व बारिश की परवाह किए बिना कठिन साधना से जूझते हुए तपा हुआ शरीर ही संकट के समय चुनौती का सामना करने के लिए खुद को तैयार कर पाएगा।

सीएम ने समाज में भेदभाव का आरोप लगाने वालों को आईना दिखाया। बोले-जगद्गुरु रामानंदाचार्य ने समाज को जोड़ने के लिए मध्य काल में अलग-अलग जातियों से 12 शिष्य बनाए। समाज को जोड़ने का जितना बड़ा कार्य उस कालखंड में संतों ने किया, वह अद्भुत था। वर्तमान भारत का निर्माण उसी नींव पर हुआ है। गुलामी के बंधन को तोड़ने में वही हमारी प्रेरणा रही है। सीएम योगी ने कहा कि संत रविदास ने प्रेरणा दी कि ऐसा राज होना चाहिए, जहां सभी को अन्न प्राप्त हो, कोई भूखा न सोए। हर व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिले। संत की वाणी कभी व्यर्थ नहीं होती। मुगलों, अंग्रेजों व आजादी के बाद की विभिन्न सरकारों ने संत रविदास की प्रेरणा को भुला दिया, लेकिन 2014 में सरकार बनने के बाद पीएम मोदी ने गरीबों के बैंक खाते खुलवाए, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ सीधे उनके खाते में मिले। गरीबों को शौचालय, पीएम आवास, रसोई गैस, फ्री बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए। हर जरूरतमंद को राशन व स्वास्थ्य सुविधा का लाभ प्रदान किया गया। 'सबका साथ-सबका विकास' के प्रेरणा की तह में सद्गुरु रविदास की ही प्रेरणा है।

सभागार के लोकार्पण पर सीएम योगी ने कहा कि सरकार महापुरुषों के प्रति श्रद्धा रखती है। सभागार बनने से सर्दी-गर्मी, बरसात में भी कार्यक्रम करने के लिए समिति को कष्ट नहीं उठाना पड़ेगा। भजन मंडली, भक्त, वक्ता सभी बैठकर एक साथ कार्यक्रम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सीर गोवर्धन में आज देश भर से लगभग दो लाख श्रद्धालु आए हैं। 2017 के पहले वहां जाने का रास्ता और लंगर हॉल नहीं था। पीएम मोदी की प्रेरणा से डबल इंजन सरकार ने उनकी जन्मभूमि को फोरलेन सड़क से जोड़ दिया। काफी बड़ी जमीन को कोर्ट से जीता गया, उसका पैसा गरीबों को उपलब्ध कराया और उस जमीन को संत रविदास के नाम पर खरीद कर जमीन उपलब्ध कराई गई। लंगर हॉल बनवाया, जिससे 50 हजार लोग लंगर छक सकते हैं। पांच किमी. दूर से भी संत रविदास जी की मूर्ति दिखाई देती है। वहां धाम का भव्य स्वरूप है। यह हमारे लिए केवल नारा नहीं था, बल्कि संत रविदास जी प्रेरणा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का माध्यम था, जिसे भाजपा की डबल इंजन सरकार ने काशी में करके दिखाया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य लाल जी प्रसाद निर्मल, विधायक अमरेश कुमार, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह, संत रविदास सेवा समिति के अध्यक्ष हरीशचंद, महामंत्री संतोष कुमार, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## संत रविदास के उपदेश आज भी समाज का मार्गदर्शन करते हैं : केशव प्रसाद मौर्य





**एजेंसी, लखनऊ।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सामाजिक एकता, समरसता और मानवतावाद के प्रणेता, महान संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर लखनऊ स्थित उनके सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

श्री मौर्य ने संत रविदास के वचनों को स्मरण करते हुए कहा, ऐसा चाहूँ राज मैं, जहां मिलै सबन को अन्न। छोट-बड़ो सब सम बसै, रविदास रहै प्रसन्न।

ये पंक्तियाँ सामाजिक समानता, न्याय और सर्वसमावेशी समाज की अवधारणा को सशक्त रूप से प्रस्तुत करती हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास ने भेदभाव रहित समाज का जो स्वप्न देखा, वह आज भी हमें सामाजिक सौहार्द, करुणा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके विचार समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मान, समान अवसर और आत्मगौरव का संदेश देते हैं। श्री मौर्य ने प्रदेशवासियों से संत रविदास के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान करते कहा कि उनकी शिक्षासा माजिक समरसता को सुदृढ़ करने और एक सशक्त, समतामूलक राष्ट्र के निर्माण में मार्गदर्शक हैं।

## खबरें एक नजर में

### बाल मजदूर बनते-बनते बचे चार बच्चे, पुलिस ने दिलाई मुक्ति, आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट यानि एएचटीयू और आरपीएफकी टीम ने मानव तस्करी व बाल श्रम के खिलाफकार्रवाई कर चार नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू करवाया। पुलिस को सूचना मिली कि नाबालिग बच्चों को काम दिलाने के बहाने एक्सप्रेस ट्रेन के जरिए राज्य के बाहर ले जाया जा रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस ने चारबाग रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन के कोच संख्या एस-06 की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक अभियुक्त पश्चिम बंगाल निवासी सैफुद्दीन को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चार नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया गया।रेस्क्यू किए गए बच्चों की उम्र लगभग 16 से 17 वर्ष के बीच बताई गई है। बच्चों को बाल कल्याण समिति सीडब्ल्यूसी के आदेशानुसार राजकीय बालगृह बालक मोहन रोड में सुरक्षित आश्रय दिया गया है। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि उन्हें गुजरात स्थित प्लाइवुड फैक्ट्री में काम दिलाने का लालच दिया गया था। उन्हें प्रतिदिन 700 से 800 रुपये मजदूरी का आश्वासन दिया था। बच्चों का यात्रा टिकट आरोपी द्वारा ही कराया गया था। आरोपी के खिलाफथाना एएचटीयू लखनऊ में बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### ईदगाह में नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का आयोज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मानवता की बुनियाद समाज सेवा के जज्बे से हमवार होती है। खुदा पाक के बन्दों की सेवा करना एक बहुत अच्छा कार्य है जो हर इन्सान को व्यक्तिगत एवं सामूहिक तौर पर समाज के लिए अंजाम देना चाहिए। यह कार्य न सिर्फ मानवता की तामीर व तरक्की का कारण बल्कि इस नेक कार्य से व्यक्ति के व्यक्तित्व में भी निखार पैदा होता है। इन ख्यालात का इज्हार इमाम ईदगाह लखनऊ व काजी शहर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया फरंगी महल ने किया। वह आज इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया, मैक्स हास्पिटल और काइंड हस्पिटल के सौजन्य से दारूल उलूम फरंगी महल ईदगाह लखनऊ में आयोजित मांसिक नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि जरूरत मन्दों और गरीबों की सहायता व सहयोग करना इस्लाम की शिक्षा व हिदायत पर अमल करना है। समाज सेवा जैसे नेक काम के नमूने हमको रसूले पाक सल्ल0 की सीरत और साहाबा रजि0 के हालात में बहुत मिलते हैं।मौलाना ने कहा कि इस्लामिक सेन्टर के अर्न्तगत इस नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का आरम्भ मौलाना अबू तैय्यब अहमद मियॉ फरंगी महली की सरपरस्ती में सन् 2000 में हुआ था। आज 195वॉ कैम्प था। यह हर महीने की पहली इतवार को लगता है। इस कैम्प से बिना किसी धार्मिक भेद भाव के हजारों लोग लाभ उठा चुके हैं। यहॉ नि:शुल्क चश्मे दिये जाते हैं। ब्लड प्रेशर, शूगर, थाईराइड, स्त्री रोग इत्यादि की जॉच और नि:शुल्क दवायें दी जाती हैं। मौलाना फरंगी महली के हाथों नि:शुल्क चश्मे और दवाइयॉ दी गयीं।इस कैम्प में काइन्ड हास्पिटल्ल के डायरेक्टर और प्रख्यात चिकित्सक डा0 शारिक हबीब, मैक्स हास्पिटल की पूरी टीम, बेग आई सेन्टर की पूरी टीम, उवैस अहमद, अम्बर ट्रस्ट के जुबैर अहमद किदवाई ने अपनी अपनी सेवाओं को अंजाम दिया। मेहमानों का स्वागत मौलाना गुफ्रान अहमद शमसी ने किया और शुक्रिया मौलाना हारून निजामी ने अदा किया।

### रेस्टोरेंट कर्मी ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में लिखा- मैं चोर नहीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मड़ियांव इलाके में एक रेस्टोरेंट कर्मी ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान अंशू कश्यप के रूप में हुई। उसका शव रेस्टोरेंट के हॉल में पंखे के सहारे लटकता मिला। मौके से सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में लिखा है- मैं चोर नहीं हूं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मडियांव थाना क्षेत्र स्थित साहू एजेंसी के बगल में गुड बेकर्स रेस्टोरेंट है। अंशू कश्यप उसमें काम करता था। आज सुबह उसने आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में अंशू ने लिखा- मैं अच्छा और ईमानदार कर्मचारी हूं। ध्500 के हिसाब में अपनी गलती छिपाने के लिए मैंने झूठ बोला। अब मालिक की नजरों में मैं बेईमान साबित हो चुका हूं। बेईमानी और चोरी का दाग लेकर मैं जिंदा नहीं रह सकता, इसलिए खुदकुशी कर रहा हूं। उसने आगे लिखा मेरी मां का ध्यान रखना। किसी के प्रति ज्यादा लॉयल मत बनना। पुलिस के मुताबिक, अंशू आज सुबह रेस्टोरेंट में काम कर रहा था। इसके बाद वह बिना किसी को बताए पहली मंजिल पर बने हॉल में चला गया। काफी देर तक बैठा रहा। जब उसने समझ लिया कि अब यहां कोई नहीं आ रहा है तो कुर्सी पर चढ़कर छत के पंखे से फंदा बांधकर लटक गया। पुलिस की जांच में आया है कि अंशू का 500 रुपए के हिसाब को लेकर स्टाफसे विवाद हुआ था। इसके बाद उसे फटकार लगाई गई थी। अंशू इस फटकार से आहत था। सुसाइड नोट से पता चल रहा है कि इसकी वजह से ही उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस परिजनों से संपर्क कर रही है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा का कहना है कि अभी तक किसी भी तरह की लिखित शिकायत नहीं आई है। सुसाइड नोट मिला है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है।

# भारतीय किसान यूनियन की पदयात्रा शुरू, 10 फरवरी को करेंगे महापंचायत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) की किसान क्रांति पदयात्रा रविवार सुबह करीब 11 बजे गोसाईगंज ब्लॉक से शुरू हुई। भानु गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने यात्रा को हरी झंडी दिखाई। प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा की अगुवाई में यह यात्रा अमेठी, गंगागंज, बहरौली, हरदोइया बाजार होते हुए नगराम पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम किया जाएगा। पहले दिन किसान लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करेंगे। यह पदयात्रा 10 फरवरी को पीजीआई इलाके की वृंदावन योजना मैदान में आयोजित विशाल किसान महापंचायत के बाद समाप्त होगी।

यात्रा का उद्देश्य किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ना है। सुबह से ही गोसाईगंज ब्लॉक क्षेत्र में हजारों किसानों का जमावड़ा शुरू हो गया था। हाथों में झंडे, बैनर और तख्तियां लिए किसानों ने जय जवान-जय किसान और किसान एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। यात्रा के मार्ग में ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों और किसान समर्थकों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। पदयात्रा में प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा, मंडल महासचिव जगदीश द्विवेदी, मंडल मीडिया प्रभारी मुकेश द्विवेदी, लखनऊ जिलाध्यक्ष अनुरेन्द्र कुमार अन्नू, प्रदेश प्रवक्ता अनिल वर्मा, मंडल अध्यक्ष मोनिष खान, पंकज बाजपेई समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और हजारों किसान शामिल रहे। प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने कहा कि यह यात्रा किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने किसान आयोग के तत्काल गठन, किसानों के समस्त कर्ज माफ करने और उन्हें पूरी तरह मुफ्त बिजली देने की मांग की। मिश्रा ने वर्षों से गांवों में रह रहे गरीब और बेसहारा परिवारों को उजाड़ने की कार्रवाई बंद करने की भी मांग की। उन्होंने शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण पर रोक लगाने, निजी स्कूलों द्वारा धन उगाही बंद करने और सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया।

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ऋषि मिश्रा ने निजी अस्पतालों की मनमानी पर प्रभावी नियंत्रण और आम मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का वास्तविक लाभ सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार समाप्त करने और गरीब किसानों के प्रति पुलिस व प्रशासन के व्यवहार में सुधार की भी मांग की। भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) की किसान क्रांति पदयात्रा एक फरवरी से शुरू हुई, जिसका समापन दस फरवरी को पीजीआई इलाके की वृंदावन योजना मैदान में आयोजित विशाल किसान महापंचायत के साथ किया जाएगा। पदयात्रा गोसाईगंज, नगराम, निगोहां, मोहनलालगंज, पीजीआई, बिजनौर, सरोजनी नगर, बंथरा, काकोरी, मलिहाबाद, माल, बीकेटी और सदर तहसील होते हुए शहीद पथ के मार्ग से वृंदावन मैदान पहुंचेगी, जहां किसान महापंचायत आयोजित होगी।

### आज बारिश की संभावना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में फरवरी की शुरुआत घने कोहरे से हुई। सुबह से बादल भी छाए रहे। जमकर ओस टपकी। विजिबिलिटी 100 मीटर तक ही रही। ठंडी हवा भी 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती रही जिससे शीतलहर खूब महसूस हुई। धूप दिखी, हालांकि असर कम रहा। कल से बारिश संभव है। आज अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। दिन में कोल्ड डे जैसी स्थिति बनी रहेगी। पिछले 24 घंटे में तापमान सामान्य से 5.3 डिग्री कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में फिर से बारिश होने वाली है।

## अखिलेश ने फॉर्म-7 दिखाकर लगाये एसआईआर में घोटाले के आरोप

▶ फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर साजिश के तहत लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा रहे हैं



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानि एसआईआर प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर एक साजिश के तहत लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा रहे हैं। अखिलेश के मुताबिक गांवों में फर्जी आपत्तियां दाखिल कराई जा रही हैं और जाली हस्ताक्षरों के जरिए खासतौर पर पीडीए समाज पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है।

कई जगहों पर मतदाताओं को बिना सूचना दिए उनके नाम पर आपत्ति लगा दी जाती है और उन्हें पता तब चलता है जब सूची से नाम गायब हो जाता है। अखिलेश ने मामले को महाघोटाला बताते हुए न्यायालय, निर्वाचन आयोग और मीडिया से हस्तक्षेप की अपील की है। उन्होंने मांग की कि एसआईआर के तहत दाखिल की जा रही आपत्तियों की निष्पक्ष जांच हो, फर्जी आवेदन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए और किसी मतदाता का नाम बिना ठोस प्रमाण व उचित सुनवाई के न हटाया जाए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची की पारदर्शिता और निष्पक्षता जरूरी है।बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करते हैं। फॉर्म-7 का उपयोग किसी मतदाता का नाम सूची से हटाने के लिए आपत्ति, दावा दर्ज कराने में होता है। अखिलेश यादव का आरोप है कि फॉर्म-7 के जरिए जानबूझकर बड़ी संख्या में नाम कटवाए जा रहे हैं। राज्य में एसआईआर प्रक्रिया के तहत 2.89 करोड़ लोगों के नाम काटे गए हैं। जिनके नाम कटे हैं उनसे सबसे ज्यादा लोग लखनऊ, गाजियाबाद से हैं। अकेले लखनऊ में ही 30 फीसदी नाम हटाए गए हैं। ड्राफ्ट सूची पर दावे और आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तारीख 6 फरवरी है। फाइनल वोटर लिस्ट 6 मार्च को जारी होगी। एसआईआर प्रक्रिया चुनाव से पहले मतदाता सूची को अपडेट करने, फर्जी,डुप्लीकेट नाम हटाने और मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के रिकॉर्ड दुरुस्त करने के लिए कराई जाती है।

# संत रविदास ने आजीवन संघर्ष किया : मायावती

▶ मायावती ने संत रविदास की जयंती पर किया नमन
▶ मन को शुद्ध और पाक-साफ रखकर ही इंसान सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है तथा समाज और देश का भी भला कर सकता



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने संत रविदास की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए रविवार को कहा कि संत रविदास ने जाति भेद और द्वेष के खिलाफ आजीवन कड़ा संघर्ष किया।

बसपा प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, देश में सामाजिक परिवर्तन के महान संतों में जाने-माने संतगुरु श्री रविदास जी को आज उनकी जयंती पर शत-शत् नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित करती हूं तथा देश व दुनिया में रहने वाले उनके करोड़ों अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं।

उन्होंने कहा, संतगुरु श्री रविदास जी का संदेश मन चंगा तो कठौती में गंगा अर्थात् मन को शुद्ध और पाक-साफ रखकर ही इंसान सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है तथा समाज और देश का भी भला कर सकता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन इंसानियत का संदेश देने में व्यतीत किया।

मायावती ने कहा कि इसी क्रम में वह विशेष रूप से जाति भेद और द्वेष के खिलाफआजीवन कड़ा संघर्ष करते हुए अमर हो गए। उन्होंने कहा, उनका संदेश धर्म की पवित्रता को समाज सेवा और जनचेतना के माध्यम से इंसान और इंसानियत की भलाई से जोड़ता है।

बसपा प्रमुक ने कहा, उनका संदेश किसी स्वार्थ, विशेषकर संकीर्ण राजनीतिक और चुनावी स्वार्थ की पूर्ति के लिए नहीं है, जिसे भुला दिए जाने के कारण अमन-चैन, आपसी सौहार्द, भाईचारे और सुख-समृद्धि का वातावरण काफी हद तक प्रभावित हुआ है। मायावती ने कहा, संतगुरु श्री रविदास जी के उपदेशों पर अमल कर करोड़ों गरीबों, शोषितों और पीड़ितों का काफी कुछ भला हो सकता है, जिस पर समुचित ध्यान देने की जरूरत है।

## केजीएमयू ने अकादमिक प्रतिष्ठा को किया सुदृढ़



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि का साक्षी बनते हुए केजीएमयू में आयोजित एसीसीएलएमपीकॉन 2026 के 12वें राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अकादमिक प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ किया।

इस सम्मेलन में देशभर से प्रतिष्ठित चिकित्सा विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिससे वैज्ञानिक विचार-विमर्श और सहयोग का उत्कृष्ट वातावरण बना। सम्मेलन का आयोजन डॉ. कल्पना सिंह, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, बायोकेमिस्ट्री , केजीएमयू, लखनऊ के सक्षम मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ। उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और सूक्ष्म योजना ने कार्यक्रम के सुचारु संचालन को सुनिश्चित किया। यह सम्मेलन एसोसिएशन के अध्यक्ष सुश्रुत सेन के दूरदर्शी नेतृत्व को भी प्रतिबिंबित करता है, जिनका लंबे समय से स्वप्न रहा है कि एसीसीएलएमपीकॉन को नई शैक्षणिक ऊँचाइयों तक पहुँचाया जाए। उनके मार्गदर्शन के साथ-साथ डॉ. डी शर्मा एवं डॉ. मौसमी सारिका, महासचिव, एसीसीएलएमपीकॉन के समर्पित सहयोग ने सम्मेलन की वैज्ञानिक रूपरेखा को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैज्ञानिक कार्यक्रम में प्लेनरी व्याख्यान, पैनल चर्चाएं, मौखिक एवं पोस्टर प्रस्तुतियां सम्मिलित थीं, जिनमें क्लिनिकल केमिस्ट्री, प्रयोगशाला चिकित्सा, आणविक निदान तथा प्रयोगशाला गुणवत्ता आश्वासन के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति पर चर्चा की गई।

### थार से युवक का अपहरण, पिस्टल तानकर छह हजार व मोबाइल लूटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में एक युवक को थार सवार लोगों ने अपहरण कर लिया। उसे लिफ्ट देने के बहाने गाड़ी में बैठा लिया। उसके बाद अंदर ही उसके हाथ-पैर बांधकर जमकर पीटा। उसकी जेब से 60 हजार रुपए और फोन लूट लिया। इसके बाद आलू के एक खेत में उसे बंधा हुआ फेंककर भाग गए। घटना सैरपुर इलाके की है।

युवक खेत में बैठा रोते हुए लोगों को बुला रहा था। लोगों ने जैसे ही देखा तो तुरंत उसके पास पहुंचे। उसके हाथ-पैर खोले। इसके बाद सारी बात पूछी। युवक ने बताया कि वह कानपुर के घाटमपुर का रहने वाला है। यहां एलपीजी गैस की गाड़ी चलाता है। पीड़ित हृदय नारायण कानपुर के घाटमपुर निवासी हैं और गैस का ट्रक चलाते हैं। शनिवार रात वह आमौसी स्थित एलपीजी प्लांट से ट्रक लेकर कानपुर वापस जा रहे थे। रात करीब 9 बजे अमौसी में हाइडिल के पास वह गाड़ी का इंतजार कर रहे थे, तभी एक थार उनके पास आकर रुकी। थार में बैठे चार युवकों ने हृदय नारायण से कानपुर जाने के बारे में पूछा। लिफ्ट देने के बहाने उसे गाड़ी में बैठा लिया, लेकिन कुछ दूर चलने के बाद गाड़ी को रिंग रोड की तरफमोड़ दिया। इसके बाद एक युवक ने पिस्तौल निकालकर उन पर तान दी और मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों ने हृदय नारायण की आंखों पर पट्टी बांधी और हाथ-पैर बांध दिए। पूरे रास्ते वे उसे पीटते रहे और उसकी जेब में रखे 60 हजार रुपए छीन लिए। बाद में उसे सैरपुर इलाके में सड़क किनारे एक आलू के खेत में फेंककर फरार हो गए। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

**सराहनीय** — अब 'शी-मार्ट' के जरिए उद्यमी बनेंगी ग्रामीण महिलाएं

# केंद्रीय बजट से यूपी की महिलाओं को नई मजबूती

▶ 'शी-मार्ट' के जरिए ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को सीधा बाजार मिलेगा और वे दूसरों को रोजगार देने वाली उद्यमी बन सकेंगी





**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय बजट 2026-27 ने उत्तर प्रदेश की ग्रामीण महिलाओं में नई उम्मीदें जगाई हैं। बजट में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर शी-मार्ट्स स्थापित करने के प्रस्ताव को यूपी में महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इसके जरिए अब ग्रामीण महिलाएं केवल ऋण-आधारित आजीविका तक सीमित नहीं रहेंगी बल्कि अपने उद्यमों की मालकिन बनकर आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखेंगी।

यह बजट उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस विजन को मजबूती देता है, जिसके तहत प्रदेश में तीन करोड़ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की बड़ी मुहिम चल रही है।

'शी-मार्ट' सामुदायिक स्वामित्व वाले रिटेल आउटलेट होंगे, जिन्हें क्लस्टर-स्तरीय फेडरेशन के अंतर्गत विकसित किया जाएगा। 'लखपति दीदी' की सफलता को आगे बढ़ाते हुए बजट में महिलाओं को ऋण-आधारित आजीविका से आगे ले जाकर उद्यमों का मालिक बनाने का स्पष्ट रोडमैप पेश किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस विजन को मजबूती मिलेगी, जिसके तहत आगामी वर्षों में प्रदेश में तीन करोड़ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की सबसे बड़ी मुहिम चल रही है। योगी सरकार ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसी के तहत एक वर्ष में एक करोड़ 'लखपति दीदी' तैयार करने की व्यापक कार्ययोजना पर तेजी से काम हो रहा है। प्रदेश में कृषि और गैर-कृषि आजीविका की संभावनाओं के अनुसार महिलाओं को समूहों से जोड़ा जा रहा है।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत घर-घर संपर्क कर प्रशिक्षण, तत्काल पूंजी सहायता और मार्केट सपोर्ट उपलब्ध कराया जा रहा है। 'शी-मार्ट' के जरिए ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को सीधा बाजार मिलेगा और वे दूसरों को रोजगार देने वाली उद्यमी बन सकेंगी।

## लखनऊ के ऊपर आधे घंटे तक चक्कर लगाकर लौटा विमान

▶ 200 यात्रियों को दम्माम से लेकर आया था, दिल्ली में हो पाई लैंडिंग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

कोहरे और खराब मौसम के कारण रविवार तड़के लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय विमानों का संचालन प्रभावित हुआ। दम्माम से लखनऊ आ रही फ्लाइनेस के विमान को दिल्ली डायवर्ट करना पड़ा। इसमें 200 यात्री सवार थे।

करीब आधे घंटे तक लखनऊ के ऊपर चक्कर लगाए लेकिन लैंडिंग नहीं हो पाई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, कम दृश्यता के कारण एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने लैंडिंग की अनुमति नहीं दी। बाद में उसे एटीसी के निर्देश पर उसे दिल्ली एयरपोर्ट भेज दिया गया। यह विमान फ्लाइनेस का एक्सवाई-896 था। इसके यात्रियों को लखनऊ के बजाय दिल्ली जाना पड़ा। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि मौसम में सुधार होने के बाद यह विमान दिल्ली से सुबह 9.00 बजे लखनऊ वापस पहुंचा। खराब मौसम का असर अन्य उड़ानों पर भी पड़ा। दिल्ली से सुबह 6.15 बजे लखनऊ पहुंचने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-2171 लगभग दो घंटे की देरी से पहुंची। इसी तरह, लखनऊ से दम्माम जाने वाली फ्लाइनेस की उड़ान एक्सवाई-897 अपने निर्धारित समय सुबह 6.15 बजे के बजाय सुबह 10 बजे रवाना हुई। इसके अतिरिक्त, लखनऊ से सुबह 7.25 बजे रियाद के लिए निर्धारित एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-189 भी विलंबित हुई और सुबह 9.40 बजे उड़ान भर सकी। लगातार खराब मौसम के कारण विमान सेवाओं पर असर पड़ रहा है, जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है।

## खबरें एक नजर में

### करंट की चपेट में आने से बंदर की मौत, लोगों ने छटपटाते नंदी को बचाया

तिलहर - शाहजहांपुर। बिजली ट्रांसफार्मर रखे पोल से करंट उतर आने से उसकी चपेट में आ जाने से एक बंदर की मौत हो गई। वहीं करंट लगने से छटपटाते एक नंदी को लोगों ने किसी तरह बचा लिया। बाद में बिजली विभाग के कर्मियों ने करंट की समस्या को दूर किया। शनिवार को नगर की पुरानी गल्ला मंडी पोटर गंज में रामलीला मंच के समीप लगे ट्रांसफार्मर रखे पोल से अचानक करंट नीचे जमीन में उतर आया। करंट इतना जबरदस्त था कि इसकी चपेट में आने से एक बंदर नाली के पानी में गिरकर छटपटाकर मर गया। इस दौरान उधर पहुंचा एक नंदी भी करंट की चपेट में आ गया। लोगों ने छटपटाते नंदी को किसी तरह बचा लिया। पोल से करंट उतरने की सूचना नीलेश गुप्ता ने बिजली विभाग को दी इसके बाद यहां पहुंचे कर्मियों ने फाल्ट दुरुस्त कर करंट की समस्या को दूर किया। उधर निलेश गुप्ता , मोनू अग्रवाल आदि ने मृत बंदर का पूरे धार्मिक सम्मान से अंतिम संस्कार कराया।

### कार और थ्री व्हीलर में टक्कर, एक की मौत, चार घायल

सिंधौली, शाहजहांपुर। थ्री व्हीलर और कार की आमने सामने हुई टक्कर में एक की मृत्यु हो गयी। जबकि चार अन्य घायल हो गए। कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। रविवार की सुबह शहर से एक थ्री व्हीलर सवारियां लेकर पुवायां की तरफ जा रहा था। कोरोकुइयां के समीप हाईवे पर सामने से आ रही अनियंत्रित कार ने थ्री व्हीलर को टक्कर मार दी। जिससे उसमे सवार मिथुन निवासी बरौना थाना पुवायां, वीरपाल निवासी भटियुरा थाना पुवायां, रंजीत निवासी मोहल्ला तकिया पुवायां, सत्यम निवासी नगरिया बुजुर्ग थाना सिंधौली,अंकित निवासी चक ऊदन थाना पुवायां घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस में सवार कर सीएचसी पुवायां भिजवाया। जहाँ पहुंचने से पहले मिथुन की मृत्यु हो गयी। बाकी घायलों की हालत चिंताजनक बताई जाती है। कार चालक घटना के बाद कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस कार को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आयी। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि घटना में घायल हुए लोगों को पुवायां भिजवाया था। घटना में पुवायां क्षेत्र के निवासी मिथुन की मृत्यु हो गयी तथा चार अन्य गंभीर घायल हो गए।

### कल्पवास हुए पूर्ण, घर वापसी शुरू



मिर्जापुर। रविवार को मेला रामनगरिया के मुख्य स्नान पर्व माघ पूर्णिमा के स्नान के साथ ही हजारो कल्पवासियों का कल्पवास हुआ पूर्ण घर वापसी का सिलसिला शुरू। मेला रामनगरिया ढाई घाट में एक माह का कल्पवास कर हजारों साधु सन्यासियों व ग्रहस्त श्रद्धालुओं के द्वारा ब्रह्म मुहूर्त में स्नान आदि से निवृत होकर दान पुण्य अर्जित किया जा रहा था। शास्त्रों के अनुसार माघ मास में गंगा तट पर एक माह का कल्पवास करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। कड़ाके की सर्दी के बीच ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर पूजा पाठ करना तपस्या के बराबर है। ढाई घाट गंगा की रेती पर पूरे एक माह हजारों साधु संतों के साथ ग्रहस्त श्रद्धालुओं ने कल्पवास किया जिनका माघ पूर्णिमा स्नान के साथ ही कल्पवास पूर्ण हो गया और घर वापसी का सिलसिला शुरू।

### बजट देश के विकासोन्मुखी दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से दर्शाता है: महापौर



शाहजहांपुर। केंद्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत यूनियन बजट 2026 के लाइव प्रसारण को अवलोकन करने के उपरांत महापौर अर्चना वर्मा ने बजट के प्रमुख प्रावधानों पर अपने विचार व्यक्त किए। महापौर ने कहा कि यूनियन बजट 2026 देश की आर्थिक मजबूती, वित्तीय अनुशासन और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। बजट में वित्तीय घाटे को नियंत्रित रखते हुए बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया गया है, जो देश को दीर्घकालिक विकास की दिशा में आगे ले जाने वाला कदम है। बजट में पूंजीगत व्यय में वृद्धि से सड़क, परिवहन, आवास, शहरी आधारभूत सुविधाओं एवं सार्वजनिक ढांचे का विस्तार होगा। इसका प्रत्यक्ष लाभ नगरों और नगर निगम क्षेत्रों को मिलेगा, जिससे नागरिक सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। महापौर ने शिक्षा और स्वास्थ्य को बजट की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट, नवाचार और स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देने वाले प्रावधान आने वाले समय में रोजगार सृजन को गति देंगे। उन्होंने बजट में महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार और उद्यमिता से जुड़े प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाना सामाजिक और आर्थिक प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। बजट में महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की स्पष्ट प्रतिबद्धता दिखाई देती है। महापौर महोदया ने यह भी कहा कि बजट में आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल अर्थव्यवस्था, तकनीकी नवाचार और औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने वाले प्रावधान भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति प्रदान करेंगे।महापौर ने कहा कि केंद्र सरकार की दूरदर्शी नीतियों एवं यूनियन बजट 2026 में किए गए प्रावधानों के अनुरूप नगर निगम शाहजहाँपुर शहर के समग्र, सतत और नागरिक–केन्द्रित विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हो सके।

### ऊंच- नीच के भेदभाव को मिटाने के लिए संत रविदास ने किए भागीरथ प्रयास: सुबोध कनौजिया



पुवायां, शाहजहांपुर। रविवार को गीता सिटी स्थित शिक्षक वीरपाल के आवास पर संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाई गई। एडवोकेट सुबोध कनौजिया के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में संत रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। सुबोध कनौजिया एडवोकेट ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी का सम्पूर्ण जीवन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता से परिपूर्ण रहा। संत रविदास जी के विचार–समानता, प्रेम, सद्भाव और मानवता–आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य किया। ब्रजेश कुमार ने कहा कि समरसता के लिए उन्होंने ऊंच नीच के भेद–भाव को मिटाने का बड़ा काम किया है। प्रवक्ता अवनीश कुमार ने कहा कि बाहरी आडंबर को धता बताते हुए उन्होंने, मन चंगा तो कठौती में गंगा जैसी लोकोक्ति को साकार करके दिखाया। सेवानिवृत्ति प्रशासनिक अधिकारी बाबूराम ने कहा कि,संत रविदास के व्यक्तित्व से प्रेरित होकर राजस्थान के राजघराने की बहू मीराबाई ने उन्हें अपना गुरु बनाया। सभी का आभार संयोजक सुबोध कनौजिया एडवोकेट ने व्यक्त किया। इस अवसर पर बाबूराम, सुनील कुमार एलआईसी, अवनीश कुमार प्रवक्ता आदर्श इंटर कॉलेज, सुनील कुमार एआरपी, दीपक कनौजिया, सचिन पटेल ,वेदराम राठौर, दीपक कुमार राजेन्द्र, एडवोकेट आदेश कुशवाहा, एडवोकेट अजीत कुमार, राहुल भारती, सुबोध भारती, शिक्षक महिपाल, पंकज दिवाकर, सुबोध कनौजिया एडवोकेट, नैतिक , नमन सहित तमाम श्रद्धालु और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# माघी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान, हुए धार्मिक अनुष्ठान

## जाम के झाम से श्रद्धालु हुए परेशान, कई किलोमीटर चले पैदल

मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



मेला रामनगरिया के मुख्य स्नान पर्व माघ पूर्णिमा के अवसर पर ढाई घाट के गंगा तट पर भारी तादात में श्रद्धालुओं ने पतित पावनी भागीरथी में हर हर गंगे के जयघोष के साथ डुबकी लगाई तथा गंगा तट पर हवन,पूजन,यज्ञ व गरीबो को दान दक्षिणा देकर पुण्य अर्जित करने के साथ ही मनोतिया मांगी। संत महात्माओं के खटलो में हुए धार्मिक अनुष्ठान।मेले में भीड़ के चलते अपनो से बिछड़ दर्जनों बच्चे व बुजुर्ग।वही मेले से चौरा गांव तक लगा भयंकर जाम,श्रद्धालुओं को हुई भारी परेशानी। रविवार को गंगा की कटरी के ढाई घाट के गंगा तट पर एक माह से चल रहे मेला रामनगरिया के मुख्य स्नान पर्व माघ पूर्णिमा के अवसर पर अनुमान से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गयी बीती रात से ही श्रद्धालु जीप, ट्रैक्टर-ट्रॉली, बुग्गी, साइकिल, बाइक व पैदल ही गंगा के तट ढाई घाट के लिये चल पडे थे। माघ पूर्णिमा के पर्व पर सूर्य की किरण फूटने से पहले ही हर हर गंगे के जयघोष के साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा स्नान दान का कार्य शुरू हो गया था जो देर शाम तक चलता रहा। गंगा तट पर मौजूद पंडा और पुजारियों के मुताबिक भारी संख्या में गंगा भक्तो ने पतित पावनी भागीरथी मे डुबकी लगाने के बाद गंगा तट पर हवन पूजन करने के साथ ही गंगा मैया का वस्त्र श्रंगार व कन्या भोज कराने के साथ ही गंगा घाटों पर सत्यनारायण भगवान की कथा करवा कर श्रद्धालुओं ने दान दक्षिणा देकर पुण्य अर्जित किया। वहीं मेले मे संत महात्माओं के खटलो में धार्मिक अनुष्ठानो का आयोजन किया गया साथ ही मेला क्षेत्र में धर्म के ज्ञाता कथावाचकों द्वारा श्रोताओं को भगवान की कथाओं का श्रवण कराया गया।इस दौरान वक्ताओं ने श्रद्धालुओं से श्रीराम के आदर्शो को अपने जीवन में उतारने का का संकल्प लिया।मेले मे जहां बच्चों ने चाट पकौडी, जलेबी आदि खाद्य पदार्थो का आनंद लिया तो महिलाओं ने जमकर घरेलू सामान की खरीददारी की। गंगा तट पर स्नान दान का कार्य क्रम देर शाम तक चलता रहा।गंगा के सभी घाटो पर श्रद्धालुओं की भारी भीड रही।वहीं पुलिस मेला ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी मुस्तैद दिखाई दिए साथ पुलिसकर्मी गंगा घाटों पर भ्रमण कर श्रद्धालुओं को गहरे पानी में ना जाने की नसीहत देते दिखाई दिए।वही माघ पूर्णिमा के शुभ मुहूर्त के अवसर पर भक्तजनो अपने अपने घरों में भी भगवान सत्यनारायण की व्रत कथा का अनुष्ठान किया।साथ ही मेले में भयंकर भीड़ के चलते एक बजे तक चौरासी की संख्या में बुजुर्ग और बच्चे अपनो से अलग होकर बिछड़ गए जिन्हें खोया पाया केंद्र के द्वारा मिलाया गया अपने वही चौरा गांव से मेला तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते भयंकर जाम लग जाने से वाहनों के पहिए थम गए लोग घंटों जाम से जूझते दिखाई दिए हालांकि पुलिस क्षेत्राधिकार जलालाबाद पुलिस फोर्स के साथ व्यवस्था को चाक चौबंद करने में लगे दिखाई दिए लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते पुलिस फोर्स विवश नजर आया और श्रद्धालु मुख्य मार्ग को छोड़ कर खेतों के रास्ते कई किलोमीटर पैदल चल कर गंगा तट पर पहुंचे।

### माघ पूर्णिमा पर किया गया भंडारा



सिंधौली, शाहजहांपुर। सिंधौली क्षेत्र के ग्राम मुड़िया पमार में माघ पूर्णिमा के अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन हर साल की तरह इस बार भी हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल उपस्थित रहे। भंडारे से पहले हवन पूजन भी किया गया। इस भंडारे में क्षेत्र और गांव के हजारों लोगों ने पूड़ी, सब्जी और हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं सहित सभी वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसकी सराहना की। आयोजन में कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें भाजपा के एलडीबी बैंक अध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश दीक्षित, भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सक्सेना, भटपुरा रसूलपुर के प्रधान अनिल गुप्ता, वयोवृद्ध भाजपा नेता शरत चंद्र गुप्ता, एस.एस. कॉलेज के प्रोफेसर अमित यादव, गिरीश चंद्र गुप्ता, तेजेश गुप्ता, अवनीश सिंह, मनीष गुप्ता, गुप्ता मेडिकल स्टोर के स्वामी राजेश गुप्ता और गौरव गुप्ता प्रमुख थे।

### माघ पूर्णिमा पर खुदागंज में महादेवन मंदिर में हुआ भंडारे का आयोजन

खुदागंज, शाहजहांपुर। माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर खुदागंज नगर में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव का अनुपम संगम देखने को मिला। नगर के प्रसिद्ध महादेवन मंदिर परिसर में शिव भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भंडारे का शुभारंभ विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा–अर्चना के साथ किया गया। सनातन परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम कन्याओं को भोजन कराकर भंडारे की शुरुआत की गई। इसके पश्चात जैसे ही भंडारा प्रारंभ हुआ, मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कड़ाके की ठंड के बावजूद शिव भक्तों के उत्साह और आस्था में कोई कमी देखने को नहीं मिली। श्रद्धालुओं ने अनुशासनपूर्वक कतारों में खड़े होकर प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों में भगवान शिव के प्रति गहरी श्रद्धा, सेवा और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस अवसर पर सभी ने क्षेत्र की सुख–समृद्धि, शांति एवं निरंतर प्रगति की कामना की। भंडारे के सफल आयोजन में सहजादे, नोखे लाल, जयवीर, धर्मेन्द्र कश्यप, हरिओम सहित अनेक शिव भक्तों की सक्रिय सहभागिता रही। स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने सेवा कार्यों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे आयोजन पूरी तरह सफल एवं सराहनीय रहा। पूरे आयोजन के दौरान महादेवन मंदिर परिसर हर–हर महादेव के गगनभेदी जयकारों से गूंजता रहा। भक्तिमय वातावरण ने पूरे नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया और माघ पूर्णिमा का यह पर्व श्रद्धा व सेवा का यादगार उदाहरण बन गया।

# सरकार में सर्वाधिक अत्याचार दलित वर्ग और महिलाओं पर हो रहा: अर्चना




शाहजहांपुर। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना कटारिया ने पार्टी कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एक पत्रकार वार्ता में कहा कि मनरेगा ग्रामीण मजदूरों की आजीविका थी,जिसको मोदी सरकार ने तमाम बदलाव कर ग्रामीणों के चूल्हे पर सीधा प्रहार किया है। गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए ,विदेशी यात्रा सस्ती कर उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने का कार्य किया है। सरकार में सर्वाधिक अत्याचार दलित वर्ग पर और महिलाओं पर हो रहा है।

बलात्कारियों से हमदर्दी और पीड़ितों से नफरत इस सरकार की नीति में शामिल है। अर्चना ने आगे कहा कि देश प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार हिंदू मुस्लिम की खाई खोदकर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के संविधान को खत्म करने का कुचक्र रचती रही है लेकिन उनको याद रखना होगा ये देश अम्बेडकर गांधी का देश है कांग्रेस पार्टी कभी भी उनको इस साजिश में सफल नहीं होने देगी। भाजपा चाहती है दलितों को जड़ से खत्म कर दे ये उनकी बड़ी भूल है। इस मौके पर प्रमुख रूप से महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीमा गौतम,रीना देवी, नीरज पाल, तबस्सुम, तरन्नुम, सुनंदा देवी, राधा, अनीता मौजूद रही।

## कोर्ट के आदेश के बाद भी हो रहा कब्जा: पीड़िता

जलालाबाद, शाहजहांपुर। पीड़िता सरोजनी देवी पत्नी स्व. साधुराम ऊर्फ शिवकुमार शर्मा निवासी मोहल्ला जमदग्नि नगर थाना जलालाबाद की निवासिनी है पीड़िता ने मीडिया को बताया पीड़िता की कृषि भूमि सराय साधौ रोड के किनारे स्थित है जिसकी गाटा संख्या 410 और रकवा 0.283 हेक्टेयर है जिसका बाद संख्या 142/2025 सरोजनी देवी बनाम राजकुमार शर्मा आदि सिविल जज जूनियर डिविजन और उपजिलाधिकारी न्यायालय में लंबित हैं जबकि उपजिलाधिकारी द्वारा यथा स्थिति बनाए रखने और कोई भी निर्माण कार्य न करने का आदेश जारी किया गया था कल दिनांक 31 जनवरी को रात्रि करीब 9 बजे विवादित जमीन पर अवैध रूप से कृषि भूमि पर सटरिंग दीवार बनाकर कब्जा कर रहे हैं जिसकी सूचना 112 डायल पर दी गई थी जिसपर कार्य नहीं रुकवाया गया पीड़िता को कब्जा करने वाले राजकुमार शर्मा पुत्र मुन्ना लाल निवासी मोहल्ला जमदग्नि नगर सतीश शर्मा राजेश शर्मा पुत्रगण स्व॰ रामौतार शर्मा अंजलि शर्मा पत्नी सतीश शर्मा निवासी गण दयाल नगर जलालाबाद से जानमाल का खतरा है पीड़िता के साथ कभी भी कोई घटना घटित होती हैं तो उसके जिम्मेदार उक्त लोग होंगे ऐसा पीडिता ने मीडिया को बताया इससे पूर्व भी उक्त दबंग पीड़िता के पुत्र एवं पुत्री के साथ मार पीट कर चुके हैं जिसकी रिपोर्ट थाना जलालाबाद में दर्ज कराई गई थी।

## फसल की रखवाली करने गए किसान पर सांड ने किया हमला, मौत



जलालाबाद, शाहजहांपुर। थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव हाथिनापुर में फसलों की रखवाली करने गए किसान करन सिंग्ज पर सांड ने हमला कर दिया जिससे किसान की मौत हो गई मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया की करण सिंह पुत्र राजेश सिंह रविवार को सुबह आवारा पशुओं से अपनी फसल की रखवाली के लिए खेत जा रहे थे खेत के में गायों का झुंड उनकी गेहूं की फसल चर रहा था तभी उन्होंने उनको वहां से हटाने का प्रयास किया इसी दौरान एक सांड ने उन पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए आनंन फान्न में ग्रामीणों ने अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया इसके बाद ग्रामीण सब को लेकर गांव आ गए। अचानक हुई मौत से पत्नी विभा का रो रो कर बुरा हाल है जबकि गांव में मातम का माहौल छाया हुआ है करण सिंह की दो पुत्रिया है. आवारा सांडो के आतंक से ग्रामीण परेशान है प्रशासन से कई बार मांग करने के बाद भी आवारा जानवरों की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। वहीं सूचना पर थाना जलालाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सपा नेताओं ने मनाई संत रविदास की जयंती

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर संत रविदास व सन्त नरहरी दास (सोनार) की जयन्ती सपा के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्या अर्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया। इस मौके पर एक संगोष्ठी का आयोजनकर सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में संत रविदास व सन्त नरहरी दास (सोनार)के विचारों पर चर्चा की गई। इस मौके पर मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, सपा नेता डॉक्टर दोद राम वर्मा, सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव सरताज खान, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, समाजवादी छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष सुबहान खान, सपा अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष मुकेश यादव एडवोकेट, गुफरान खान, अजीम खान, योगेश यादव, अनूप कुमार वर्मा, मोहम्मद अली, हैदर अली, विजय कुमार यादव, नेहाल खान बब्बू कश्यप, विपिन यादव, सौमित्र यादव, रामनिवास यादव आदि मौजूद रहे।

## विधवा से अश्लील हरकते करने व जबरन शादी का दबाव बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

तिलहर-शाहजहांपुर। विधवा से फोन पर स्वयं को एक विभाग का इंस्पेक्टर बताते अश्लील मैसेज करने तथा जबरन शादी करने का दबाव बनाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की विधवा अपने बच्चों की पढ़ाई की बाबत नगर में एक किराए के मकान में रहती है । महिला ने गांव गुरगवां निवासी अजय कुमार द्वारा स्वयं को वन विभाग का इंस्पेक्टर बताते हुए उसे अलग अलग नंबरों से अश्लील मैसेज कर परेशान करने , जबरन शादी करने का दबाव बनाते हुए उसे राह चलते खींचकर ले जाने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। उक्त मामले में पुलिस ने शनिवार देर रात रिपोर्ट दर्ज कर ली । वहीं रविवार को आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

# दलितों के नेता दौलतराम एडवोकेट की मनाई गई पुण्यतिथि

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



दलितों के नेता वरिष्ठ समाज सेवी प्रखर वक्ता अधिवक्ता बाबूजी दौलत राम एडवोकेट की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर प्राचीन भगवान वाल्मीकि मंदिर कटिया टोला पर मनाई गई ल, जिसमें एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उनके अनुयाई शुभचिंतक और समाजसेवी लोगों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलित लोग भी उपस्थित रहे। जिन्होंने दौलत राम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके द्वारा किए गए कार्यों को सारहा और कहा कि भविष्य में ऐसे लोग बिरले होते हैं जो बहुत कम जन्म लेते हैं जो समाज की चिंता करते हैं और समाज के लिए कार्य करते हुए शहीद हो जाते हैं। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष तनवीर खान साहब ने कहा बाबू दौलत राम एडवोकेट गरीबों दलितों सच्चे हितैषी थे वह निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करते थे। उनसे लोगों को सीख लेना चाहिए। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा दलित समाज में जन्मे बाबू दौलत राम एडवोकेट ने समाज में ही नहीं हर समाज में एक अलग पहचान बनाई थी। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा बाबू दौलत राम एडवोकेट हमारे पिताजी स्वर्गीय सत्यपाल सिंह यादव के शिष्य रहे और राजनीतिक शिक्षा दीक्षा हमारे पिताजी से प्राप्त की और उन्होंने समाज को नई दिशा देने का काम किया था। वह विधायक मंत्री नहीं थे लेकिन फिर भी हर वर्ग के लोग उनका सम्मान करते थे। इसी क्रम में पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला और कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा बाबू दौलत राम एडवोकेट जो सपना छोड़कर के गए हैं उनके परिवार को किसी एक व्यक्ति को आगे आकर उनके सपने साकार करना चाहिए। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा, सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, पूर्व विधायक राजेश यादव, कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता सपा महानगर अध्यक्ष राज रामकुमार भोजवाल, पूर्व कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि, महिला कांग्रेस पार्टी की महानगर अध्यक्ष सीमा गौतम, नगर विधानसभा सचिव बबल किशोर वाल्मीकि, बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सर्वेश चंद मिश्रा, बसपा जिला सचिव सरदार परमजीत सिंह, अमित बाल्मीकि, नगर विधानसभा अध्यक्ष बसपा पूर्व राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, समाजसेवी मुरारी लाल भास्कर एडवोकेट, राजीव कुमार सिंह एडवोकेट एडवोकेट आशुतोष आनंद समाजसेवी जगदीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# तौक़ीर सा ने अल्फ़ाज़ों में उतारे जज़्बात, जज़्बात के हज़ार रंग का विमोचन

## ग़ज़ल संग्रह का विमोचन व चित्रकार तौक़ीर की याद में कवि सम्मेलन व मुशायरा

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



चित्रकार तौक़ीर की स्मृति में तौक़ीर आर्टकेड, आर्ट फ़ैमिली मार्ग पर भव्य कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अलीगढ़ से आए प्रोफ़ेसर एस.ए. जाफ़र उर्फ़ तौक़ीर 'सा' के ग़ज़ल संग्रह 'जज़्बात के हज़ार रंग' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी) पी.के. तोमर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशिष्ट कवि एडवोकेट सत्येंद्रनाथ त्रिपाठी ने की। विशिष्ट अतिथियों में अशफ़ाक़ उल्ला ख़ां, डॉ. प्रभात शुक्ला, नरेंद्र सक्सेना, डॉ. अमीर सिंह एवं डॉ. आलोक सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर साहित्य संस्था इदराक एवं नज़र मेमोरियल सोसायटी की ओर से शायर एस.ए. जाफ़र 'तौक़ीर सा' को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही इदारा उफ़ुक़-ए-नौ एवं दर्पण सामाजिक संस्था द्वारा उन्हें 'कला रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। इसके बाद साहित्यकार कमलेश द्विवेदी एवं चित्रकार डॉ. ऊषा गर्ग ने ग़ज़ल संग्रह 'जज़्बात के हज़ार रंग' की समीक्षा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. मोहम्मद क़मर ने सभी कवियों एवं शायरों का बुके देकर स्वागत किया। गोष्ठी का सफल संचालन एडवोकेट एवं प्रसिद्ध शायरा गुलिस्तां ख़ान ने किया। मुशायरे में लगभग 25 प्रसिद्ध कवि एवं शायरों ने अपनी रचनाओं से मानवता, प्रेम, समाज और दर्शन के विविध पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। असग़र यासिर ने सुनाया शुमार कैसे करूं दोस्तों की सफ़ में उसे, मैं एक क़तरा हूं दरिया बता रहा है मुझे। अजय अवस्थी ने कहा नादान है ख़ुदा के जैसा होना चाहता है, बेटा अपने बाप के बराबर होना चाहता है। हमीद खिज़्र ने कहा हम इस तरह भी मोहब्बत को आम करते हैं,मिले जो राह में पहले सलाम करते हैं। वरिष्ठ शायर वसीम मीनाई ने कहा उन्हें रुसवाइयों का सामना करना ही पड़ता है, जो ख़ुद्दारी कि अपनी ख़ुद निगहबानी नहीं करते। तौक़ीर सा ने कहा चादर हटाओ देखूं ज़रा क्या है साथ में, मर तो रहा था ऐसे के सब ले के जाएगा। सबा नक़वी सबा ने कहा ख़ुशियों को ढूंढती रही सारे जहान में, वो दब के मर गई मिरे दिल के मकान में। इनके अलावा शाहिद रज़ा, ख़ालिद क़ैसर, ख़लीक़ शौक़, गुलिस्तां ख़ान, फ़हीम बिस्मिल, राशिद हुसैन राही, कमलेश द्विवेदी, अस्मत अली, वाजिद हुसैन वाजिद, उवैस शिफ़ा, रतीश गर्ग आदि ने अपने कलाम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही, जिनमें डॉ. ऊषा गर्ग, अहसन जलील, अर्शियान अर्श, दिनेश सिंह, उस्मान ख़ान, मोहम्मद रफ़ी, मोहम्मद तैयब, अजय द्विवेदी, मोहम्मद हसन, सदफ़ ख़ान, मुनीर अहमद, अरविंद शुक्ला, परवेज़ अहमद ख़ां, मोहम्मद मुस्तफ़ा आदि प्रमुख रहे। अंत में कार्यक्रम के आयोजक और तौकीर आर्टकेड गैलरी के संचालक व चित्रकार मो कमर ने सभी अतिथियों और शायरों व कवियों का आभार व्यक्त किया।

# केंद्रीय बजट को सत्तापक्ष ने सराहा, विपक्ष ने सिर्फ़ जुमला ठहराया

▸ बजट पर व्यापारियों, अधिवक्ता, आमजन की आई अलग-अलग प्रतिक्रियाएं

प्रभाकर मिश्रा



**शाहजहांपुर।** संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 9वां केंद्रीय बजट पेश किया गया है। बजट में विदेशी यात्रा, शिक्षा और चिकित्सा के लिए टीसीएस दर घटाई गई है। 17 एंटी-कैंसर दवाओं व दुर्लभ बीमारियों की दवा को कस्टम्स ड्यूटी से छूट मिली है। विदेशी नागरिक भारत में रहते हैं, उनकी विदेश से होने वाली कमाई पर अब टैक्स नहीं लगेगा. रक्षा मंत्रालय को 7.8 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है. आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया है. बजट में आयकर छूट का ऐलान नहीं हुआ है। बजट में आमजन, किसानों, नौजवानों को क्या कुछ उम्मीद थी और क्या राहत मिली। इस पर सत्तापक्ष, विपक्ष, व्यापारियों, गृहणी, इनकम टैक्स अधिवक्ता एवं आमजन से बात की गई तो उनके द्वारा अलग अलग प्रतिक्रियाएं दी गई।

## बजट पर क्या बोले सत्तापक्ष व विपक्ष के नेता

### स्थायी विकास को समर्पित बजटः केसी




केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट पर भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने राय रखी और कहा कि आज का बजट देश के लिए विकास की गाथा लिखेगा। यह बजट देश के स्थायी आर्थिक विकास को समर्पित बजट है। बजट को हर वर्ग को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। इनकम टैक्स रिटर्न बदलाव में भी अच्छा कार्य किया गया है। विपक्ष का हमेशा सवाल उल्टा रहता है कि बजट में कुछ नहीं है। जनता के सपनों को साकार करने वाला बजट है।

### यह आम बजट किसानों-नौजवानों के साथ धोखाः तनवीर



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए, आम बजट पर समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह आम बजट में किसानों, नौजवानों, महिलाओं के लिए कुछ भी न किया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि पर भी बजट में कोई खास राहत नहीं दिख रही है। बजट को चुनावी बजट न मानकर पेश किया जाए, तो जनहित में होता है। जनता के हित में बजट नहीं है।

### छात्रों, किसानों व महिला विरोधी है यह बजटः रजनीश



कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने बताया कि यह बजट छात्रों, किसान, महिला विरोधी है। आप देखिए विदेश यात्रा, विदेश में पढ़ाई सस्ती, सिलेंडर मंहगा, प्राइमरी स्कूल बंद मोदी सरकार वसूली की सरकार है। इसमें सिर्फ बड़े लोगों को फायदा मिलता हुआ दिखाई दे रहा है। बजट में छोटी छोटी चीजों को भी ध्यान में रखना चाहिए था, तभी सर्व समाज का विकास,कल्याण संभव है।

### उम्मीदों से परे बजटः उदयवीर



बसपा जिलाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बजट पर बोलते हुए कहा कि यह बजट जनता के विरोधी हैं। भाजपा सरकार में महंगाई से जनता त्रस्त है, इसमें किसानों, नौजवानों की कोई भी जिक्र तक नहीं किया गया है। देश हित में बजट नहीं आया है, जो उम्मीद लगी हुई थी।

### दूरदर्शी और ऐतिहासिक बजटः विनीत



बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला एक दूरदर्शी और ऐतिहासिक बजट है। उन्होंने बजट को गरीब कल्याण,किसानों-युवाओं के उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित बजट बताया है।

## बजट पर आमजन की राय

### आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्पः नवजोत



नवजोत सिंह सहायक अध्यापक ने कहा कि बजट 2026-27 के माध्यम से प्रधानमंत्री ने सिद्ध किया है कि यह आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प है। बजट में न सिर्फ हर क्षेत्र, हर वर्ग और हर नागरिक को सशक्त बनाने का एक स्पष्ट ब्लूप्रिंट है, बल्कि उसे प्रोत्साहन देने का एक जमीनी विजन भी है, जो उसे हर कदम पर मदद करेगा।

### स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा व ट्रांसपोर्ट पर विशेष जोरः अनीत



अनीत कुमार त्रिवेदी, एडवोकेट ने बताया कि केंद्रीय बजट में विकास, रोजगार सृजन, निवेश और आर्थिक स्थिरता की दिशा स्पष्ट दिखाई देती है और साथ ही साथ रक्षा और स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा तथा ट्रांसपोर्ट पर विशेष जोर दिया गया है एक अधिवक्ता के रूप में यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि बजट प्रावधानों का क्रियान्वयन पूर्णतः कानूनसम्मत, पारदर्शी और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हो।

### यह बजट विकासोन्मुखः अमित



अमित श्रीवास्तव अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता का कहना है कि बजट 2026-27 में शिक्षा क्षेत्र को लेकर लिए गए फैसले सराहनीय हैं। शिक्षा के लिए बढ़ा हुआ बजट, हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल की घोषणा और स्कूल-कॉलेजों में डिजिटल एवं स्किल आधारित लैब की पहल वंचित वर्गों, विशेषकर ग्रामीण और गरीब परिवारों के बच्चों के लिए नए अवसर पैदा कर सकती है। कुल मिलाकर यह बजट विकासोन्मुख है।

### उम्मीदों से कम, फिर भी थोड़ी राहतः अल्पना



सामाजिक कार्यकर्ता अल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि बजट को लेकर खास उम्मीदें गृहणी लगाए हुए थी, लेकिन उसमें कुछ खास नहीं मिला है। फिर भी बजट में घर की दवा आदि पर राहत दी गई है। जोकि मध्यम वर्ग के लिए अच्छी बात है। विदेश से निर्यात करने, टैक्स आदि में भी बजट में ध्यान रखा गया है। भाजपा सरकार दूरगामी सोच रखकर कोई भी कार्य करती है। जिससे कि देश आगे बढ़े।

### महंगाई पर कुछ करना चाहिए थाः ग्रोवर

गृहणी अनुप्रिया ग्रोवर ने बताया कि अभी ज्यादा कुछ बजट के बारे में नहीं पढ़ पाए हैं, लेकिन जो कुछ सुना, समझा है। उसमें विदेश यात्रा, टैक्स स्लैब आदि में सरकार द्वारा राहत दी गई है। घरेलू बजट पर भी ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि महंगाई से आम आदमी की कमर टूटी हुई है। इनकम कैसे बढ़े मजदूर वर्ग की, इस पर मंथन की जरूरत है।

# सांसद बोलेः इस बजट से देशवासियों को उम्मीद जगी है

▸ सांसद ने बजट को लेकर प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री का आभार जताया

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



देश का बजट आने के बाद भाजपा सांसद अरुण सागर ने बजट की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि इस बजट से देश वासियों को उम्मीद जगी है। इस बजट में रोजगार बढ़ाने, किसानो की मदद, शिक्षा और स्वास्थ को और बेहतर बनाने, महिलाओं को मजबूत करने सड़क और रेल जैसी बुनियादी सुविधाओं का खास ध्यान रखा गया है। सांसद ने कहा कि देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मजबूत और जन केंद्रित नेतृत्व में आज भारत नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। बजट आने के बाद सांसद ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का आभार जताया है।सांसद ने कहा कि आज जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह बजट पेश किया, तो यह स्पष्ट हो गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना अब सिर्फ सपना नहीं रहा-यह हकीकत बनने की राह पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रयासों से पेश किया गया यह बजट बहुत ही अच्छा और उम्मीद जगाने वाला है। यह बजट साफ दिखाता है कि विकास सिर्फ बातों में नहीं, बल्कि गाँव-गरीब-मध्यम वर्ग तक सच में पहुंचेगा। प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप यह बजट गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति पर केंद्रित है। इसमें विकास के चार प्रमुख इंजन, कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने हमेशा यही संदेश दिया है कि विकास तभी सार्थक है, जब वह आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। यह बजट उसी संदेश को और मजबूती देता है। सांसद ने कहा कि किसानों के लिए प्रधानमंत्री ने हमेशा कहा है कि अन्नदाता हमारा सबसे बड़ा आधार है। इस बजट में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की गई है, जो 100 कम उत्पादकता वाले जिलों में 1.7 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाएगी। नरेंद्र मोदी का सबसे बड़ा सपना है कि हर युवा को सम्मानजनक रोजगार मिले। इस बजट में स्किलिंग, एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट और एंटरप्राइज पर हाई-पावर्ड कमिटी का गठन, सर्विस सेक्टर में फोकस, फुटवियर-लेदर जैसे क्षेत्रों में 22 लाख नए रोजगार के अवसर ये सब युवाओं को सशक्त बनाने के ठोस प्रयास हैं।

## खबरें एक नजर में

### बाइकों की टक्कर, दो युवक घायल, जिला अस्पताल रेफर

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र खुटार में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब नगर के मोहल्ला सरोजनीनगर निवासी मोहनलाल वर्मा अपनी बाइक से तिकुनिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तिकुनिया की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे पुवायां क्षेत्र के गांव जेवा निवासी लालजीत उर्फ आदेश अवस्थी की बाइक पंजाब टेंट हाउस के सामने मोहनलाल की बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। आदेश अवस्थी को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया गया, जबकि मोहनलाल वर्मा को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार ले जाया गया जाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि आदेश अवस्थी की हालत नाजुक बनी हुई है।

### महिला ने खाया विषाक्त, जिला अस्पताल रेफर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** क्षेत्र की एक महिला ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया आनन फानन में उसे सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव धन्यौरा निवासी उषा देवी पत्नी भूपेंद्र सिंह 40 वर्ष को परिजन गंभीर हालत में सीएचसी लेकर पहुंचे । जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें रेफर कर दिया है। फिलहाल महिला ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### बाईपास चौराहे पर दो पक्षों में हुआ जमकर बबाल

**तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर के बाईपास चौराहे पर दो पक्षों में नोंक-झोंक के बाद जमकर चले लाठी डंडे। इस दौरान राहगीरों में भगदड़ मच गई। रविवार दोपहर नगर के बाईपास चौराहे पर उस समय भगदड़ मच गई । जब अचानक दो पक्षों में पहले हुई कहासुनी के बाद जमकर लाठी डंडे चलने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करीब 20 मिनट तक जमकर बबाल हुआ। अचानक हुई इस घटना से राहगीरों में भगदड़ मच गई । सभी अनिष्ट की आशंका से ग्रस्त सुरक्षित स्थानों पर भागने लगे। वहीं दोनों पक्षों एक दूसरे को देख लेने की धमकी देते हुए हट गए । विडंबना यह रही कि यहां पुलिस पिंक बूथ होने के बावजूद यहां झगड़े के दौरान या झगड़े के बाद कोई खाकीधारी नजर नहीं आया । झगड़ा की बजह डग्गामार टैंपों संचालन को लेकर बताई गई । उधर कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि थाने पर उक्त घटना की कोई तहरीर नहीं दी गई है । फिर भी वह मामले की जांच कराएंगे।

### हिन्दू समाज से एकजुट रहने की अपील, रोजा में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ

**रोजा, शाहजहांपुर।** रविवार को स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रोजा में बंधन मैरिज लॉन ने बाबा भोलेश्वर नाथ समिति के द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकताओं ने अपने विचार रखे। समिति द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन में नगर वासियों सहित आसपास के लोगों ने बढ़ चढकर भाग लिया। संत समाज की ओर से रमेश भैया ने समाज को एक जुट रहने पर अपने विचार रखे। वही मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व ममता बहन ने करते हुए नारी शक्ति के बारे सभी को अवगत कराया। नृपेंद्र मिश्र ने विकसित भारत और चुनौतियाँ विषय पर विचार रखते हुए सर्व समाज को एकजुट रहने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार इंद्र मोहन ने और संचालन कवि हरिहर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से रविकांत, प्रेम कुमार अवस्थी मौजूद रहे। विद्या सागर श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार, डॉ पवन खन्ना सहित तमाम नगर वासी मौजूद रहे।

### एन.एफ.एल. क्षेत्रीय कार्यालय बरेली द्वारा किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**शाहजहांपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र नियामतपुर में क्षेत्रीय कार्यालय बरेली द्वारा स्थानीय किसानों के बीच उन्नत, टिकाऊ और व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ जिला प्रभारी के द्वारा किसानों व अन्य पदस्थ अधिकारियों का स्वागत करते हुए किया गया। बरेली क्षेत्रीय कार्यालय के प्रबंधक और प्रभारी श्री रियाज खान ने कंपनी के नवोन्मेषी उत्पाद पोर्टफोलियो पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी। उन्होंने बेंटोनाइट सल्फर, सिटी कम्पोस्ट, पीडीएम, जैव-उर्वरक व अन्य उत्पादों के विशिष्ट लाभों और विषेशकर किसानो को खेती मे जैव-उर्वरको का प्रयोग बढ़ाने तथा उपयोग से होने वाले लाभों से संबंधित जानकारी दी। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एन. पी. गुप्ता, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र, का तकनीकी रूप से समृद्ध सत्र हुआ, जिसमें उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख फसलों आलू, धान, गेंहू, गन्ना के लिए सन्तुलित उर्वरक उपयोग करने की जानकारी दी। तत्पश्चात के.वी.के. के विभिन्न विषय वस्तु विशेषज्ञों( वैज्ञानिक) डॉ. महेश कुमार, डॉ विमल कुमार, डॉ. एच. एच. खान, डॉ. गौरव शर्मा ने खेती किसानी के विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए , किसानो द्वारा खेती से जुड़ी समस्याओ पर प्रश्न किए गए जिन सभी का समाधान के.वी.के. वैज्ञानिको ने बताया।कार्यक्रम के अंत मे क्विज कराया गया, प्रश्नो का सही जवाब देने वाले किसानो को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी के.वी.के. वैज्ञानिकों व किसानों को हुए स्मृति चिन्ह दिया गया। कार्यक्रम का समापन जिला प्रभारी शाहजहांपुर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# दोस्त को पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखने पर डंडे से पीट-पीटकर की हत्या

▸ आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

अल्हागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



पत्नी से अवैध संबंध के शक में एक व्यक्ति ने अपने दोस्त की हत्या कर दी। आरोपी ने दोस्त को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि उसने अपनी पत्नी के मोबाइल में दोस्त के साथ चैटिंग देखी थी। इसके बाद दोनों को आपत्तिजनक हालत में भी देख लिया था, जिसके बाद उसने हत्या की योजना बनाई। यह घटना अल्हागंज थाना क्षेत्र के रावतपुर गांव की है। शनिवार सुबह पंचायत घर के परिसर में 17 वर्षीय नाबालिग कल्लू का शव मिला था। शव का चेहरा बुरी तरह कूचा गया था। परिजनों ने बताया कि रात में कल्लू को गांव का ही अनीस बुलाकर ले गया था। परिजनों ने अनीस पर हत्या का शक जताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अनीस को रावतपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया डंडा भी बरामद किया गया है। आरोपी अनीस ने पुलिस पूछताछ में बताया कि मृतक कमलेश उर्फ कल्लू का उसकी पत्नी से काफी समय से मिलना-जुलना था। एक दिन उसने अपनी पत्नी के मोबाइल में कल्लू के साथ चैटिंग देखी। इसके अलावा, उसने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में भी देख लिया था। तभी से उसने कल्लू को रास्ते से हटाने का मन बना लिया था। अनीस ने बताया कि 30 जनवरी की शाम करीब 7 बजे वह कल्लू को विश्वास में लेकर उसके घर से पंचायत भवन तक ले गया। वहां बरामदे में बैठाकर बातचीत के दौरान उसने अचानक डंडे से कल्लू के मुंह और सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। अनीस ने बताया कि वह रावतपुर मोड़ पर बाहर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

# कर राहत से अधिक-अनुपालन, पारदर्शिता और दीर्घकालीन स्थिरता पर केंद्रित बजटः अक्षत

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



शहर के टैक्स कंप्लायंस एवं लिटिगेशन्स एक्सपर्ट अक्षत सक्सेना ने कहा कि एक टैक्स कंप्लायंस विशेषज्ञ के रूप में, इस बजट को कर सुधारों में निरंतरता, स्थिरता और सिस्टम-ड्रिवन अनुपालन को मजबूत करने वाला बजट कहा जा सकता है। आयकर के संदर्भ में सरकार ने नई कर व्यवस्था को ही भविष्य की कर संरचना के रूप में स्थापित करने का संकेत दिया है। कम दरों और सीमित छूटों के मॉडल के माध्यम से कर आधार को व्यापक बनाने पर जोर दिया गया है। हालांकि व्यक्तिगत करदाताओं को बड़ी कर राहत की अपेक्षा थी, लेकिन रिटर्न प्रोसेसिंग में तेजी, फेसलेस असेसमेंट को और मजबूत करना, तथा कर विवादों में कमी लाने के उपाय करदाताओं के लिए दीर्घकालीन रूप से लाभकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने बताया कि अनुपालन के दृष्टिकोण से तकनीक आधारित निगरानी, डेटा एनालिटिक्स और ऑटोमेटेड सिस्टम्स पर फोकस कर चोरी पर अंकुश लगाने और ईमानदार करदाताओं को सुविधा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इससे लिटिगेशन में कमी और टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन में विश्वास बढ़ने की उम्मीद है। जीएसटी के मोर्चे पर बजट का फोकस दरों के युक्तिकरण, इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के समाधान और वर्गीकरण से जुड़े विवादों को कम करने पर केंद्रित रहा। रिफंड प्रक्रिया को तेज करने और तकनीक आधारित अनुपालन तंत्र को सुदृढ़ करने से व्यापारियों की कार्यशील पूंजी को समर्थन मिलेगा। साथ ही, डेटा-ड्रिवन कंप्लायंस के माध्यम से राजस्व लीकेज रोकने की मंशा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। कुल मिलाकर, यह बजट तात्कालिक कर राहत से अधिक अनुपालन आधारित कर सुधारों, राजस्व सुदृढ़ीकरण और ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस पर केंद्रित एक संतुलित और व्यावहारिक बजट है।

### सांड़ के हमले से युवक की मौत

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** ग्राम पंचायत खजुआहार टापर के मंझरा हथिनापुर में रविवार को सांड़ के हमले में युवक करन सिंह (26) की मौत हो गई। घटना से उनके परिवार में कोहराम मच गया। नाराज ग्रामीणों ने छुट्टा सांड़ों को पकड़वाने की मांग की है।मृतक के पिता राजेश सिंह ने बताया कि उन्होंने घर के सामने खेत पर जानवरों को खिलाने के लिए बरसीम बोई हुई है। रविवार की सुबह करीब छह बजे उनका बड़ा बेटा करन घर से बाहर निकला। उसने देखा कि खेत में घुसा सांड़ बरसीम खा रहा है। इसके बाद बेटा घर से डंडा लेकर सांड़ को भगाने के लिए खेत पर गया। इस बीच सांड़ ने बेटे पर हमला कर दिया।

# संत ने दुनिया को भाईचारे-मानवता का मार्ग दिखायाः भंत्ते

▸ संत रविदास जयंती पर प्रतिमा का अनावरण, अंबेडकर पार्क में हुआ भंडारे का आयोजन

रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



थाना रोजा क्षेत्र के अहमदनगर तालुके बहादुरपुर में रविवार को संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर संत रविदास की प्रतिमा का भव्य अनावरण ग्राम प्रधान राधा देवी, स्नेहलता, शिवपाल सिंह यादव, देव सिंह यादव, राजेंद्र पाल, निलेश गौतम की उपस्थिति में पूज्य भंत्ते द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित बौद्ध धर्म के भंते बौद्ध अनुयायियों संत रविदास भक्तों ने भव्य भंडारे के साथ गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूज्य भंत्ते ने संत रविदास के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार प्रकट किये। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि रविदास महाराज ने सदियों पहले समाज में समानता का संदेश दिया था। जैसे प्रकृति बिना किसी भेदभाव के सबको अपनाती है, वैसे ही उन्होंने दुनिया को भाईचारे और मानवता का मार्ग दिखाया। आज हमें उनके विचारों का अनुकरण कर समाज को एकजुट करने की आवश्यकता है। बता दे यह संत रविदास की प्रतिमा अंबेडकर पार्क में वर्षो पूर्व लगाई गई थी। यहां भगवान बुद्ध और अंबेडकर के साथ तीन मूर्ति स्थापित है जहां रविदास जयंती अंबेडकर जयंती और बुद्ध पूर्णिमा पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में संत गाडगे सेवा आश्रम के पूर्व संस्थापक विशनू दयाल कनौजिया, विपिन यादव, निलेश गौतम, दिनेश गौतम, पूर्व प्रधान रामसहाय सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बीएसए ने बाल उत्सव को लेकर की मीटिंग

पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।



बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय स्कूलों के बच्चों के लिए आयोजित होने वाले प्रगति-स्वाभिमान और सफलता की ओर-2.0 बाल उत्सव को लेकर बीएसए रौशनी सिंह ने अपने कार्यालय पर मीटिंग का आयोजन किया है। इसका उद्देश्य शिक्षा को किताबों से आगे बढ़ाकर बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और जीवन कौशल को बढ़ाना है। इस उत्सव के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारना और उनके आत्मसम्मान को बढ़ाना देना है। बाल उत्सव में रंगारंग कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएं एवं कई सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जनपद के परिषदीय विद्यालयो के बच्चों को आत्मविश्वासी नागरिक बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा जो परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को आत्मविश्वास की ऊर्जा उत्पन्न करेगा मीटिंग में मुख्य रूप से मनीष श्रीवास्तव जिला समन्वय बालिका शिक्षा रजनी जौहरी मास्टर ट्रेनर मरौरी, निराजना शर्मा मास्टर ट्रेनर, पूनम सहगल जिला नोडल शिक्षक, पूनम रावत नोडल शिक्षक पूरनपुर, निधि पाठक नोडल शिक्षक अमरिया, पूनम पांडे नोडल शिक्षक बरखेड़ा, प्रियंका गुप्ता बिलसड़ा नोडल शिक्षक, यामिनी मिश्रा नगर क्षेत्र नोडल शिक्षक, संगीता वर्मा मास्टर ट्रेनर अमरिया उपस्थिति रही हैं।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, आठ पर मुकदमा

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 28 जनवरी की रात करीब दो बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री को अजय पुत्र हरिप्रसाद ने अपने पिता हरिप्रसाद, भाई मुनेंद्रपाल, बहनें अंजलि, राजकुमारी और अनमोल, भगवान दास और सुखपाल की मदद से बहला-फुसलाकर भगा लिया। पीड़ित ने परिजनों के साथ किशोरी की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। आरोप है कि जब पीड़ित को इस घटना की जानकारी हुई और उसने आरोपियों से पुत्री को वापस करने की बात कही, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अजय सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पांच बदमाशों ने सोती हुई महिला को मारपीट कर तीन लाख की नकदी समेत 15 लाख के जेवर लूटे

▸ घटना की तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने फिलहाल नहीं दर्ज की रिपोर्ट

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** थाना क्षेत्र के ग्राम याकूतपुर डडिया निवासी रूबी पत्नी हरवीर ने पांच अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 31 जनवरी की रात करीब 12 बजे उसके घर में लाठी डंडे और बाँका लेकर घुस आए और मारपीट कर घर में रखी अलमारी के लाक तोड़कर तीन लाख की नकदी और लगभग 12 लाख रुपए मूल्य के सोने चांदी के जेबरात रखे संदूक को उठा ले गए। घटना की सूचना पर रात्रि में ही पुलिस मौके पर गई और जांच पड़ताल कर लौट गई। फिलहाल पुलिस ने समाचार लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पीड़िता ने थाना प्रभारी को बताया कि वह शनिवार की रात अपने चार साल बेटे आयुष के साथ घर में सो रही थी। उसके पति ढाईघाट मेले में दुकान लगाने गए हैं। तभी रात्रि करीब 12 बजे पांच बदमाश उसके घर में घुस आए। उनके हाथों में लाठी डंडे और एक के हाथ में बाँका था। सभी बदमाशों ने उसे सोते हुए दबोच लिया। उसके शोर मचाने पर एक बदमाश ने उसकी गर्दन पर बांका रखकर कहा कि यदि आवाज मुंह से निकल गई तो तेरी गर्दन काटकर फेंक देंगे। फिर भी उसने बदमाशों के चंगुल से छूटने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उसे लात घूंसे से जमकर मारा। उसके पास सो रहे बेटे आयुष के रोने पर बदमाशों ने उसको भी थप्पड़ मार कर खामोश कर दिया। बदमाशों ने घर में रखी लोहे की अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखी तीन लाख रुपए की नकदी निकालने के बाद जिस संदूक में लगभग 12 लाख रुपए मूल्य के सोने चांदी के जेबरात रखे थे उठा ले गए। संदूक के ताले खेतों में तोड़कर उसमें रखी सोने की चैन,सोने का हार,झाले, मांगवेंदा,तीन सोने की अंगूठी,दो जोड़ी पायल संदूक से निकालने के बाद उसके कानों में पहने कुंडल और पैरों में पहने पायल भी नोचकर भाग गए। पुलिस को रात में ही घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ खेतों में तलाश कर टूटा हुआ संदूक और बांका बरामद किया। रविवार सुबह घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। किंतु समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### चौपहिया वाहन सवार उच्चकों ने राहगीर की जेब काटकर एक लाख की नकदी की पार

**रोजा, शाहजहांपुर।** चौपहिया वाहन पर सवार अज्ञात जेबकतरों एक राहगीर की जेब काटकर एक लाख रूपये की नकदी पार कर दी और उसे बीच रास्ते में उतार कर फरार हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जेबकतरों की तलाश शुरू कर दी हैं। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव बंजरिया निवासी आनन्द तिवारी पुत्र भोज तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार को तिलहर के बंधीचक निवासी अखिलेश से उधार एक लाख रुपये लेकर वापस अपने गाँव जा रहा था। तिलहर से हथौडा चौराहा आकर सवारी के इन्तजार में हथौडा चौराहा पर खडा था। कुछ देर इन्तजार करने के बाद एक सफेद रंग शिफ्ट डिजायर गाडी आयी है। जिन्होने ने मुझे बुलाकर मोहम्मदी जाने का रास्ता पूँछा तो उसके बाद मुझसे पूँछा तुम कहाँ जाओगे तो मेरे द्वारा कहा गया कि मैं मोहम्मदी जा रहा हूँ उन लोगो द्वारा कहा गया कि आओ गाडी में बैठो हम तुम्हे मोहम्मदी छोड देगें चूँकि उसके बाद में गाडी में बैठ गया। उक्त गाडी में बैठे पीछे अज्ञात व्यक्ति ने मेरी पैंट की जेब काटकर उसमें रखे एक लाख रुपये पार कर लिये तथा मुझे पिपरिया नहर के पास उतार दिया। उसके बाद मैने 112 पर सूचना दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जेब कतरों की तलाश शुरू कर दी है।

## धुंध के पार जीवन सुरक्षित बनाने की मुहिम

पुणे से संचालित एक विशेष वैज्ञानिक अभियान विंटर फॉग एक्सपेरिमेंट यानि वाईफैक्स जो कोहरे को केवल महसूस नहीं करता, बल्कि उसे मापता है, समझता है और पहले से भांपने की कोशिश करता है। विंटर फॉग एक्सपेरिमेंट जानने की कोशिश करता है कि कोहरा कैसे बनता है, कब सबसे घना होगा, कितनी देर टिकेगा और किस वक्त छंटेगा। यह अध्ययन सिर्फमौसम वैज्ञानिकों तक सीमित नहीं है। यह उन पायलटों के लिए उपयोगी जानकारी है जिन्हें कम दृश्यता में उड़ान भरनी होती है। उन ट्रैफिक और आपदा प्रबंधन एजेंसियों के लिए अहम है, जिनके लिए एक गलत अनुमान बड़े हादसे में बदल सकता है और उन नीति-निर्माताओं के लिए जरूरी है जो खराब मौसम के प्रभाव को पहले से समझना चाहते हैं। इसी वैज्ञानिक सोच और दूरदृष्टि का केंद्र है, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मीटिरियोलॉजी यानी आईआईटीएम), पुणे। हाल ही में पीआईबी चंडीगढ़ की महिला पत्रकारों का एक समूह पीआईबी पुणे और पीआईबी मुंबई के साथ आईआईटीएम के दौरे पर पहुंचा तो वाईफैक्स के अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी। इस प्रयोग के जरिये कोहरे का 85 प्रतिशत तक सटीक पूर्वानुमान किया जाता है। दृश्यता यानि विजिबिलिटी की बेहतर जानकारी के जरिये हवाई और सड़क यातायात को राहत दी जा रही है। वाईफैक्स बीते कुछ सालों में बादल, बिजली और तूफान की भाषा बखूबी समझने लगा है। आईआईटीएम की स्थापना 17 नवंबर 1962 को पुणे के रामदुर्ग हाउस में हुई थी। शुरुआत में यह संस्थान भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अंतर्गत कार्य करता था और इसे विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) का सहयोग प्राप्त था। समय के साथ इसका स्वरूप बदला और 1971 में स्वायत्त दर्जा मिला। 1985 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत था। 2006 से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन है। आज आईआईटीएम भारत का प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान है, जहां उष्णकटिबंधीय मौसम और जलवायु पर बुनियादी और अनुप्रयुक्त शोध किया जाता है। यानी महासागर, वायुमंडल,जलवायु प्रणाली पर मूलभूत शोध के जरिये मौसम और जलवायु पूर्वानुमानों को बेहतर बनाने का काम कर रहा है आईआईटीएम। यहां किया गया शोध केवल अकादमिक नहीं रहता, बल्कि उसका सीधा असर कृषि और जल प्रबंधन,आपदा चेतावनी प्रणाली,परिवहन और शहरी जीवन,आम नागरिकों की सुरक्षा पर दिखाई देता है। आईआईटीएम में इसके अलावा क्लाउड फिजिक्स एंड डायनामिक्स, तूफान (थंडरस्टॉर्म फॉरकास्टिंग), कृत्रिम वर्षा (क्लाउड सीडिंग) जैसे विषयों पर भी शोध होता है। यानी यह समझने की कोशिश की जाती है कि बादल कैसे बनते हैं, बिजली क्यों गिरती है और तूफान कैसे विकसित होते हैं। भारत में मौसम का मतलब मानसून है और आईआईटीएम में मानसून केवल एक मौसम नहीं, बल्कि लगातार अध्ययन का विषय है। यहां मानसून का अल्पकालिक पूर्वानुमान, मौसमी पूर्वानुमान, एक्सटेंडेड रेंज फोरकास्ट, मानसून की परिवर्तनशीलता और अनिश्चितता का अध्ययन कर सूचना आईएमडी को भेजी जाती है। कब बारिश शुरू होगी, कितनी होगी, सूखा पड़ेगा या बाढ़ आएगीकृइन सवालों के पीछे आईआईटीएम के वर्षों के डेटा और विश्लेषण हैं। आईआईटीएम में मौसम का अनुमान अनुभव से नहीं, बल्कि न्यूमेरिकल वेदर प्रिडिक्शन यानी एनडब्ल्यूपी से लगाया जाता है। इस खास प्रक्रिया में देश-दुनिया से मौसम का डेटा, डेटा असिमिलेशन, हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटर पर मॉडल रन करना, पूर्वानुमान और चेतावनी जारी करना शामिल जैसे कई चरण शामिल है। यही एनडब्ल्यूपी तकनीक चक्रवात, भारी बारिश और चरम मौसम की समय रहते जानकारी देती है। बढ़ते शहरी प्रदूषण को देखते हुए आईआईटीएम ने विकसित किया सफर (एसएएफएआर) सिस्टम ऑफएयर क्वालिटी एंड वेदर फॉरकास्टिंग एंड रिसर्च। यह प्रणाली रियल-टाइम वायु गुणवत्ता डेटा निकालती है। प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभाव का अध्ययन करती है और प्रशासन और नीति-निर्माताओं को निर्णय में सहायता भी प्रदान करती है।

# भाजपा कैसे कर रही हरियाणा से पंजाब के लिए अपनी रणनीति का पुनर्निर्माण

मोनिका मलिक

पंजाब में अगला विधानसभा चुनाव अभी दूर है लेकिन राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव आना शुरू हो गया है। विरोध प्रदर्शनों, कानून व्यवस्था पर बहसों और केंद्र-राज्य की खींचतान के बीच, भारतीय जनता पार्टी एक दूरदर्शी पार्टी के धैर्य के साथ चुपचाप अपनी पंजाब रणनीति को नए सिरे से तैयार कर रही है। इस पुनर्समायोजन के केंद्र में एक तेजी से उभरता हुआ और सावधानीपूर्वक स्थापित व्यक्तित्व है- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

एक सामान्य पर्यवेक्षक के लिए, पंजाब में सैनी की लगातार उपस्थिति सामान्य या प्रतीकात्मक प्रतीत हो सकती है। हालांकि, भाजपा की दीर्घकालिक रणनीति पर नजर रखने वाले राजनीतिक विश्लेषकों के लिए, यह पार्टी के पंजाब संबंधी दृष्टिकोण को नया रूप देने का एक सुनियोजित प्रयास है। पंजाब में भाजपा की वर्तमान हाशिए की स्थिति अक्सर उसके जटिल चुनावी सफर को छिपा देती है। 2007 और 2012 में, पार्टी शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की सहयोगी के रूप में सत्ता में मजबूती से स्थापित थी, महत्वपूर्ण विभागों पर उसका नियंत्रण था और अमृतसर, लुधियाना, जालंधर, पठानकोट और होशियारपुर जैसे शहरी, हिंदू बहुल निर्वाचन क्षेत्रों में उसका दबदबा था। शिअद का ग्रामीण सिख बहुल क्षेत्रों में दबदबा था।

भाजपा ने सिख राजनीतिक नेतृत्व को चुनौती दिए बिना उसका समर्थन किया। 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले गठबंधन का टूटना महंगा साबित हुआ। पंजाब लोक कांग्रेस और शिअद (संयुक्त) के साथ एन.डी.ए. गठबंधन में 73 सीटों पर चुनाव लड़ते हुए भाजपा को केवल 2 सीटें मिलीं। फिर भी, इस निराशाजनक परिणाम ने एक महत्वपूर्ण तथ्य को छिपा दिया, जिस पर पार्टी के रणनीतिकार लगातार जोर देते हैं।

भाजपा का वोट शेयर बढ़कर 6.6 प्रतिशत हो गया, जो उसके पिछले अकेले चुनाव प्रदर्शन से 1.2 प्रतिशत अंक अधिक है। 2024 के लोकसभा चुनावों में यह रुझान और भी स्पष्ट हो गया। हालांकि भाजपा एक भी संसदीय सीट जीतने में असफल रही (2019 में 2 सीटों की तुलना में) लेकिन उसका वोट शेयर 9.63 प्रतिशत से बढ़कर 18.56 प्रतिशत हो गया, जो 5 वर्षों में लगभग 9 प्रतिशत अंकों की वृद्धि है। पार्टी तीन लोकसभा क्षेत्रों में दूसरे स्थान पर रही और 23 विधानसभा क्षेत्रों में आगे रही। केवल 2 विधायकों वाली पार्टी के लिए ये आंकड़े महत्वहीनता का संकेत नहीं हैं। ये भाजपा की उस समस्या को दर्शाते हैं, जिसे वह 'असंभावित वोट' मानती है-ऐसे वोट जिनमें सीटों में परिवर्तित होने की संगठनात्मक क्षमता नहीं है। इस



**भाजपा ने सिख राजनीतिक नेतृत्व को चुनौती दिए बिना उसका समर्थन किया। 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले गठबंधन का टूटना महंगा साबित हुआ। पंजाब लोक कांग्रेस और शिअद (संयुक्त) के साथ एन.डी.ए. गठबंधन में 73 सीटों पर चुनाव लड़ते हुए भाजपा को केवल 2 सीटें मिलीं। फिर भी, इस निराशाजनक परिणाम ने एक महत्वपूर्ण तथ्य को छिपा दिया, जिस पर पार्टी के रणनीतिकार लगातार जोर देते हैं। भाजपा का वोट शेयर बढ़कर 6.6 प्रतिशत हो गया, जो उसके पिछले अकेले चुनाव प्रदर्शन से 1.2 प्रतिशत अंक अधिक है। 2024 के लोकसभा चुनावों में यह रुझान और भी स्पष्ट हो गया। हालांकि भाजपा एक भी संसदीय सीट जीतने में असफल रही (2019 में 2 सीटों की तुलना में) लेकिन उसका वोट शेयर 9.63 प्रतिशत से बढ़कर 18.56 प्रतिशत हो गया, जो 5 वर्षों में लगभग 9 प्रतिशत अंकों की वृद्धि है। पार्टी तीन लोकसभा क्षेत्रों में दूसरे स्थान पर रही और 23 विधानसभा क्षेत्रों में आगे रही। केवल 2 विधायकों वाली पार्टी के लिए ये आंकड़े महत्वहीनता का संकेत नहीं हैं। ये भाजपा की उस समस्या को दर्शाते हैं, जिसे वह 'असंभावित वोट' मानती है-ऐसे वोट जिनमें सीटों में परिवर्तित होने की संगठनात्मक क्षमता नहीं है। इस अंतर को पाटने के लिए, निरंतर और सांस्कृतिक रूप से अनुकूलित जनसंपर्क के माध्यम से, नायब सिंह सैनी की भूमिका सामने आती है। भाजपा के लिए सैनी सिर्फएक कैंपेनर नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संपत्ति हैं।**

अंतर को पाटने के लिए, निरंतर और सांस्कृतिक रूप से अनुकूलित जनसंपर्क के माध्यम से, नायब सिंह सैनी की भूमिका सामने आती है। भाजपा के लिए सैनी सिर्फ एक कैंपेनर नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संपत्ति हैं।

हरियाणा विधानसभा चुनावों के बाद उनका उदय हुआ, जिससे पार्टी के अंदर उनकी स्थिति मजबूत हुई है। हालांकि, पंजाब में उनकी प्रासंगिकता पहचान और छवि के मेल में है, जिसे भाजपा महत्वपूर्ण मानती है। वह सैनी समुदाय से हैं, जिसे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.) में वर्गीकृत किया गया है। भाजपा एक व्यापक सामाजिक एकजुटता रणनीति के हिस्से के रूप में गैर-जाट ओ.बी.सी. समूहों को सक्रिय रूप से लुभा रही है।

पंजाब में, हिंदू ओ.बी.सी. मतदाता एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, विशेषकर कुछ खास इलाकों में, जिससे यह पहुंच राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है। भाजपा रणनीतिकारों द्वारा सैनी की व्यक्तिगत पृष्ठभूमि को भी समान रूप से उजागर किया गया है। उनकी मां सिख समुदाय से हैं, साथ ही पंजाबी सांस्कृतिक प्रतीकों को लगातार अपनाने पर भी जोर दिया गया है। पंजाब में पगड़ी पहनना, गुरुद्वारों का दौरा, पंजाबी बोलियों में सहजता, और सिख धार्मिक स्थलों के साथ स्पष्ट जुड़ाव को सिख और पंजाबी ड्क्षहदू दोनों समुदायों के बीच पुल के रूप में पेश किया जा रहा है। पंजाब में सैनी की गतिविधियां बेतरतीब नहीं रहीं। उनकी पहुंच हरियाणा से सटे सीमावर्ती और अर्ध-सीमावर्ती जिलों, जिनमें जीरकपुर, डेरा बस्सी, संगरूर और सुनाम शामिल हैं और दोआबा तथा पुआध क्षेत्रों के कुछ हिस्सों तक केंद्रित रही है। इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय ओ.बी.सी. आबादी है और पड़ोसी हरियाणा के साथ लंबे समय से सामाजिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। पारंपरिक पोशाक में उनकी उपस्थिति, गुरुद्वारा कार्यक्रमों में भागीदारी और सिख धार्मिक समारोहों में उपस्थिति को सम्मान के संकेत के रूप में पेश किया जाता है। सांझा इतिहास और रिश्तेदारी के संदर्भ अक्सर पंजाब को 'बड़ा भाई' बताते हुए, राजनीतिक कड़वाहट को कम करने के लिए सावधानी से चुने जाते हैं। एस.वाई.एल. नहर या चंडीगढ़ की स्थिति जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी, सैनी का लहजा टकराव वाला नहीं, बल्कि सुलह वाला रहा है।

भाजपा की पंजाब रणनीति हरियाणा में सैनी के शासन को दिखाने पर भी बहुत अधिक निर्भर करती है। हरियाणा सरकार का 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों के परिवारों को नौकरी देने का फैसला, सिख गुरुओं की याद में लैजिस्लेटिव कार्यक्रम और लाडो लक्ष्मी योजना जैसी कल्याण योजना, जिसमें महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपए देने का वादा किया गया है, इन्हें ठोस प्रशासनिक नतीजों के तौर पर पेश किया जा रहा है।

पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने 2022 में महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपए देने का वादा किया था, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

भाजपा 'कांग्रेस से आयात' की दिशा से आगे बढ़ रही : आंतरिक रूप से, सैनी की प्रमुखता एक बदलाव का संकेत भी देती है। पिछले कुछ वर्षों में, भाजपा की पंजाब इकाई में उन नेताओं का दबदबा रहा है, जो कांग्रेस या सहयोगी दलों से आए थे-जैसे कैप्टन अमरिंदर सिंह और सुनील कुमार जाखड़। इसके विपरीत, सैनी पंजाब में बिना किसी पूर्वाग्रह या गुटबाजी के भाजपा के स्वदेशी नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके उदय से पार्टी को आयातित नेताओं पर निर्भरता की बजाय एक स्वाभाविक नेतृत्व की छवि प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। बहुत कम लोगों को उम्मीद है कि 2027 में भाजपा पंजाब में बहुमत हासिल कर पाएगी।

ग्रामीण मालवा में संगठनात्मक कमियां अभी भी बनी हुई हैं और सिखों का राजनीतिक संशय भी कायम है। फिर भी, चुनाव समीकरणों को नया रूप देने का भी जरिया हैं। अगर भाजपा ओ.बी.सी. समर्थन को मजबूत कर पाती है, शहरी हिंदू वोट बैंक को बरकरार रख पाती है और दोआबा और सीमावर्ती इलाकों में विरोध को कम कर पाती है, तो वह एक महत्वपूर्ण तीसरी शक्ति के रूप में उभर सकती है। मामूली बढ़त भी पारंपरिक वोट बैंक को प्रभावित कर सकती है और गठबंधन के समीकरण को बदल सकती है। पंजाब में शॉर्टकट को शायद ही कभी बढ़ावा दिया गया है। भाजपा धैर्य की रणनीति अपना रही है, जहां सांस्कृतिक जुड़ाव महत्वाकांक्षा से पहले आता है और शासन की दिखावट बयानबाजी से पहले। इस ढांचे में, सैनी पार्टी के सबसे प्रमुख और सोच-समझकर इस्तेमाल किए गए हथियार के रूप में उभरे हैं।

विचार

# मासिक धर्म और सैनिटरी पैड : स्कूलों में गरिमा की परीक्षा

डॉ. प्रियंका सौरभ

सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्कूलों में छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने और मासिक धर्म स्वच्छता को अनिवार्य करने संबंधी निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं है बल्कि यह भारतीय समाज की उस सामूहिक सोच को आईना दिखाते हैं, जिसमें आज भी मासिक धर्म को संकोच, चुप्पी और उपेक्षा के साथ देखा जाता है। यह फैसला स्पष्ट करता है कि मासिक धर्म महज स्वास्थ्य या स्वच्छता का मुद्दा नहीं बल्कि गरिमा, समानता और शिक्षा के अधिकार से जुड़ा गंभीर संवैधानिक प्रश्न है।

भारत जैसे देश में जहाँ संविधान समानता और गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार सुनिश्चित करता है, वहाँ लाखों छात्राओं का मासिक धर्म के दौरान असुरक्षित और अपमानजनक परिस्थितियों में पढ़ाई करने को मजबूर होना व्यवस्था की गहरी विफलता को उजागर करता है। अदालत का यह हस्तक्षेप इसी विफलता को दूर करने की दिशा में आवश्यक कदम है। यह याद दिलाता है कि अधिकार केवल काग़ज़ों में दर्ज घोषणाएँ नहीं होते बल्कि उनका वास्तविक अर्थ तभी है, जब वे ज़मीनी हकीकत में दिखाई दें। मासिक धर्म को लंबे समय तक केवल एक जैविक प्रक्रिया मानकर नज़रअंदाज़ किया जाता रहा है। परिणामस्वरूप यह विषय स्वास्थ्य मंत्रालय या स्कूल प्रबंधन की सीमित जिम्मेदारी बनकर रह गया। सच्चाई यह है कि मासिक धर्म सामाजिक, शैक्षिक और मानसिक स्तर पर गहरे प्रभाव डालता है। स्वच्छता सुविधाओं और सही जानकारी के अभाव में छात्राओं को न केवल संक्रमण और बीमारियों का खतरा रहता है बल्कि शर्म और भय के कारण वे नियमित रूप से स्कूल आने से भी कतराने लगती हैं। कई मामलों में यह स्थिति स्थायी स्कूल ड्रॉप आउट का कारण बन जाती है। अनेक अध्ययन यह दर्शाते हैं कि मासिक धर्म के दौरान उचित प्रबंधन की कमी के कारण बड़ी संख्या में किशोरियाँ हर महीने कई दिनों तक स्कूल नहीं जातीं। यह अनुपस्थिति धीरे-धीरे सीखने की प्रक्रिया को कमजोर करती है और अंततः शिक्षा से पूरी तरह कट जाने का जोखिम बढ़ा देती है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या हम वास्तव में सबके लिए शिक्षा के लक्ष्य के प्रति ईमानदार हैं या यह केवल नीतिगत दस्तावेज़ों तक सीमित नारा बनकर रह गया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में इस तथ्य को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है कि मासिक धर्म स्वच्छता की अनदेखी सीधे तौर पर शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। जब स्कूलों में अलग और स्वच्छ शौचालय, साफ़ पानी, साबुन और सैनिटरी पैड जैसी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं होतीं तो छात्राओं के लिए नियमित रूप से विद्यालय जाना व्यावहारिक रूप से कठिन हो जाता है। यह स्थिति लैंगिक असमानता को और गहरा करती है क्योंकि जहाँ लड़कों की शिक्षा बिना किसी जैविक बाधा के चलती रहती है, वहीं लड़कियों को एक प्राकृतिक प्रक्रिया के कारण पीछे धकेल दिया जाता है। यह असमानता संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 की भावना के विरुद्ध है, जो समानता और भेदभाव-रहित समाज की अवधारणा को आधार प्रदान करते हैं। केवल अवसर की समानता पर्याप्त नहीं होती, जब तक उस अवसर तक पहुँचने के साधन भी समान न हों। मासिक धर्म स्वच्छता की अनदेखी करके हम अनजाने में ही लड़कियों को उस बराबरी से वंचित कर देते हैं, जिसका वादा संविधान करता है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि मासिक धर्म से जुड़ी सुविधाओं का अभाव महिलाओं और किशोरियों के गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। जब किसी छात्रा को असुरक्षित और अवैज्ञानिक साधनों का उपयोग करने को मजबूर होना पड़े तो यह केवल स्वास्थ्य संकट नहीं बल्कि मानवीय गरिमा पर सीधा आघात है। संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन को केवल शारीरिक अस्तित्व तक सीमित नहीं करता बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षा के साथ जीवन जीने का अधिकार भी सुनिश्चित करता है।

यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उस धारणा को तोड़ता है कि सैनिटरी पैड या स्वच्छ शौचालय कोई ÷अतिरिक्त सुविधा÷ है। वास्तव में ये आवश्यक अधिकार है, जिनके बिना न तो स्वास्थ्य सुरक्षित रह सकता है और न ही शिक्षा का अधिकार सार्थक हो सकता है। इस दृष्टि से अदालत का यह आदेश एक सामाजिक चेतावनी के रूप में भी देखा जाना चाहिए।

भारत में न्यायिक आदेशों की सबसे बड़ी चुनौती उनके प्रभावी क्रियान्वयन में दिखाई देती है। कई बार नीतियाँ और दिशा-निर्देश घोषणाओं और फाइलों तक सीमित रह जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं इस आशंका को ध्यान में रखते हुए कहा है कि यह निर्णय केवल अदालती आदेश या कानूनी पुस्तकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि इसका वास्तविक असर स्कूलों और छात्राओं के जीवन में दिखाई देना चाहिए। सरकारी और निजी, शहरी और ग्रामीण-सभी स्कूलों में इन निर्देशों को समान रूप से लागू करना अनिवार्य है।

इस संदर्भ में निजी स्कूलों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। अक्सर निजी शिक्षण संस्थान स्वयं को सरकारी योजनाओं और सामाजिक उत्तरदायित्व से अलग मान लेते हैं। अदालत का आदेश इस सोच को स्पष्ट रूप से खारिज करता है और बताता है कि बच्चों के अधिकार के मामले में सरकारी और निजी का भेद स्वीकार्य नहीं हो सकता। यदि निजी स्कूल उच्च शुल्क वसूल सकते हैं तो वे छात्राओं की बुनियादी स्वच्छता और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। यह स्वीकार करना होगा कि केवल आदेश और नीतियाँ पर्याप्त नहीं हैं। जब तक समाज की सोच में बदलाव नहीं आता, तब तक ऐसी पहल अधूरी ही रहेंगी। मासिक धर्म को लेकर फैली चुप्पी, अंधविश्वास और शर्म की भावना इस समस्या को और जटिल बनाती है। स्कूलों में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन केवल पैड वितरण तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि जागरूकता, संवाद और वैज्ञानिक जानकारी को भी शिक्षा प्रक्रिया का हिस्सा बनाना चाहिए। लड़कों को भी इस चर्चा से अलग नहीं रखा जाना चाहिए क्योंकि संवेदनशील और समान समाज की नींव तभी पड़ती है, जब समझ साझा होती है। केंद्र और राज्य सरकारों के लिए यह आदेश केवल अनुपालन की बाध्यता नहीं बल्कि सुधार का अवसर है। पर्याप्त बजट आवंटन, प्रभावी निगरानी तंत्र और स्पष्ट जवाबदेही तय किए बिना यह पहल सफल नहीं हो सकती। अदालत द्वारा निर्धारित समय-सीमा यह स्पष्ट संकेत देती है कि इस मुद्दे को अब और टाला नहीं जा सकता। अंततः यह फैसला हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि किसी भी समाज की प्रगति का आकलन उसके सबसे कमजोर वर्ग के साथ किए गए व्यवहार से होता है। छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक सुविधाएँ देना कोई उपकार नहीं बल्कि एक संवैधानिक दायित्व है। अब असली परीक्षा यह है कि यह निर्णय काग़ज़ों से निकल कर ज़मीन पर उतरता है या नहीं। यदि ऐसा होता है तो यह न केवल स्कूलों की तस्वीर बदलेगा बल्कि उस सोच को भी बदलने की दिशा में निर्णायक कदम होगा, जो अब तक मासिक धर्म को अधिकार नहीं बल्कि बोझ समझती आई है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## ये आम बात है

**नरिन्द्र कुमार**


जिस बात से तू प्रेशान है
ये आम बात है
नफ़रत मुकाम है
ये आम बात है


तंगहाली,बदहाली हर गली
शेयर बाजार में उफान है

जब भूख शरेआम हो
जहर बांटना नेक काम है

हवा पानी बिके, अब धूप बिकेगी
मुनाफाखोर का मुनाफा,
तरक्की की पहचान है

मोजूद हैं लाल किले तक
पहुंचाने वाले बदरंग मकान
राजगद्दी दिलाने वाले
भूखे लोग, बेरोजगार जवान हैं।





# राशिफल

**मेषः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अनिर्णय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी।

# ज्ञान, स्क्रीन और संवेदना का संकट

डॉ. सत्यवान सौरभ

ज्ञान बढ़ा पर भाव क्या, अब भी मन लाचार- यह पंक्ति केवल एक दोहा नहीं, बल्कि इक्कीसवीं सदी के मनुष्य की सामूहिक आत्मस्वीकृति है। हमने जितना ज्ञान अर्जित किया है, उतना शायद मानव इतिहास के किसी भी कालखंड में नहीं किया गया। सूचनाएँ उँगलियों पर नाच रही हैं, दुनिया एक छोटे से स्क्रीन में सिमट आई है और विज्ञान ने जीवन को सुविधाओं की पराकाष्ठा तक पहुँचा दिया है। इसके बावजूद या शायद इसी कारण मनुष्य भीतर से पहले से अधिक असहाय, असंतुलित और बेचैन दिखाई देता है।

आज का संकट ज्ञान के अभाव का नहीं बल्कि विवेक, संवेदना और ठहराव के लुप्त होने का संकट है।

स्क्रीन की चकाचौंध ने केवल हमारी आँखों को नहीं, हमारी चेतना को भी प्रभावित किया है। मोबाइल, लैपटॉप और डिजिटल माध्यमों ने सूचना को लोकतांत्रिक तो बनाया पर सोच को गहराई नहीं दी। हम पहले से कहीं अधिक पढ़ते हैं पर पहले से कहीं कम समझते हैं। हम देखते बहुत हैं पर महसूस कम करते हैं। हर पल अपडेट रहना आज सचेत होने की पहचान बन गया है लेकिन इसी निरंतर अपडेट ने मनुष्य को भीतर से थका और खाली कर दिया है। सोशल मीडिया पर विचार नहीं, प्रतिक्रियाएँ जन्म लेती हैं। वहाँ ठहराव नहीं केवल तात्कालिक उत्तेजना है। सच और झूठ, गंभीरता और सतहीपन, संवेदना और सनसनी- सब एक ही मंच पर समान महत्व के साथ परोसे जा रहे हैं। ऐसे वातावरण में सत्य विचार, जो समय, मौन और आत्मसंवाद से उपजते हैं, धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं।

आज का मनुष्य ऐसे समय में जी रहा है जहाँ संवाद लगातार हो रहा है पर संवादहीनता भी उतनी ही गहरी है। मोबाइल के कक्ष में आवाज़ें चिल्ला रही हैं-कॉल, मैसेज, वीडियो, मीटिंग्स, रील्स- हर ओर शोर है। लेकिन इसी शोर के बीच मनुष्य अपने ही भीतर की आवाज़ सुनने की क्षमता खो बैठा है। बाहर की बातचीत बढ़ी है, भीतर का संवाद घटा है। जब भीतर की खामोशी को सुना नहीं जाता तो वह धीरे-धीरे कुंठा, आक्रोश और असंतुलन में बदल जाती है। आज रिश्तों में बढ़ता तनाव, समाज में बढ़ती असहिष्णुता, ऑनलाइन अपमान और वास्तविक जीवन में बढ़ती असंवेदनशीलता- ये सब उसी अनसुनी खामोशी के लक्षण हैं।



हम बोलना जानते हैं पर सुनना भूल चुके हैं। न दूसरों की पीड़ा सुन पाते हैं, न अपने मन की बेचैनी समझ पाते हैं। संवाद की यह विफलता केवल व्यक्तिगत नहीं, सामाजिक भी है। जब समाज सुनना छोड़ देता है तो असहमति शत्रुता में बदल जाती है और विचार- विमर्श के स्थान पर टकराव जन्म लेता है। विज्ञान ने निःस्संदेह मानव जीवन को अभूतपूर्व सुविधाएँ दी हैं। रोगों पर नियंत्रण, संचार की गति, यात्रा की सरलता और उत्पादन की क्षमता- इन सब क्षेत्रों में विज्ञान ने क्रांति की है। लेकिन इसी विज्ञान से यह अपेक्षा भी जुड़ी थी कि वह मनुष्य को अधिक संतुलित, अधिक संवेदनशील और अधिक जिम्मेदार बनाएगा। दुर्भाग्यवश, ऐसा नहीं हुआ। विज्ञान ने हमें शक्ति दी पर संयम नहीं सिखाया। गति दी पर विराम नहीं। साधन दिए पर मर्यादा नहीं।

आज सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि हम क्या कर सकते हैं बल्कि यह है कि हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं। तकनीक हमें आगे बढ़ने के असंख्य रास्ते दिखाती है पर यह नहीं बताती कि कब रुकना है। यह निर्णय विवेक करता है और विवेक का विकास मशीनों से नहीं मानवीय मूल्यों से होता है। हमने ज्ञान को केवल संग्रहण तक सीमित कर दिया है। डिग्रियाँ बढ़ीं पर दृष्टि संकुचित होती गई। विशेषज्ञता बढ़ी पर समग्र समझ घटती चली गई। आज का शिक्षित व्यक्ति भीड़ में शामिल होने में तेज़ है पर अकेले खड़े होकर सच बोलने में हिचकता है। यह शिक्षा का नहीं सूचना के बोझ का परिणाम है। ज्ञान जब संवेदना से कट जाता है तो वह अहंकार बन जाता है। तकनीक जब विवेक से कट जाती है तो वह नियंत्रण के बजाय वर्चस्व का साधन बन जाती है।

इस स्थिति का समाधान तकनीक को नकारने में नहीं बल्कि उसे मानवीय मूल्यों के अधीन रखने में है। स्क्रीन से भागना संभव नहीं पर उसके सामने नतमस्तक होना भी अनिवार्य नहीं। हमें फिर से मौन का महत्व समझना होगा। हमें संवाद को केवल बोलने की प्रक्रिया नहीं सुनने की कला बनाना होगा। ज्ञान को आत्मचिंतन से जोड़ना होगा और विज्ञान को नैतिकता के साथ संतुलित करना होगा।

परिवार, शिक्षा और समाज-तीनों स्तरों पर यह पुनर्संरचना आवश्यक है। बच्चों को केवल स्मार्ट नहीं संवेदनशील बनाना होगा। शिक्षा को केवल प्रतिस्पर्धा का मैदान नहीं बल्कि मानवीय विकास का माध्यम बनाना होगा। समाज को यह स्वीकार करना होगा कि गति के साथ ठहराव भी उतना ही आवश्यक है। आज आवश्यकता किसी नए आविष्कार की नहीं बल्कि पुरानी मानवीय समझ की पुनर्स्थापना की है। तकनीक हमारे जीवन का साधन बने, लक्ष्य नहीं। संवाद शोर नहीं, सेतु बने। ज्ञान केवल बढ़े नहीं, मनुष्य को बेहतर बनाए। यदि हम यह संतुलन नहीं बना पाए तो आने वाली पीढ़ियाँ शायद अत्यंत उन्नत होंगी पर भीतर से और भी अधिक लाचार।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मध्यम वर्ग, किसान, महिलाओं और आम जनता के लिए लाभकारी है बजटः एमएलसी जितेन्द्र सेंगर



**महोबा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केन्द्र सरकार द्वारा ऐतिहासिक बजट पेश हुआ। लाइव प्रसारण के द्वारा कार्यकर्ताओ संग चरखारी नगर के तिवारी मार्केट में बजट प्रसारण देखा सुना। बजट ऐतिहासिक एवं हर वर्ग के लिए लाभदायक बजट है, बुंदेलखंड क्षेत्र में आईआईटी की स्थापना के लिए बजट में व्यवस्था की गई बुंदेलखंड क्षेत्र के युवाओं के लिए क्रन्तिकारी फैसला है। उक्त अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष अमित पटेरिया, जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता, मनोज द्विवेदी, आलोक सोनी, कैलाश ताम्रकार, सरमन कुशवाहा सहित मंडल टीम, कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे। शानदार बजट के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुँह मीठा कराया।

### प्रधानमंत्री के स्टार्टअप इण्डिया कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर उड़ान भर रही हैं लड़कियां



**कुलपहाड़/महोबा।** प्रधानमंत्री के स्टार्टअप कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर अब छोटे कस्बों में भी युवा लड़कियां अपना स्वरोजगार शुरू कर उड़ान भर रही है। नगर के गोंदी चौराहे पर इंद्रप्रस्थ कॉम्प्लेक्स में राधिका ब्यूटी पार्लर व थायरोकेयर कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत द्वारा किया गया। इस दौर में युवा पढ़ाई के साथ-साथ स्वरोजगार के क्षेत्र में भी कदम रख रहे हैं। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वरोजगार एवं स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका है ,जिससे प्रेरणा लेकर के लड़कियां भी रोजगार में अपने कदम बढ़ा रहीं हैं।चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत द्वारा राधिका ब्यूटी पार्लर एवं थायरोकेयर कलेक्शन सेंटर के उद्घाटन के दौरान उन्होंने अपने उदगार व्यक्त किये उन्होंने कहा कि सरकारी सेक्टर में नौकरियां ना के बराबर है, अब स्वयं का बिजनेस शुरू कर दूसरे लोगों को भी रोजगार देने का समय है जो प्रधानमंत्री की मनसा के अनुरूप है।नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने कहा कि ब्यूटी पार्लर खुल जाने से यहां की महिलाओं को बाहर नहीं जाना पड़ेगा।वहीं दूसरी लड़कियों यहां सीख कर अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकेगी। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर कमलेश सक्सेना ने कहा कि स्थानीय जगह पर मेडिकल से संबंधित टेस्टिंग की उच्च तकनीक नहीं है, थायरोकेयर कलेक्शन केंद्र खुल जाने से मरीज को बाहर नहीं जाना पड़ेगा और यही उन्हें जांच की सुविधा मिल जाएगी। इस अवसर पर गोरी द्विवेदी ,राधिका रत्नाकर, खुशबू अरजरिया, संजय अग्रवाल ,महेंद्र सिंह राजपूत, प्रशांत, डॉ प्रभात पटेरिया एडवोकेट, बृजेंद्र द्विवेदी एडवोकेट ,नरेश रिछारिया सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### शिरोमणि गुरु रविदास की मनाई गयी जयंती

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में गुरु रविदास के अनुयायियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। यात्रा का समापन मीरा तालाब के निकट स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित समारोह के साथ हुआ।कार्यक्रम में संत रविदास के विचारों पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि पंद्रहवीं शताब्दी के महान संत, समाज सुधारक और गुरु रविदास ने अपना संपूर्ण जीवन समाज में व्याप्त कुरीतियों और भ्रांतियों को मिटाने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने समानता, समरसता, मानव गरिमा और मानव कल्याण का संदेश दिया। जाति-पाति, ऊंच-नीच और भेदभाव से मुक्त समाज निर्माण का उनका उद्घोष आज भी प्रासंगिक है। उनका प्रसिद्ध संदेश मन चंगा तो कठौती में गंगा प्रत्येक व्यक्ति को आत्मचिंतन, सत्य और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।नगर क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों से डीजे, भांगड़ा, घोड़े और गाजे-बाजे के साथ शोभायात्राएं निकाली गईं, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंचीं। यहां उपस्थित लोगों ने संत रविदास की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने की शपथ ली।समारोह में पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ,सुनील दत्त, सुखदेव प्रसाद, कामता प्रसाद, जयवीर चौधरी, सभासद अमरेंद्र, कांग्रेसी नेता सलीम, रामविलास प्रकाश, जयपाल, फूलचंद, गया प्रसाद सहित बड़ी संख्या में नगरवासी और अनुयायी मौजूद रहे।

### नेत्र शिविर में मोतिया बिंद से प्रभावित मिले 47 मरीज़



**भरूआ सुमेरपुर।** कस्बे के ढडेश्वरी सरस्वती विद्या मंदिर में रविवार को मानवता की सेवा में तत्पर जानकी कुण्ड नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर में क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कॉर्डिनेटर डाक्टर सुशील कुमार ने बताया कि शिविर में 158 लोगों की आँखों की गहन जाँच की गई। जाँच के दौरान 47 मरीज़ों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया है। 25 लोगों को निशुल्क दवाइयाँ और 11 लोगों को चश्मे वितरित किए गए। शिविर में चित्रकूट नेत्र चिकित्सालय के कॉर्डिनेटर के अलावा डाक्टर आयुष मिश्र ने अपनी सेवाएँ दीं। शिविर को सफल बनाने में मंगली प्रसाद अमित कुमार आदि का सक्रिय योगदान रहा।

### देवरी दाई मंदिर में हुआ विशाल भंडारा



**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत मुंडेरा के देवरी दाई मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर रविवार को विशाल भंडारा संपन्न हुआ। भंडारे में मुंडेरा सहित आसपास के हजारों ग्रामीणों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष मुंडेरा के देवरी दाई मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया गया। कथा के समापन के बाद रविवार को विशाल भंडारा कराया गया। इस भंडारे में मुंडेरा, परेहटा, तिलसरस, मिहुना, अतरैया आदि गांव के हजारों लोगों ने हिस्सा लेकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रधान अनुरुद्ध सिंह, पूर्व प्रधान रामकिशोर यादव, रमाकांत द्विवेदी, पंकज निगम आदि ने मौजूद रहकर भंडारे में सहयोग प्रदान किया।

### ब्लाक कुरारा में बजट का लाइव प्रसारण सुनते

**कुरारा, हमीरपुर।** 1 फरवरी स्थानीय विकास खंड सभागार में भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को भाजपा कार्यकताओं द्वारा लाइव देखने की व्यवस्था की गई । बजट देखने के लिए लोगो की भीड़ मौजूद रही। ब्लाक सभागार में भारत सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को देखने के लिए व्यवस्था की गई थी। बजट को आम जनमानस के लिए उपयुक्त बताया गया।लाइव प्रसारण देखने के लिए मंडल अध्यक्ष मोहन कुशवाहा,कामता कुशवाहा, अभिनव तिवारी, अवधेश गुप्ता, रामविलास श्रीवास, धर्मेंद्र पालीवाल, सुभाष पांडे, दिनेश द्विवेदी राहुल द्विवेदी, प्रभात श्रीवास्तव, दीपक सिंह गौर, रमेश शिवहरे, रेनू सिंह, आदिसहित महिलाएं व मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने बजट की सराहना की है।

### मौलाना खान के साथ उनके सहयोगियों की संपत्ति का ब्योरा जुटाने में लगा प्रशासन

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** गत माह 15 जनवरी को कस्बे में हुए लव जिहाद,दुष्कर्म एवं धर्मांतरण के दबाव के मामले में आरोपी बनाए गए मौलाना खान के व्यावसायिक साझेदारों की कुंडली प्रशासन तैयार करने में जुटा हुआ है। कस्बे के पांच चुनिंदा व्यापारियों को चिन्हित करके उनकी आमदनी के स्रोत खंगाले जा रहे हैं। कुछ लोगों को बुलाकर पूछताछ भी की गई है। इससे इन लोगों में खलबली मच गई है मौलाना खान का पुश्तैनी कारोबार लकड़ी का रहा है। इसको जिले का लकड़ी माफिया कहा जाता है। मौलाना खान ने जब बसपा से नजदीकी बढ़ाई तब इसने लकड़ी के अलावा जमीन का कारोबार शुरू किया। इसको कस्बे में भूमाफिया भी कहा जाता है। जमीन के धंधे में इसने कस्बे के कुछ गैर मुस्लिमों को शामिल किया और जमकर खरीद फरोख्त करके कस्बे के चारों तरफ प्लाटिंग का कारोबार किया। अब इन्हीं साझेदारों की कुंडली प्रशासन मौलाना खान के साथ खंगाल रहा है। कुछ लोगों को थाने लाकर पूछताछ भी की गई है। खुफिया सूत्रों का दावा है कि प्रशासन गहनता के साथ मौलाना खान और उसके साथियों की कुंडली खंगाल रहा है। इनके आमदनी के स्रोत ढूंढ़े जा रहे हैं। बताते हैं कि यह तब संभव हुआ है जब भाजपा के एक कद्दावर नेता ने मुख्यमंत्री से भेंट करके मौलाना खान का काला चिट्ठा मुख्यमंत्री के समक्ष रखा है। इसके बाद ही प्रशासन सक्रिय हुआ है। प्रशासन के पूछताछ करने के बाद साझेदारों में हड़कंप मच गया है। यह लोग मौलाना खान से संबंधों को सिरे से नकारने लगे हैं, साथ ही दूरियां बढ़ा ली। खुफिया सूत्रों का कहना है कि जल्द ही इनकी कुंडली तैयार करके शासन को भेजी जाएगी। इसके उपरांत ही इनके खिलाफ जांच शुरू होगी।

# संत रविदास ने अंधविश्वास मिटाने को किया संघर्षः बृजभूषण राजपूत

▸ संत रविदास जयंती पर घोड़े, बैण्ड-बाजे और आकर्षक झांकियों के साथ निकाली गई शोभायात्रा





**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय विधायक बृजभूषण राजपूत ने रविदास जयंती पर कहा सन्त रविदास ने समाज में अंधविश्वास को समाप्त करने एवं छुआ- छूत को मिटाने के लिए जीवन-भर संघर्ष किया। संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें रविदास जी की आकर्षक झांकी के साथ घोड़े, बैंड-बाजे, डीजे आदि सहित भारी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। इस जुलूस में मजिस्ट्रेट अभिषेक मिश्रा के साथ प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक योगेश रावत, उपनिरीक्षक कृष्णा गुप्ता, उपनिरीक्षक मोहम्मद शोएब आदि सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड मय पुलिस बल के भ्रमणशील रहे। शोभायात्रा समापन के बाद रविदास मंदिर परिसर में गोष्ठी का कार्यक्रम एवं बच्चों का बूगी-वूगी व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस शोभायात्रा का शुभारंभ कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा रविदास मंदिर से शुरूआत कर नगर के हटवारा, बस स्टैंड, बाजार, किशोरगंज, पठवा पुरा, नजरबाग, सतियनपुरा, सेनापति वार्ड, कठवरिया पुरा होते हुए यथा स्थान समापन हुई। शोभायात्रा समापन के बाद रविदास मंदिर में बच्चों का बूगी-वूगी व सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद विधायक बृजभूषण राजपूत व जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी सहित विभिन्न वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। विधायक बृजभूषण राजपूत ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज में अंधविश्वास को खत्म करने व छुआछूत को मिटाने लिए जीवन भर संघर्ष किया। ऐसे महापुरुष के आदर्शो को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संत की बाणी को अपनी बाणी बना लें, और अपने बच्चों को महापुरुषों की किताब को रोज पढ़कर सुनाए, निश्चित ही सही संस्कार प्राप्त होंगे। ज़िला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने कहा कि रविदास जी ने छुआछूत ऊंच-नीच के खिलाफ अभियान चलाकर समाज को एक नई दिशा देने का काम किया है। प्रतीक यादव ने संत रविदास को महान प्रेरणाश्रोत बताते हुए बिना पढ़े लिखे होकर भी दूसरों को प्रेरणा देने का काम किया। समिति के अध्यक्ष महेंद्र वर्मा ने सभी समाज के लोगों को एक जुट रहकर उनके बच्चों का भविष्य बनाने पर जोर दिया। और अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शीतल प्रसाद ने किया। इस अवसर पर बच्चों के बूगी-वूगी प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरूस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मौके पर उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड, प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह सहित पंकज जाटव, इंद्रपाल सिंह यादव एडवोकेट, उपाध्यक्ष नवल किशोर, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अहिरवार, शीतल प्रसाद, रफीक उल्ला सिद्दकी, संरक्षक बाबूलाल अहिरवार, काशी प्रसाद अहिरवार, कल्लू नेता कारीगर, मानवेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में अहिरवार समाज व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर अजनर में निकाली गई शोभायात्रा

▸ प्रेम, समानता और मानवता का दिया संदेश



**अजनर/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

समाज सुधारक एवं भक्ति आंदोलन के महान कवि संत शिरोमणि संत रबिदास की जयंती के अवसर पर सोमवार को अजनर कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के माध्यम से संत रबिदास द्वारा दिए गए प्रेम, समानता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया।

संत रबिदास का प्रसिद्ध कथन मन चंगा तो कठौती में गंगा बुंदेलखंड क्षेत्र में आज भी जनमानस की जुबान पर है, जो उनके आध्यात्मिक और सामाजिक विचारों को दर्शाता है। शोभायात्रा का शुभारंभ संत रबिदास मंदिर से घोड़ों, गाजे-बाजे और डीजे के साथ किया गया। शोभायात्रा कस्बे के बस स्टैंड होते हुए विभिन्न गली-कूचों से गुजरती हुई पुनः संत रबिदास मंदिर पर आकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान सावित्रीबाई फुले, बाबा गाडगे, फातिमा शेख, नामदेव बाबा, ऊदा देवी पासी एवं गोविंद राव जैसी महान विभूतियों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। डीजे की धुनों पर युवा व युवतियां जमकर थिरके, जिससे पूरे कस्बे में उत्सव का माहौल बना रहा।इस अवसर पर संत रैदास समिति के अध्यक्ष सुरेश अहिरवार, उपाध्यक्ष रितेश, सचिव भानु प्रताप, कोषाध्यक्ष दीपक, पन्नालाल, रमेश, मुकेश सहित सैकड़ों श्रद्धालु व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रही पुलिस



**कुलपहाड़, महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रवल प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सन्त रविदास जयंती के रैली जुलूस में बनी रही , नगर व आसपास के क्षेत्र में सन्त रविदास जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा जुलूस शांतीपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। कुलपहाड़ क्षेत्र में सीओ रविकांत गोंड के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह, क्राइम इन्स्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक योगेश रावत, उपनिरीक्षक कृष्णा गुप्ता पुलिस वल के साथ मौजूद रहे, तो वही अजनर में थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र पुलिस वल के साथ सुरक्षा की कमान संभालें दिखाई दिए और रविदास जयंती पर जुलुस शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

### छात्राओं को कराया गया ऐतिहासिक शहर ग्वालियर का पांच दिवसीय शैक्षिक भ्रमण




**समृद्धि न्यूज, महोबा।**

पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की चयनित 40 छात्राओं को समग्र शिक्षा योजनांतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद यादव के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक शहर ग्वालियर का पांच दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कराया गया। ग्वालियर में छात्राओं को क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान, ऐतिहासिक किला, चिड़ियाघर, प्रयोगशाला पशु सुविधा, परिषद सभा कक्ष का भ्रमण कराया गया। उक्त शैक्षिक भ्रमण के संबंध में राजकीय बालिका इण्टर कालेज महोबा की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने बताया कि आयुर्वेद संस्थान में चिकित्सा पद्धति के नवीन प्रयोगों की विस्तृत जानकारी विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों द्वारा छात्राओं को दी गई। इस यात्रा का उद्देश्य छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान, नवाचार के माध्यम से कौशल प्रबंधन तथा अपने प्रदेश के बाहर की संस्कृति, बोली, इतिहास आदि से परिचित कराना था। इस यात्रा में प्रधानाचार्या के साथ शबाना सिद्दीकी, सतचरन प्रजापति, रंजना धुरिया, शांति रैकवार आदि शिक्षक एवं शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

### बीए का छात्र चार दिन से लापता



**मौदहा (हमीरपुर)।** बीए प्रथम वर्ष का एक छात्र बीते चार दिनों से लापता है। छात्र घर से कॉलेज जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। इस संबंध में परिजनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।बताया गया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहिया निवासी देशराज कुशवाहा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपते हुए बताया कि उनका 19 वर्षीय पुत्र नीतेश कुमार कुशवाहा कस्बे के बड़े चौराहा के समीप स्थित डिग्री कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। बीते 27 जनवरी को वह घर से कॉलेज जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका।परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने पुलिस की मदद ली। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर लापता छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और उसकी तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

# शिरोमणि संत रविदास जयंती पर पनवाड़ी में निकली शोभायात्रा, गाजे-बाजे के साथ उमड़े श्रद्धालु

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

पनवाड़ी कस्बे में भी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और अनुयायी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार मुखिया ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। शोभायात्रा का शुभारंभ रविदास मंदिर से हुआ, जो तिवारीपुरा, मैन बाजार, पाठकपुरा, ब्लॉक, देवगनपुरा, अग्निहोत्रीपुरा, रहुनियांपुरा, राजगंज नई बस्ती होते हुए बस स्टैंड तिगैला राठ रोड स्थित पेट्रोल पंप तक पहुंची। इसके पश्चात शोभायात्रा पुनः रविदास मंदिर पहुंचकर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में संत रविदास जी महाराज की जय के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। संत शिरोमणि गुरु रविदास सामाजिक समरसता, मानवता और आध्यात्मिकता के महान प्रतीक थे। उन्होंने जातिवाद, भेदभाव और ऊँच-नीच के विरुद्ध आवाज उठाई और समाज को समानता का संदेश दिया। संत रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा, वर्ष 1376 ईस्वी को उत्तर प्रदेश के वाराणसी के समीप सीर गोबर्धनपुर गांव में हुआ था। उनकी माता कर्मा देवी (कलसा) और पिता संतोख दास (रग्घु) थे। विभिन्न प्रदेशों में उन्हें रविदास, रैदास, रोहिदास और रुइदास जैसे नामों से जाना जाता है।

### प्रधान और ब्लॉक प्रमुख ने संत रविदास की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, लिया आशीर्वाद

ग्राम प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान संजय द्विवेदी ने रविदास मंदिर पहुंचकर गुरु रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। वहीं पनवाड़ी ब्लॉक प्रमुख अंजना श्री प्रकाश अनुरागी (इंजीनियर) ने भी मंदिर पहुंचकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और श्रद्धा व्यक्त की। शोभायात्रा में क्षेत्रीय रविदास कमेटी अध्यक्ष रवि चौधरी, कोषाध्यक्ष मोतीलाल अहिरवार (शिक्षक, नेहरू इंटर कॉलेज), रविंद्र चौधरी, रामस्वरूप दद्दा, काशीराम, पप्पू सलमान सद्दाम कुरैशी चंदन हाशमी कल्लू कुरैशी अय्यूब नेता , रमेश मेंबर, सहित सैकड़ों अनुयायी शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन पूरे जुलूस में मुस्तैदी से तैनात रहा।

# सपा ने मनाई संत शिरोमणि रविदास और नरहरी सोनार महाराज की जयंती



**हमीरपुर।** सपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में मुख्यालय स्थित सपा कार्यालय मे संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती और संत शिरोमणि नरहरी सोनार महाराज की जयंती मनाई गई।सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने काशी मे जन्मे हिंदी भाषी संत शिरोमणि रविदास जी के जीवन पर चर्चा कर उनके योगदान को बताया। इसी तरह उन्होंने 1313 में महाराष्ट्र के पंडरपुर मे जन्मे मराठी भाषा के प्रसिद्ध कवि एवं संत नरहरी सोनार के जीवन पर प्रकाश डाला। बताया कि यह संत वारकाटी संप्रदाय के शिवभक्त संत थे। इनके द्वारा लिखित किताब देवा तुझा मी सोनार विश्व विख्यात है। इस कार्यक्रम के दौरान ओमप्रकाश सोनकर वारसी प्रदेश सचिव, हरी नारायण निषाद, जगमोहन यादव, नरेश सिंह खेंगर, रजा हुसैन, कामता प्रसाद प्रजापति, राघवेंद्र यादव, सुभान खान सहित अनेक सपाई मौजूद रहे।

### तीन के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ 50 हजार रुपये गबन का मुकदमा दर्ज किया है कस्बे के वार्ड संख्या 16 के निवासी रविंद्र कुमार ने अदालत को अवगत कराया था कि वह 22 अक्टूबर 24 से 27 नवंबर तक जेल में निरुद्ध रहा। प्रार्थी का मोबाइल अरविंद शिवहरे लरौंद मौदहा के पास था। प्रार्थी लक्ष्य जन सेवा समिति का अध्यक्ष है। अरविंद शिवहरे ने करुणेन्द्र कुमार निवासी वार्ड संख्या 8 विंध्यवासिनी मार्ग, अभिलाष सिंह निवासी वार्ड संख्या 16 से मिलीभगत करके मोबाइल से आनलाइन आईडी पासवर्ड बदलकर समिति के खाते से 50 हजार रुपये निकालकर गबन कर लिया है। पुलिस ने अदालत के आदेश पर तीनों के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज किया।

# एनजीटी की टीम चार फरवरी को गायत्री गंगा का सच जानने मौके पर आएगी

▸ रविवार को एडीएम न्यायिक ने देखी नदी



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के समाजसेवी राजेश शिवहरे की याचिका पर एनजीटी की टीम 4 फरवरी को गायत्री गंगा (करोड़न नदी) को मौके पर आकर स्थिति देखेगी। रविवार को एडीएम ने एसडीएम सदर एवं तहसीलदार, नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी के साथ कस्बे से गुजरी गायत्री गंगा का निरीक्षण किया। इस मौके पर वन विभाग की टीम भी मौजूद रही कस्बे के स्टेशन मार्ग निवासी समाजसेवी राजेश शिवहरे ने गत वर्ष एनजीटी के समक्ष याचिका दाखिल करके कस्बे में गुजरी गायत्री गंगा के अतिक्रमण को हटाकर साफ सफाई कराने की मांग की थी। एनजीटी ने इसको गंभीरता के साथ लिया था और सुनवाई करते हुए प्रशासन से नदी की रिपोर्ट तलब की थी। इस याचिका पर अगली सुनवाई 9 मार्च को होनी है। इसके पूर्व प्रशासन ने इसको नदी की जगह बरसाती नाला मानकर रिपोर्ट प्रस्तुत की है जबकि याचिका कर्ता का दावा है कि यह वर्ष पर्यंत बहने वाली नदी है किसी हद तक यह दावा सही भी है क्योंकि इसमें वर्ष पर्यंत पानी रहता है। यही सच जानने के लिए एनजीटी की टीम 3 फरवरी को मुख्यालय आ रही है 4 फरवरी को टीम मौके पर नदी का अवलोकन करके रिपोर्ट तैयार करेगी। रविवार को एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद ने एसडीएम सदर केडी शर्मा, तहसीलदार, नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य, वन विभाग की टीम के साथ नदी का भ्रमण करके रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

# ब्लाक सभागार में विधायक ने देखा बजट का लाइव प्रसारण

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

रविवार को केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण ब्लॉक में सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने ब्लॉक प्रमुख जय नारायण सिंह यादव के साथ बैठकर देखा। इस मौके पर भाजपा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता मौजूद है। बाद में विधायक ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह विकासपरक बजट है। इससे प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। बजट में गांव, गरीब, किसान, युवाओं एवं महिलाओं का विशेष ख्याल रखा गया है।केंद्र सरकार के बजट का लाइव प्रसारण ब्लॉक सभागार में विधायक की मौजूदगी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठकर देखा। बाद में सदर विधायक ने कहा कि यह बजट देश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। इस वजह से देश के लोगों में खुशहाली की तस्वीर उभरेगी



### किसानों, महिलाओं के लिए निराशाजनक है बजट

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे की निवासी गोमती देवी ने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं है। इस बजट में महिलाओं को निराश किया है। कस्बे के किसान भोला तिवारी ने कहा कि बजट में किसानों के लिए कोई घोषणा नहीं की गई है। सब कुछ पूर्व की भांति है।किसान बजट में कृषि यंत्र की कीमतें कम किए जाने की उम्मीद लगाए हुए थे। लेकिन कोई घोषणा नहीं हुई। बजट में बुंदेलखंड के किसानों को निराश किया है।

**बजट से कस्बे के जूती उद्योग को राहतः** बजट में चमड़ा सस्ता किए जाने की घोषणा से कस्बे के जूती बाजार को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। कस्बे के जूती उद्योग को एक जिला एक उत्पाद में शामिल कर रखा गया है। लेकिन इसके विकास को आज तक गति नहीं मिली। आम बजट में चमड़ा सस्ता करने की घोषणा की गई है। इससे कस्बे के जूती उद्योग को राहत मिलने के आसार बन गए हैं। जूती कारीगर वंश गोपाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने चमड़ा सस्ता करने की बजट में घोषणा की है। अगर चमड़ा सस्ता होगा, तो हमारे व्यापार को गति मिलेगा और कारोबार में सुधार होगा। महंगाई के चलते जूती उद्योग में सुधार नहीं हो रहा था।

### नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**मौदहा (हमीरपुर)।** शनिवार की देर शाम मौदहा कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव में एक नाबालिक छात्रा ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मां के शोर मचाने पर परिजन व पड़ोसियों ने आनन-फानन में फंदा काटकर छात्रा को मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छिरका गांव निवासी गणेशा निषाद की 17 वर्षीय पुत्री रेशमा शनिवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर के कमरे में कड़ी से रस्सी का फंदा बनाकर झूल गई। घटना के समय घर में मौजूद मां ने जब बेटी को फांसी पर लटका देखा तो शोर मचाया। आवाज सुनकर पड़ोसी व चाचा जगना मौके पर पहुंचे और रस्सी काटकर रेशमा को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।चाचा जगना ने बताया कि गणेशा निषाद के दो पुत्र और एक पुत्री है। गणेशा सूरत में रहकर मजदूरी करता है और वहीं से परिवार का भरण-पोषण करता है। बड़ा पुत्र राधेश्याम गांव में ही एक ईंट भट्ठे के पास गुमटी पर पान-गुटखा की दुकान पर बैठता है। रेशमा मौदहा कस्बे के गांधी विद्यालय में हाईस्कूल की छात्रा थी।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। वहीं ग्राम प्रधान मुकेश प्रजापति ने कहा कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं।घटना से गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# श्रद्धाभाव से मनाई गई संत रविदास की जयंती

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

सन्त शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पूरे हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ जनपद में मनाई गई। रविदास जयंती समारोह समिति कानूनगोयान द्वारा शहर में शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में लोग अपने गुरू के प्रति श्रद्धा एवं भक्ति भाव की हिलोरो के साथ झूमता समाज सन्त शिरोमणि गुरू रविदास के भजन, आरती गाते हुए ढोल-नंगाड़ो के साथ शोभायात्रा में झूमता चल रहा था।

शोभायात्रा की अगुवाई वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश चन्द्र कुरील ने की, शोभायात्रा मोहल्ला कानून गोयान निकट मुड़कटी देवी मन्दिर से प्रारम्भ हुई शोभायात्रा में ढोल-नंगाडे और आधुनिक वाद्ययन्त्रो की सरगम पर भक्तजन ढोल-मंजीरो की थाप पर भजन करते एवं नृत्य करते आगें बढ़ रहे थे आगे-आगे माताएँ-बहने आरती और लोक गायन कर रही थीं बाल व तरुण कलाकारो ने शोभायात्रा में झांकियो के माध्यम से संत रविदास के जीवन प्रसंगो एवं शिक्षाओं को समाज के सामने प्रस्तुत किया।

**▸ निकली शोभायात्रा, भक्तिमय हुआ माहौल**

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई मोहल्ला पैसार (सिद्धार्थनगर) में सभा के रूप में परिवर्तित हो गयी।

मनोज कुरील ने गुरू रविदास जी की सर्वकालिक शिक्षाओ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमे गुरू की रचनाओं एवं समाज के प्रति उनके योगदान को अपनी वर्तमान और आने वाली पीढ़ियो को अध्यन कराना चाहिए और समाज में इसका प्रसार-प्रचार करना



चाहिए। कार्यक्रम आयोजक रमेश चन्द्र कुरील ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, शिक्ख समाज, जैन समाज एवं समस्त व्यापारी बन्धुओ के स्वागत एवं सेवा कार्यो का अभिनन्दन करते हुए आभार प्रकट किया।

स्वागतकर्ता व सहयोगी के रूप में प्रमुख रूप से सा0 भूपेन्द्र सिंह, हरपीत सिंह, हरपाल सिंह, डॉ0 अरविन्द, राजदीप सिंह, चरनजीत सिंह, सतनाम सिंह, अवतार सिंह, कीरत सिंह, तीरथ सिंह, सुरेन्द्र सिंह, जसबीर कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा भुल्लन, निवर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष अरविन्द मौर्या, डॉ0 राम कुमारी मौर्या, डॉ0 विवेक वर्मा, संदीप गुप्ता, विष्णु प्रभाकर वर्मा, रोहितांश दीक्षित, पंकज गुप्ता पंकी, सिद्धार्थ कनौजिया, प्रभात वर्मा, सुनीत अवस्थी, संदीप टण्डन, ऋषभ वर्मा, विनोद वर्मा, शशी गुप्ता, संदीप बाल्मीकि, राकेश पटेल, चन्द्र प्रकाश गुप्ता, नगर अध्यक्ष भाजपा सूरज सिंह, अभिषेक नीरज गुप्ता, डॉ0 जुगुल किशोर मौर्या, प्रेम रस्तोगी, हर्ष कुरील, राम अधार, हनोमान प्रसाद, संदीप कुरील, सुजीत कुरील, विपिन कुरील, विनय कुरील, सुशील कनौजिया, शैल कुमार, जितेन्द्र कुरील, राकेश कुमार लखनऊ आदि उपस्थित रहें।

वहीं नाका चौराहे पर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में पार्क अनुरक्षण समिति द्वारा सन्त रविदास जी जयन्ती मनाई गई। यहां सन्त की स्थापित प्रतिमा पर समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार, महासचिव राम औतार सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पांजलि किया। सिद्धार्थनगर पैसार में स्थित डॉ अम्बेडकर छात्रावास में विगत वर्षो की भाँति समाज सेवा संस्थान द्वारा सन्त रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। पूर्व सांसद आनंद प्रकाश गौतम, सुंदरलाल भारती, रामसजीवन, आदित्य प्रकाश, संतलाल, हरिनंदन सिह गौतम, शिवबरन सिंह जयंत गौतम सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पूर्व एमएलसी दीपक सिंह का बजट पर तीखा हमला

अमेठी समृद्धि न्यूज़।



पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने केंद्रीय बजट 2026 को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे जनविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने में विफल रहा है।

यह बजट युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग व गरीब तबके को निराश करने वाला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में ऐसा वातावरण था कि उस दौर में अवसर, शिक्षा और सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया गया। लेकिन भाजपा सरकार के बजट और नीतियों के चलते आज स्थिति यह है कि पढ़े-लिखे युवा चाय बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने इसे बेरोजगारी और आर्थिक असमानता का बड़ा प्रमाण बताते हुए कहा कि बजट में रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और महंगाई नियंत्रण जैसे मूलभूत मुद्दों पर कोई ठोस योजना नहीं दिखाई दे रही है।

युवाओं को रोजगार के नाम पर केवल आंकड़ों और वादों का सहारा दिया गया है। किसानों के लिए भी बजट में कोई ठोस राहत नहीं है, जिससे उनकी आय बढ़ सके या लागत कम हो। उन्होंने आरोप लगाया है कि यह बजट पूंजीपतियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जबकि आम नागरिक की जरूरतों और समस्याओं की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का यह बजट देश की जनता के साथ सीधा धोखा है और आने वाले समय में जनता इसका जवाब अवश्य देगी।

## खबरें एक नजर में

### मुकदमाती वाहनों की हुई नीलामी



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना जैदपुर पुलिस द्वारा 144 मुकदमाती दो पहिया वाहनों व 5 पेड़ यूकेलिप्टस की नीलामी की गयी। जानकारी के अनुसार दिनांक 31-1-2026 को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में थाना जैदपुर पुलिस द्वारा 144 मुकदमाती दो पहिया वाहनो की 10,17,450 रूपये तथा 5 यूकेलिप्टस पेड़ की 45,900 रूपये में नीलामी की गयी।उक्त नीलामी मे क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव,नायब तहसीलदार प्रियंका शुक्ला,प्रभारी निरीक्षक थाना जैदपुर सन्तोष कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पांच किलो गांजा के साथ तीन गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़, समृद्धि न्यूज।** पुलिस द्वारा अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान कार सवार 3 अभियुक्तों रवीउल्ला पुत्र अब्दुल कयूम, गयासुद्दीन खान उर्फ तब्बू पुत्र शराफत उल्ला खाँ निवासीगण ग्राम सिधियाँवा थाना जगदीशपुर व संतोष कुमार उर्फ पप्पू पुत्र स्व राम लखन जायसवाल निवासी ग्राम पन्ना टिकरी कामतागंज बाजार थाना कोतवाली देहात जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार किया गया है। कार व अभियुक्तों के तलाशी से कब्जे से 5 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। नेक्सान कार सं यूपी 36 ई 8410 के कागजात मांगने पर दिखा न सके । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### सीएमओ ने ईएमटी व पायलट को किया सम्मानित



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाओं में कार्यरत ईएमटी एवं पायलटों को उनकी समर्पित, निष्ठावान एवं सराहनीय सेवाओं के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर सेवाएँ प्रदान कर मानव जीवन की रक्षा करने में उनके योगदान को सराहा गया। जिसमें मौके पर एम्बुलेंस जिला प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी, लीलाधर तिवारी एवं प्रोग्राम मैनेजर संजय प्रजापति ने उपस्थित होकर एम्बुलेंस कर्मियों का प्रोत्साहन किया तथा एम्बुलेंस सेवा को और भी बेहतर बनाने के लिये दिशा निर्देश दिया।

### धूमधाम से निकली श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ कलश यात्रा



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत विकास खण्ड भेंटुआ के ग्राम दलशाहपुर में कृष्णदेव मिश्र के यहाँ रविवार को श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ कथा प्रारंभ हुई। रविवार को कथा के उपलक्ष्य में धूमधाम से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। आज सोमवार से अयोध्या से पधारे प्रशिद्ध कथा वाचक 1008 श्री अमर दास जी महाराज द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। कथा श्रवण का समय दोपहर दो बजे से पाँच बजे तक सुनिश्चित किया गया है। कलश यात्रा में मुख्य यजमान के अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता कालिका प्रसाद मिश्र, मथुरा प्रसाद मिश्र, राजेश्वर मिश्र, मथुरा मिश्र, राकेश यादव आदि सैकड़ो भक्त और मातृ शक्तियों उपस्थित रहीं।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा पीएम आवास, पात्र पीड़िता आपात्र घोषित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड सिंहपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मेहमानपुर के ग्राम गंगापुर निवासिनी कान्ती देवी पत्नी बृजेंद्र कुमार मिश्र ने शपथपूर्वक जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में ग्राम विकास अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि 2023 में आपदा दौरान घटित घटना में पीड़िता का कच्चा मकान गिर गया। राजस्व विभाग ने जांच उपरांत राहत कोष से रुपये चार हजार प्रार्थनी को आर्थिक धनराशि के रूप में प्राप्त हुई। इसके उपरान्त पीड़िता का नाम पात्र ग्रहणी के रूप में प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में शामिल किया गया। पीड़िता का कहना है कि निरीक्षण के दौरान कथित ग्राम पंचायत अधिकारी पीड़िता से मिली और अप्रत्यक्ष रुप से संक्षेप में आवास के एवज में बीस हजार रुपये की मांग की और पीड़िता को पात्र घोषित कर दिया। पात्रता सूची में शामिल होते ही बहुचर्चित ग्राम पंचायत अधिकारी तय रकम बीस हजार को पीड़िता से मांगा। पीड़िता का आरोप है कि उसने मजबूरी बस दस हजार रुपये दे दिया। भ्रष्टाचारी ग्राम पंचायत अधिकारी तय रकम से बकाया राशि मांगती रही। इसी दौरान पीड़िता के द्वारा आवास संबंधित एक शिकायत पत्र जनसुनवाई पोर्टल पर किया था जिस पर ग्राम विकास अधिकारी द्वारा गलत निरीक्षण कर प्रार्थनी द्वारा पैसा न देने पर पीड़िता के पति के भाई के मकान को दिखाकर गलत रिपोर्ट लगा दिया। आवास सत्यापन के दौरान एक जिम्मेदार व लाभार्थी के बीच भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोप का विवाद हुआ। पीड़िता ने हार कर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र जरिए डाक भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

## शातिर चोरों का गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम द्वारा 02 चोर/अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। कब्जे से चोरी का एक अदद इंजन (पम्पिंग सेट) बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद तमंचा मय जिंदा कारतूस .315 बोर, एक अदद नाजायज चाकू व एक अदद ट्रैक्टर ट्राली बरामद हुआ है।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम द्वारा डिजिटल डेटा की मदद से आज दिनांक 01.02.2026 अभियुक्तगण 1. शिवशंकर पुत्र बद्री निवासी ग्राम भिखरा थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी, 2. दीपक पुत्र धुन्नर निवासी ग्राम दरियाव सिंह का पुरवा मजरे भिखरा थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी को सुल्तानपुर लखनऊ रोड बहद ग्राम भिखरा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी का एक अदद इंजन पम्पिंग सेट फील्ड मास्टर तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद तमंचा मय एक जिंदा कारतूस .315 बोर, एक अदद नाजायज चाकू व एक अदद ट्रैक्टर ट्राली बरामद किया गया। *बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 32/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम शिवशंकर उपरोक्त व मु0अ0सं0 33/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम दीपक पंजीकृत किया गया।

पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण द्वारा अपने अन्य साथी के साथ मिलकर पैसा कमाने तथा खर्चा चलाने हेतु चोरी करते है। दिनांक 30/31.01.2026 की रात्रि को थाना हैदरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भिखरा में खेत में सिंचाई हेतु लगे एक पम्पिंग सेट इंजन को चोरी किया था। जिस संबंध में मु0अ0सं0 31/2026 धारा 303(2) /317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

## आनंद विहार कान्वेंट कालेज में आयोजित हुई विदाई समारोह एवं गुड लक पार्टी

**▸ समाजसेवी ने छात्रों का किया मार्गदर्शन**

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



शहर के लखपेड़ाबाग स्थित आनंद विहार कान्वेंट इंटर कॉलेज में इंटरमीडिट के छात्रों की विदाई समारोह और गुड लक पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सदस्य/न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाल कल्याण समिति/न्यायपीठ एवं पूर्व निदेशक, चाइल्ड लाइन तथा चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल के प्रबंधक रत्नेश कुमार ने छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित करते हुए कहा कि छात्र अपने स्कूल, अपने माँता पिता और अपने आप पर गर्व करे, मन से हीन भावना त्यागकर लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई करें, सफलता अवश्य मिलेगी। विशिष्ट् अतिथि के रूप में इंजीनीयर रवींद्र वर्मा फॉर्मे 'प्रोजेक्ट इंचार्ज विप्रो व वरिष्ठ प्रवक्ता रसायन विज्ञान सुखेंद्र सिंह ने कहा कि पढ़ाई छात्र करते हैं, लेकिन क्या पढना है कितना पढना है यह सभी छात्र नहीं समझ पाते हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक शैलेंद्र सिंह ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट किया व स्वागत किया इंटर में सम्मिलित होने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह दिया।

कार्यक्रम में मंच संचालन आयशा इकबाल किदवाइ ने किया शिक्षक सविता वर्मा, वंदना वर्मा, ऊषा दीक्षित, ललित कुमार, सौरभ शुक्ला, आंशिक मिश्रा, आरती देवी, आदि शिक्षक ने आशीर्वाद दिया, आये हुए अतिथियों का आभार प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार सिंह ने किया।

### सपा पदाधिकारियों ने संत रविदास को किया नमन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संत शिरोमणि रविदास की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। पार्टी प्रवक्ता राजेश मिश्र ने बताया कि इस मौके पर संत रविदास के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर उनके विचारों और आदर्शों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम उदित यादव रहे। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि संत रविदास ने समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने जाति-पाति, ऊंच-नीच और भेदभाव के विरुद्ध आवाज बुलंद करते हुए समतामूलक समाज की परिकल्पना प्रस्तुत की। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास का जीवन संघर्ष, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर गुंजन सिंह, प्रतिभा यादव, अशोक यादव, मनु पाल, मनीराम वर्मा, दीपू तिवारी, चंद्रशेखर यादव, मोनू यादव, डी.के. सरोज, सूबेदार यादव, डॉ. आशीष चंद्र सरोज, मोहम्मद इमरान सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खाद्य विभाग ने लगायी व्यापारी प्रशिक्षण कार्यशाला

लालगंज-रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के सहयोग से

खाद्य विभाग की ओर से लालगंज नगर के रूद्रा होटल में होटल,बेकरी एवं अन्य व्यापारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

खाद्य निरीक्षक हरेंद्र सिंह के द्वारा कार्यशाला में साफ-सफाई, रखरखाव और पैकिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसका मुख्य उद्देश्य खाद्य सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाना था।कार्यशाला में भाग लेने वाले व्यापारियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए।



इस अवसर पर व्यापारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और खाद्य सुरक्षा के महत्व पर चर्चा की।

व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम खाद्य व्यापारियों को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य सामग्री तैयार करने में मदद करते हैं। वही कार्यशाला में व्यापारियों को बिजनेस करने के टिप्स देते हुए प्रशिक्षक दिव्या ने महत्वपूर्ण जानकारी दी और कहा कि होटल के व्यवसाय में मास्क और हेड कैप लगाना बहुत आवश्यक रहता है। संक्रामक रोगों से ग्रसित किसी भी कर्मचारी को दुकान में नहीं रखना चाहिए।इससे उपभोक्ताओं को भी सुरक्षित भोजन मिलता है। दुकान में एक्सपायरी सामान के लिए अलग से रैक होनी चाहिए, वहां पर इसका बोर्ड लगा होना चाहिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रोहित सोनी उदयराज, मौर्या पंकज शुक्ला सहित व्यापार मंडल के जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, केसी गुप्ता ,नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ,कौशलेंद्र कंचन, सानू बाजपेई शीलू गुप्ता ,अर्पित गुप्ता, महेश सोनी,पुष्कर गुप्ता हंसराज विश्वकर्मा नीरज गुप्ता अभिषेक गुप्ता लगभग 300व्यापारी मौजूद रहे।

### अच्छा कार्य व्यवहार पर होमगार्ड दिनेश सिंह हुए सम्मानित



**महराजगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जनवरी माह में अच्छा कार्य करने पर होमगार्ड हुआ सम्मानित होमगार्डों में एक मुहिम चलाई जाती है और पूरे माह नजर रखी जाती है कि किस होमगार्ड द्वारा अच्छा कार्य किया गया ये मुहिम होमगार्ड इंद्रमणि सिंह के द्वारा शुरू की गई थी जो की महराजगंज कोतवाली में लगातार चल रही है जनवरी माह में होमगार्ड दिनेश सिंह को अच्छा व्यवहार एवं टर्न आउट सही पाए जाने पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव एवं होमगार्डों द्वारा प्रशस्ति पत्र अंग वस्त्र एवं माला पहना सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजेश कुमार राय बुद्धसेन शर्मा इंद्रमणि सिंह राम प्रताप यादव मेवा लाल गौड़ अनुज सिंह रामदास यादव शिवकरन यादव रामकुमार सिंह सतीश प्रताप सिंह लाल मोहम्मद कमला कांत शास्त्री तेज बहादुर सुरेश कुमार यादव शिव शंकर मिश्रा रामकुमार यादव राजेश कुमार सिंह ईसा मोहम्मद छिटई प्रसाद राम यश मौर्य होमगार्ड मौजूद रहे।

## टांडा झील में अब नहीं सुनाई देता राजकीय पक्षियों का कलरव

बछरावां-रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



एक दशक पूर्व राजकीय पक्षी सारस का गढ़ कहीं जाने वाली विकास क्षेत्र के अंतर्गत टांडा गांव में झारखंडेश्वर मंदिर के पीछे स्थित कई बीघे की विशाल झील अब राजकीय पक्षियों के कलरव के शोर से वीरान दिखती हुई नजर आ रही है, क्योंकि उक्त झील में इन राजकीय पक्षियों के संरक्षण के लिए न तो वन विभाग के द्वारा कोई ठोस कदम उठाया गया और न ही पर्यटन विभाग के द्वारा।

ग्रामीण शिवाशंकर शुक्ला, डॉक्टर लक्ष्मीकांत, आचार्य हरेराम मिश्र, राकेश कुमार, रामू अनाड़ी, देवराज सिंह, अविनाश चंद्र बाजपेई, मधुकर सिंह, दुर्गेश सिंह, सत्यनारायण कुशवाहा सहित दर्जनों क्षेत्रवासियो का मानना है कि पूर्व में वन विभाग और पर्यटन विभाग के द्वारा अगर इस झील के सौंदर्यीकरण एवं राजकीय पक्षियों के संरक्षण के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया होता तो आज इन पक्षियों के कलरव का शोर इस झील के इर्द गिर्द सुनाई दे रहा होता और इस तरह से यह राजकीय पक्षी एकाएक विलुप्त होते हुए नजर नहीं आते। साथ ही साथ उनका यह भी कहना है कि कुछ वर्ष पूर्व कुछ राजकीय पक्षी इस झील के इर्द-गिर्द दिखाई दे रहे थे, परंतु बीते 5 वर्षों से उनकी संख्या न के बराबर दिख रही है। जिसका कारण वन विभाग और पर्यटन विभाग के द्वारा पूर्ण रूप से इस विशालकाय झील को संरक्षित करने की व्यवस्था न करना है।

वही वनरक्षक बृजेश कुमार के द्वारा भी इस बात की पुष्टि की गई है कि कभी इस झील के कारण आसपास का मौसम राजकीय पक्षी सारस के लिए अनुकूल होता था, जो कि अब नहीं रह गया है, जिसके कारण क्षेत्र में दिख रहे राजकीय पक्षियों की संख्या में निरंतर कमी आई है। इसी कड़ी में ग्रामीणों कि यह मांग है कि अगर इस विशालकाय झील का संबंधित विभागों के द्वारा संरक्षण व सौंदर्यीकरण करा दिया जाए तो पुनः इस झील के आसपास साइबेरियन एवं राजकीय पक्षियों का जमावड़ा और उनके सुंदर कलरव का शोर सुनाई देने लगेगा, जो की स्थानीय जैव विविधता को बढ़ावा देगा और एक सुंदर वातावरण एवं स्वच्छ पर्यावरण का विहंगम दृश्य प्रस्तुत करेगा। अब देखने वाली बात यह होगी कि संबंधित विभाग उक्त गंभीर समस्या का कब तक समाधान करते हुए नजर आते हैं।

## सरकारी आदेशों की खुलेआम अवहेलना, निजी व्यक्ति के जरिए कराया जा रहा सरकारी काम

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी स्पष्ट शासनादेशों के बावजूद जनपद सीतापुर के विकासखंड खैराबाद में सरकारी नियमों की खुलेआम अनदेखी का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि अवर अभियंता अमित यादव द्वारा अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन स्वयं न कर बघेल नामक एक निजी व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से जुड़े कार्यों में लगाया गया, जो नियमों और सेवा आचरण का स्पष्ट उल्लंघन है।

सरकारी निर्देशों के अनुसार किसी भी सरकारी कार्यालय, विकास कार्य अथवा योजना में निजी व्यक्ति से किसी भी प्रकार का कार्य कराना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद आरोग्य मंदिरों की मरम्मत से संबंधित प्राक्कलन (एस्टिमेट) निजी व्यक्ति बघेल द्वारा तैयार कराए जाने और उसे ग्राम पंचायत सचिवों को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे जाने के आरोप सामने आए हैं।

यह स्थिति न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि विभागीय गोपनीयता और पारदर्शिता को भी गंभीर रूप से प्रभावित करती है। सूत्रों की मानें तो बघेल द्वारा भेजे गए प्राक्कलन दस्तावेजों पर आज तक किसी भी ग्राम पंचायत सचिव के हस्ताक्षर नहीं कराए गए हैं। इसके बावजूद संबंधित सचिवों पर दबाव बनाकर हस्ताक्षर कराने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि दिनांक 16-01-2026 को जिलाधिकारी महोदय की प्रस्तावित बैठक से पहले सभी सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि वे हस्ताक्षर कराकर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करें, अन्यथा उन्हें बीडीओ के साथ बैठक में उपस्थित होना पड़ेगा। इसे प्रशासनिक दबाव और अनुचित कार्यप्रणाली के रूप में देखा जा रहा है। इस पूरे प्रकरण



**▸ खैराबाद ब्लॉक में अवर अभियंता अमित यादव की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल**

में सबसे बड़ा और अहम सवाल यह उठ रहा है कि निजी व्यक्ति बघेल को सरकारी प्राक्कलन तैयार करने का अधिकार किसके आदेश से दिया गया? क्या अवर अभियंता अमित यादव अपने शासकीय कर्तव्यों का निर्वहन निजी व्यक्ति से करा रहे हैं? क्या संबंधित उच्च अधिकारी इस पूरे मामले से अवगत हैं या उन्हें अंधेरे में रखा गया है? यदि लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शासनादेशों के उल्लंघन, वित्तीय अनियमितता और अधिकारों के दुरुपयोग की श्रेणी में आता है। नियमों के अनुसार ऐसे मामलों में संबंधित अवर अभियंता के साथ-साथ निजी व्यक्ति बघेल के विरुद्ध भी जांच व कार्रवाई किए जाने का प्रावधान है। दोष सिद्ध होने की स्थिति में कारण बताओ नोटिस, विभागीय कार्रवाई, वेतन रोकने, स्थानांतरण और निलंबन तक की कार्रवाई संभव है। फिलहाल यह मामला जिलाधिकारी कार्यालय एवं उच्च प्रशासनिक अधिकारियों की संज्ञान में बताया जा रहा है। अब यह देखना बेहद अहम होगा कि जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. इस गंभीर मामले में क्या रुख अपनाते हैं, क्या निष्पक्ष जांच कराई जाती है और दोषियों पर समयबद्ध व ठोस कार्रवाई होती है, या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह जांच के नाम पर लंबित कर दिया जाएगा।

## डीएम ने कुर्सी पंचायत भवन का किया औचक निरीक्षण

**▸ सचिव पर कार्रवाई के दिए निर्देश, प्रधान को नोटिस**

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने आज ग्राम पंचायत कुर्सी विकास खंड गोंदलामऊ के पंचायत भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। पंचायत भवन के सभाकक्ष को देखा एवं पंचायत भवन में मास्टर रजिस्टर न मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य योजना की जानकारी प्राप्त की। साथ ही जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में कराए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं पंचायत भवन की प्रकाश व्यवस्था सही न होने पर खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार पर नाराजगी व्यक्त की। पंचायत सचिव द्वारा पंचायत भवन के कार्यों में लापरवाही बरतने पर एवं निरंतर पंचायत भवन में न आने पर अनुशासनिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सचिव विकास तिवारी के पास मास्टर रजिस्टर एवं आवश्यक पत्रावलियां न होने, अन्नपूर्णा भवन न बने होने, उसका स्थान चिंन्हित न होने के साथ साथ कार्यों में घोर लापरवाही, अन्य कमियाँ पाए जाने एवं शासन की मंशानुरूप कार्य न होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करने तथा ग्राम प्रधान की भी इसमें सहभागिता होने पर नोटिस जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

नाली निर्माण की पत्रावलियां न मिलने एवं अन्य अभिलेख प्रस्तुत न करने पर ग्राम विकास अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। मनरेगा द्वारा कराए गए कार्यों का अवलोकन करते हुए एक साल में किए गए मनरेगा कार्यो की जानकारी ली, जिसमें टेक्निकल असिस्टेंट द्वारा मनरेगा के कार्य कम होने, पत्रवालियाँ न होने एवं कार्यों में लापरवाही पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी से डिजिटल लाइब्रेरी की जानकारी ली एवं ए0डी0ओ0 पंचायत राजेश कुमार से वार्ता की एवं ए0डी0ओ0 पंचायत द्वारा पत्रावलियां सही ढंग से न दिखाये जाने पर, पंचायत भवन मे पत्रवालियाँ न होने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

### चार फरवरी को जिला पंचायत सभागार में महिला जनसुनवाई का आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता ने बताया है कि मा0 सदस्य, राज्य महिला आयोग उ0प्र0 लखनऊ पूनम द्विवेदी द्वारा जागरूकता चौपाल एवं महिला जन सुनवाई कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसके अन्तर्गत 04 फरवरी 2026 को पूर्वान्ह 11ः00 बजे जिला पंचायत सभागार तहसील सदर रायबरेली में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम एवं तत्पश्चात समुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका/ महिला गृह व ऑगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण प्रस्तावित है।

# यूजीसी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

- नारेबाजी कर नगर में निकाला जुलूस
- तहसील पहुंचकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज़।** शहर के पश्चिमी बाईपास स्थित नहर कोठी पर सवर्ण समाज के लोगों ने एकत्र होकर केंद्र सरकार की यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन) नीतियों के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी हाथों में यूजीसी विरोधी नारे लिखी पट्टियां, पोस्टर और बैनर लिए हुए थे। नारेबाजी के साथ जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सौरिख रोड के रास्ते तहसील परिसर पहुंचा। इस दौरान जुलूस में शामिल लोग नारे लगा रहे थे। मुख्य नारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ और काला कानून यूजीसी वापस लो, यूजीसी रोलबैक करो जैसे थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि यूजीसी की नई नीतियां शिक्षा व्यवस्था के लिए हानिकारक हैं और इनसे देश की शिक्षा प्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि विवादास्पद नियमों को तत्काल वापस लिया जाए। तहसील पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी को सौंपा। ज्ञापन में यूजीसी की नीतियों पर पुनर्विचार करने और इसे वापस लेने की मांग प्रमुखता से रखी गई। इस मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। जुलूस के आगे-आगे क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार मलिक, कोतवाल विष्णुकांत तिवारी, कस्बा इंचार्ज मनुज चौधरी सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी सुरक्षा के लिए मौजूद रहे। प्रदर्शन में कई संगठनों सहित सवर्ण समाज के प्रमुख लोग शामिल थे। इनमें अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीश दुबे, नव हिंदू सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम बाजपेई एडवोकेट, विद्यार्थी परिषद के पूर्व अध्यक्ष पुनीत दुबे, राहुल दुबे, कौशलेंद्र सिंह श्यामू चौहान, मनोज दीक्षित, शांतनु मोहन दुबे, संजीव चौहान, सभासद पंकज दुबे, अनुराग त्रिपाठी, आलोक दुबे, एडवोकेट अभिषेक शुक्ला, विमल मिश्रा, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप मिश्रा, राजेश पाठक, सभासद हिमांक त्रिपाठी, सिक्कू त्रिपाठी, रवि गुप्ता, देवकीनंदन मिश्रा, आलोक चतुर्वेदी एडवोकेट, हिमांशु चौहान, संजीव शुक्ला, सालोक दुबे, अनुराग अग्निहोत्री, शिक्षक नेता शैलेंद्र दुबे, रूपेश दुबे एडवोकेट, संदीप दुबे, डॉ.शिवम अग्निहोत्री आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# अवैध बायो डीजल पंपों पर सख्त कार्रवाई की मांग

- यूपी पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन की बैठक




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** यूपी पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक नगर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी से प्रमुख मांग की गई कि जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे बायोडीजल पंपों की तत्काल जांच कराई जाए। यदि ये पंप अवैध पाए जाते हैं, तो उन्हें शीघ्र बंद कराया जाए। व्यवसायियों ने पेट्रोलियम कारोबार को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग भी उठाई। साथ ही डीजल और पेट्रोल पर डीलर कमीशन में वृद्धि की मांग की गई। अलीगढ़-कानपुर नेशनल हाईवे पर कई पेट्रोल पंपों के सामने एनएचएआई द्वारा अनावश्यक रूप से लगाई गई 3 फीट ऊंची साइड वॉल के कारण वाहनों का आवागमन बाधित हो रहा है, जिससे व्यवसाय पर गहरा असर पड़ रहा है। इस वॉल को हटवाने की भी जोरदार मांग की गई। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए सागर अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष, शुभम गुप्ता को छिबरामऊ तहसील प्रभारी, दीपू सिंह गौतम को तिर्वा तहसील प्रभारी तथा राजीव बाजपेई को कन्नौज तहसील प्रभारी नियुक्त किया गया। विधायक कैलाश राजपूत, जिलाध्यक्ष विजय द्विवेदी, संरक्षक सतीश चतुर्वेदी, सुरेश गुप्ता एवं उमाशंकर गुप्ता को माल्यार्पण एवं शाल ओढ़कर सम्मानित किया गया। जिला महामंत्री संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राजीव गोयल, उत्कर्ष गुप्ता, रमेश गुप्ता कन्हैया, शिवराम कृष्ण, अशोक चतुर्वेदी, नदीम जमा खान, दिवाकर गुप्ता सहित जनपद भर के पेट्रोलियम व्यवसायी मौजूद रहे।

## सच्चानंद महाराज ने शांति की राह पर चलने का दिया संदेश

**गुरसहायगंज कन्नौज।** महाराज सच्चानंद ने हमेशा शांति की राह पर लोगों को चलने के लिए जागरूक किया धर्म को आगे बढ़ाने के लिए बहुत प्रयास किया भारतीय जनता पार्टी की सरकार में धर्म गुरुओं का अपमान हो रहा है। यह विचार पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने प्रकट किया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय दौलत में 11 दिन से लगातार चल रहा सचानंद महाराज का शांति महोत्सव में सम्मिलित हुए इस दौरान मौजूद लोगों ने पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव का जोरदार स्वागत किया इस मौके पर पूर्व विधायक ने कहा महाराज सच्चा नंद हमेशा शांति की राह पर लोगों को चलने को सिखाया उन्होंने धर्म को आगे बढ़ाने के लिए बहुत से ज्यादा प्रयास किया उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार में बाबा लोगों का अपमान जितना हुआ उतना किसी सरकार में नहीं हुआ।

# इनायतपुर क्रिकेट टीम को हराकर समधन सिद्दीकी टीम ने जीता क्वार्टर फाइनल मैच



**समधन, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा समधन पुलिस चौकी के नजदीक कॉलोनी ग्राउंड में चल रहा गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट में इनायतपुर क्रिकेट टीम को हराकर समधन सिद्दीकी क्रिकेट टीम ने जीता पहला क्वार्टर फाइनल मैच रविवार को कमेटी के आयोजकों ने समधन सिद्दीकी क्रिकेट टीम व इनायतपुर क्रिकेट टीम के बीच मैच कराया जिसमें इनायतपुर क्रिकेट टीम के कप्तान मो0 शाहिद, समधन सिद्दीकी क्रिकेट टीम के कप्तान मो0 सानू सिद्दीकी के बीच टॉस कराकर मैच खेला गया जिसमें पहले समधन सिद्दीकी क्रिकेट टीम ने अच्छी पारी खेलते हुए 14 ओवर के मैच में 8 विकेट आउट होकर 153 रन बनाए बाद में जबाब में उतरीं इनायतपुर क्रिकेट टीम ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 106 रन बनाकर पूरी टीम आलाउट हों गई 48 रनों से समधन सिद्दीकी टीम विजय घोषित की गई विजय हुई टीम के खिलाड़ी रितेश कुमार को 44 रन बनाने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया टूर्नामेंट में पहुंचकर मोहम्मद खालिद मास्टर व मोहम्मद राजू ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया इससे पहले कमेंटी के आयोजकों ने मेहमानों का फूल मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उम्मीद हसन अल्लाह रक्खा, आरिफ (शीरू) खान, नफीस बम्बईया, स्कोर्र मोहम्मद आकिब, अब्दुल्ला खान, मोहम्मद सगीर इमरान बन्ना आदि मौजूद रहे।

## तकनीकी शिक्षा, शोध, और मानवीय सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा इंजीनियरिंग संस्थान

**कन्नौज।** कानपुर के एक होटल में आयोजित आईईईई कार्यक्रम में कन्नौज जिले के तिर्वा इंजीनियरिंग कॉलेज ने भी प्रतिभाग किया।

यहां इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स का यूपी सेक्शन वर्ष 2026 में अपने विजन और मिशन के साथ तकनीकी शिक्षा शोध और मानवीय सेवाओं के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे यूपी सेक्शन वर्तमान में 61 सौ सदस्यों के साथ भारत के सबसे बड़े सक्रिय सेक्शनों में एक है। वैश्विक स्तर पर इसकी पहचान भी सशक्त बनीं हुई है। यहां प्रतिभाग कर कॉलेज समिति ने खुद को गौरवान्वित महसूस किया।

# स्मार्ट क्लास और एआई से संवरेगा नौनिहालों का भविष्य

- डायट में शिक्षकों को मिला 'डिजिटल' मंत्र



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जनपद के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को आधुनिक बनाने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में आयोजित विशेष प्रशिक्षण प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी के प्रभावी संचालन के गुर सिखाए जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण में उन सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कंपोजिट विद्यालयों, पीएम श्री विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के दो-दो योग्य शिक्षकों को शामिल किया गया है, जहाँ विभाग द्वारा पूर्व में स्मार्ट क्लास या आईसीटी लैब स्थापित की जा चुकी है। डायट प्राचार्य डॉ. अमित कुमार ने बताया कि केवल शिक्षकों को ही नहीं, बल्कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, डायट मेंटर, एसआरजी, एआरपी और ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि भविष्य में ये अधिकारी विद्यालयों का भ्रमण कर डिजिटल उपकरणों के सफल संचालन का प्रभावी अनुश्रवण कर सकें। प्रशिक्षण के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए संदर्भदाता शशिकांत शुक्ला ने बताया कि शिक्षकों को केवल कंप्यूटर चलाना ही नहीं, बल्कि आधुनिक सॉफ्टवेयर, स्मार्ट बोर्ड और कंप्यूटर में उपलब्ध विभिन्न शैक्षिक सॉफ्टवेयर का उपयोग। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एआई के टूल्स का प्रयोग करना। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए कोडिंग जैसे विषयों की समझ विकसित करना। पाठ्यपुस्तकों के कठिन अध्यायों को डिजिटल सामग्री के जरिए सुगम बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान संदर्भदाता नरेंद्र प्रताप, सिद्धार्थ शाक्य और हरी निवास ने भी शिक्षकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और तकनीकी बारीकियों को साझा किया।

## बाबू जगजीवन राम फाउंडेशन द्वारा मनाई गई संत रविदास जयंती



**कन्नौज।** कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संत रविदास की 649 वीं जयंती मनाई गई।यह जयंती समारोह बाबू जगजीवन राम फाउंडेशन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं कलम एक स्वैच्छिक संस्था कानपुर द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैलाश राजपूत विधायक तिर्वा, विशिष्ट अतिथि वेद प्रकाश मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी कन्नौज एवं वीर सिंह भदौरिया भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कन्नौज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बाबू जगजीवन राम एवं संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।संस्था के सचिव एवं सदस्यों ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।प्राथमिक विद्यालय जलालपुर पनवारा,कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज,जागरण पब्लिक स्कूल,क्रिस्टू ज्योति एकेडमी, कन्नौज पब्लिक स्कूल के 216 बच्चों ने चित्रकला ,निबंध,भाषण,क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में नाट्य कला के माध्यम से संत रविदास जी के द्वारा बताए मार्ग को अपने जीवन में उतारकर भेदभाव मुक्त समाज बनाने की प्रेरणा दी। इन प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त बच्चों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह,प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 29 बच्चों को संस्था की ओर से पुरस्कार स्वरूप धनराशि दी गई। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। संत रविदास के विचारों को व्यक्त करने के लिए मुख्य वक्ता डॉ के के दुबे, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय उन्नाव, डॉ योगेश कुमार पांडेय वरिष्ठ पत्रकार लखनऊ,लक्ष्मी नारायण सहायक प्रवक्ता पी एस एम पी जी कालेज,डॉ सी पी शुक्ला पूर्व विभागाध्यक्ष पी एस एम पी जी कालेज, श्रीमती अंजुरानी त्रिपाठी पूर्व संयुक्त निदेशक पी टी सी उन्नाव, डॉ शशिप्रभा अग्निहोत्री पूर्व प्राचार्य पी एस एम पी जी कालेज कन्नौज एवं अतिथि डॉ विशाल गुप्ता नेत्र रोग विशेषज्ञ कानपुर,अमित तिवारी समाजसेवी सुरेश चंद्र गुप्ता समाजसेवी,रमेश निषाद पूर्व ब्लाक प्रमुख कानपुर उपस्थित रहे। इस समारोह में कलम एक स्वैच्छिक संस्था की उपाध्यक्ष डॉ सारिका त्रिवेदी, सचिव डॉ विपिन शुक्ला, कोषाध्यक्ष मंजू मिश्रा,सदस्य हरिशंकर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मीडिया क्षेत्र में काम करने वाले पत्रकारों को भी किया गया सम्मानित।

# भाजपा सरकार में हो रहा साधु-संतों का अपमान

- पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव का आरोप



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम सराय दौलत में पिछले 11 दिनों से चल रहे सच्चानंद महाराज शांति महोत्सव में पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने भाग लिया। कार्यक्रम स्थल पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। पूर्व विधायक ने सच्चानंद महाराज की शांति, सद्भाव और धर्म प्रचार में निरंतर योगदान की सराहना की। उन्होंने वर्तमान भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक कभी साधु-संतों का इतना अपमान नहीं हुआ जितना इस सरकार में हो रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी माघ मेला प्रयागराज में बिना संगम स्नान किए दुखी मन से लौट गए, क्योंकि प्रशासनिक व्यवहार और विवाद के कारण उन्हें ससम्मान स्नान नहीं कराया गया। अरविंद सिंह यादव ने दावा किया कि सरकार हिंदू-मुस्लिम एकता के बजाय दोनों समुदायों को आपस में लड़वाने का काम कर रही है। कार्यक्रम में अरेन्द कुशवाहा, हरदोई से श्याम सिंह, सजीव पांडे, ज्योति चौरसिया, पवन चौरसिया, भुल्लन यादव, ठेकेदार अखिलेश, दिनेश लोधी, प्रधान राजवीर, दिवाकर, प्रधान वीनू शाक्य, मीडिया प्रभारी अंकुर यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं को दी अग्नि व साइबर सुरक्षा की जानकारी



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** राजकीय हाई स्कूल भोजपुर निगोह में आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को अग्नि सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना रहा। मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. अभिषेक ने आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले आवश्यक सुरक्षा उपायों, प्राथमिक बचाव तकनीकों के साथ-साथ डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से सतर्क रहने एवं उनसे बचाव के प्रभावी तरीकों के बारे में जागरूक किया। उनका व्याख्यान अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. सुनील चतुर्वेदी ने प्रोफेसर डॉ. अभिषेक मिश्रा के योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सुरक्षा के प्रति सजगता विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में अनुपमा भदोरिया, कीर्ति बाजपेई, पूनम सिंह, निवेदिता त्रिपाठी एवं प्रसून यादव आदि शिक्षिकाओं की भी सक्रिय सहभागिता रही।

## खबरें एक नजर में

### हर्षोल्लास से मनाया गया संत रविदास जी का जन्मोत्सव

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर सिकन्दरपुर में भारतीय सदन इन्टर कॉलेज



में संत श्री रविदास जयन्ती को हर्षौल्लास से मनाया गई 7 संत रविदास के जन्मदिन पर सभी शिक्षको ने श्रद्धा सुमनअर्पित कर बंदन कर उनकी आरती की । प्रधानाचार्य योगेन्द्र कुमार ने माल्यार्पण कर प्रभु जी तुम चन्दन हम आरती को गाकर सभी को अनंदित किया प्रधानाचार्य योगेन्द्र कुमार ने बताया कि भक्ति काल के महान संत शिरोमणि रविदास जी उस दौर के सबसे बड़े समाज सुधाराक विचारक के रूप में विख्यात हुए उन्होंने सम्पूर्ण भारत में जातिवाद और छूआछूत के खिलाफ ऐसा परिवर्तन का माहौल तैयार किया जिसकी गूज छितोदगढ़ के किले से लेकर दिल्ली की सल्तनत के शासक सिकन्दर लोदी ने माना था उस समय में सबसे बड़े राजा का परिवर्तन एक राजशाही परिवार में पली बढ़ी महिला जिन्हें भक्त मीराबाई के नाम से जानते हैं उनको शिक्षित कर शिरोमणि रविदास ने सम्पूर्ण भारत में बेगमपुरा जैसा भारत दिया था जिसमे जिसमे कोई गम न हो सभी मिलजुलकर भाईचारा के साथ रहे रहे कल्पना में वह मील का पत्थर साबित हुए 7 ऐसे महान संत शिरोमणि को शत-शत नमन। शिक्षको ने संत रविदास की फोटो पर माल्यार्पण कर उनका अभिवादन किया ।

# उरई रेलवे स्टेशन से देश की राजधानी दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग

- कई संगठनों ने स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** रविवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन एवं पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोशिएशन के संयुक्त तत्वाधान में उरई से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक वन्देभारत ट्रेन चलवाए जाने के संबंध में कैप्टन अखिलेश नगायच एवं जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में उरई रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक एसके खरे को ज्ञापन सौंपा गया।

एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक कैप्टन अखिलेश नगायच ने कहा कि हमारे जिला जालौन को सैनिकों के नाम से जाना जाता है जहां के सैकड़ों जाबांज वीर सपूत सैनिकों ने प्रथम विश्व युद्ध से लेकर अभी तक अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर किया है। आज भी हमारे जिले के हजारों सैनिक देश की सीमा की रक्षा अपनी जान की बाजी लगाकर कर रहे है। लेकिन हमारे जिले से अभी तक कोई भी ट्रेन देश की राजधानी नई दिल्ली तक सीधी नहीं जाती है जिससे सेवारत सैनिकों तथा उनके परिवारों के साथ साथ जिले के आम जनमानस को भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। निवेदन है कि हमारे जिले के लिए देश की राजधानी दिल्ली से उरई रेलवे स्टेशन तक वंदे भारत ट्रेन चलाई जाए। जिससे आम जनमानस लाभान्वित हो सके। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा की डायरेक्ट ट्रेन होने से जिले के उद्योगों को भी लाभ मिलेगा जिससे जिले की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। ज्ञापन देने वालों में कैप्टन अखिलेश नगायच के साथ कैप्टन छेदा सिंह, कैप्टन संतोष कुमार रैकवार, हवलदार जितेन्द्र सिंह सरदार, हवलदार अमर सिंह पाल, नायब सूबेदार बृजलाल चौधरी, नायब सूबेदार रामबाबू राठौर, हवलदार रामशरण शर्मा, हवलदार लल्लन सिंह, पेटी अफसर सौरभ अवस्थी, सूबेदार राम लखन राठौर, हवलदार रामनारायण चतुर्वेदी, हवलदार जसवीर सिंह, सूबेदार मुक्ता प्रसाद, हवलदार कमलेश कुमार, हवलदार गोविंद सिंह, सूबेदार वीर सिंह, नायब सूबेदार रामकृपाल सिंह, हवलदार राजेंद्र कुमार, सूबेदार बीपी सिंह, पेटी अफसर राम शंकर, सूरदास रामजी सिंह जादौन, हवलदार ओम नारायण प्रजापति, शहर बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं व्यापार मंडल के प्रदीप द्विवेदी, संजीव सिपोलिया, हिरदेश पटेल, रमेश यादव श्रीमती सरिता गुप्ता, श्रीमती विनीता कुशवाहा, शिवदयाल गुप्ता, दिनेश कुमार एवं अन्य व्यापारी फौजी भाई उपस्थित रहे।

## चाकचौबंध सुरक्षा व्यवस्था के बीच माघी पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**कन्नौज।** माघी पूर्णिमा पर रविवार को हजारों की संख्या में हजारों की संख्या में उमड़ी महिला पुरुषों की भीड ने गंगा मैया में डुबकी लगाकर खुद को कृतार्थ किया।अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं ने आयोजित मेले में जमकर खरीददारी भी की। बताते चलें कि, माघी पूर्णिमा पर्व पर जिले के अधिकारियों डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार, सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों, बचाव दल की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल, यातायात व्यवस्था को लेकर यातायात पुलिस बल सहित अन्य तमाम प्रबंध किए थे। गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपरोक्त अधिकारियों ने मौके का जायजा भी लिया था और सहकर्मियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए थे।

# सांस्कृतिक प्रस्तुति में शिव का तांडव नृत्य देखकर दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

- बाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी परंपराओं को सहेजने का बना मंच




**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** बाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी में सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजते शनिवार की रात बृजरास की संदीप तरसौलिया एंड इवेंट की टीम ने बृज की होली, शिव पार्वती विवाह राम राज्याभिषेक, तांडव नृत्य शानदार प्रोग्राम पेश किया। जिसे उपस्थित जनसमूह ने जमकर सराहा।

श्रीबाराहीं देवी मेला एंव विकास प्रदर्शनी में शनिवार की रात ब्रज की रासलीला का आयोजन किया गया। पहले कार्यक्रम में मथुरा वृंदावन से आई संदीप तरसौलिया की टीम द्वारा रासलीला का प्रदर्शन किया गया। जिसमें राधा कृष्ण की झांकी का दिग्दर्शन कराया गया। जिसमें 'जय-जय ब्रज भूमि, चारों धामों से निराला है बृजधाम, इसका दर्शन कर लो' का गीत गाया गया। कान्हा व राधा के मुख पर घुंघटा डालकर सखाओं द्वारा गाया गया 'आज मेरे कान्हा को मुखड़ा दिखाये देव, घुंघटा उठाए दे राधा घंघटा उठाए दे' को सुनकर दर्शकों से खचाखच भरे मेला पांडाल में दर्शक झूम उठे। अपनी अपनी दीर्घाओं में बैठे दर्शक कलाकरों की प्रशंसा करते हुए तालियां बजा रहे थे। एक के बाद एक दृश्यों ने लोगों को बांधे रखा। भूत पिशाच के साथ नंदी की सवारी पर मां गौरा पार्वती का मनमोहक दृश्य देखकर सभी अचंभित हो गए। इतना ही नहीं शंकरजी की जटाओं से गंगा की धारा भी बहाई गई। अगले दृश्य में राधा कृष्ण व सखियों द्वारा किए गए मयूर नृत्य को देखकर दर्शक झूमने को मजबूर हो गए। तो वहीं, 'बरसाने में आज कान्हा मोर बन आयो रे' के सुंदर भजन की प्रस्तुति पर दर्शक झूमकर नाचने को मजबूर हो गए। शिव का तांडव नृत्य देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। अंत में बृज की होली के दर्शन कराए गए। कार्यक्रम के राधा के रूप में ज्योत्सना, कृष्ण नीतेश, शिव के रूप में पवन, पार्वती के रूप में रिंकी ने भूमिका निभाई।

# डर मुझे भी लगा फासला देखकर, पर मैं बढ़ता गया रास्ता देखकर......



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** 'प्रीत की रीत आकर निभा जाओ तुम, मैं बनूं इक गजल गुनगुना जाओ तुम' इन पंक्तियों को एलआईसी के तत्वावधान में ब्लॉक परिसर में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियत्री प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम् ने पढ़ा। जिसे सुनकर श्रोता झूमने को मजबूर हुए।

एलआईसी व केडीआईईए (कानपुर डिवीजन एम्प्लाइज, ऐसोशिएशन यूनिट) के सहयोग से रविवार को ब्लॉक परिसर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का आगाज मां वीणा वादिनी की वंदना के साथ हुआ। इसके बाद कानुपर से आए कवि कुमार सूरज ने पढ़ा 'चांदनी रात है सितारे लिए, तट नदी के खड़े हैं किनारे लिए, सब सलामत रहें दुआ कीजिए हम तुम्हारे लिए तुम हमारे लिए।' इस गीत को सुनकर श्रोताओ को पुरानी यादें ताजा हो गई। विपिन मलिहाबादी के 'जिंदगी जीना है तो इंसान होना सीखे, सब कुछ समझकर भी नादान होना सीखो' सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम् के गीत 'प्रीत की रीत आकर निभा जाओ तुम, मैं बनूं इक गजल गुनगुना जाओ तुम, जिंदगी धूप सी रात कांटों भरी, छांव बनकर के जीवन में आ जाओ तुम' को सुनकर श्रोता झूम उठे। पवन सबरस के गीत 'मैं खड़ार हूं डगर पर सफर के लिए, साथ कोई नहीं हमसफर के लिए, जिंदगी में नहीं शेष कुछ भी रहा, सिर्फ आंसू बचे हैं नजर के लिए' को सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गई। जितेंद्र लल्ला ने पढ़ा 'चंदन है पानी है और क्या, दुनियां कहानी है और क्या। शाहिद महक ने 'डर मुझे भी लगा फासला देखकर, पर मैं बढ़ता गया रास्ता देखकर' पढ़कर महफिल लूट ली।

शिवराम शांति आगरा ने जब राजनीति को लेकर 'सियायत जहर ये घोले इसे सब जन पिएं कैसे, करें गंभीर घावों को बताओ ये सिएं कैसे' पढ़ा तो उपस्थितजन हाथ खोलकर ताली बजाने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कानुपर से आए कवि मुकेश श्रीवास्तव ने 'जब झुक के करे सैल्यूट हिमालय सागर दहराए, तिरंगा लहर, लहर लहराए' पढ़ा तो श्रोता वीर रस से सराबोर नजर आए।

# मेला श्रीरामनगरिया में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार, अपर जनपद न्यायाधीशगण दीपेंद्र कुमार सिंह, मेराज अहमद, संजय कुमार तथा सी0जे0एम0 घनश्याम शुक्ला, सिविल जज जयवीर सिंह व दीपिका रानी द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिलगण शिव नरेश सिंह, सुरेन्द्र कुमार राणा, प्रशांत गुप्ता परा विधिक वालंटियर्स, नरेन्द्र सिंह परिहार, यशपाल सिंह, देवराज सिंह, हेतराम, धनदेवी, अंजली, परिवार कल्याण समिति की सदस्यगण गुंजा जैन, भावना गुप्ता, मालती देवी, शिवांगी तिवारी, वाणी मिश्रा के साथ इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी फर्रुखाबाद के उपाध्यक्ष शीश मेहरोत्रा, जिला प्रशासन की डॉ0 रंजना राणा तथा सतीश गुप्ता को जनपद न्यायाधीश द्वारा साल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रियंका गांधी द्वारा प्रचलित कार्यों तथा विधिक जानकारी देकर मेला श्रीरामनगरिया के सभागार में उपस्थित जनमानस को जागरूक किया गया। सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश संजय कुमार द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनमानस से अपील की गई कि कार्यक्रम से विधिक राय प्राप्त कर अपने पड़ोसियों व रिश्तेदारों को भी जागरूक करने का काम करें। अपर जनपद न्यायाधीश मेराज अहमद द्वारा गीत प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया। जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार द्वारा अपने उद्बोधन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रियंका गांधी द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अधिवक्ता जवाहर सिंह गंगवार तथा डिप्टी चीफ़ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुरेंद्र कुमार राणा व कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस तथा सभी न्यायाधीश गण, अधिवक्तागणों को धन्यवाद व आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया। जादूगर गोगा द्वारा अपने जादू के माध्यम से वहां उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद न्यायिक अधिकारी व अधिवक्तागण

# इटावा-बरेली हाईवे पर खाली प्लाट में मिला नवजात का शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में इटावा-बरेली हाईवे के पास एक खाली प्लॉट में रविवार सुबह एक नवजात का शव मिला। स्थानीय लोगों ने शव देखकर डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। यह घटना मसेनी चौराहे के निकट हुई। जहां हाईवे से सटा एक खाली प्लॉट है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नवजात लगभग 9 माह का था और पुरुष था। ऐसा प्रतीत होता है कि बच्चे का जन्म रविवार को ही हुआ था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फतेहगढ़ कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर ने बताया कि नवजात का शव मिला है और मामले की जांच की जा रही है। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में मिला दूसरा नवजात शव है। इससे पहले शनिवार को भी इसी क्षेत्र में एक नवजात का शव बरामद हुआ था। उस मामले में भी पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया था और बाद में अंतिम संस्कार किया था।


जांच पड़ताल करती पुलिस

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 92 ने करायी जांच


स्वास्थ्य मेले में दवायें लेते ग्रामीण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में सुबह से ही मरीजों की भीड़ देखी गई। क्षेत्र के ग्रामीण और कस्बाई इलाकों से आए 92 मरीजों का पंजीकरण कर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और दवा वितरण किया गया।

मेले के दौरान विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। इनमें मलेरिया के 12, टाइफाइड के 9, शुगर के 14, बलगम से संबंधित 6, हेपेटाइटिस-बी के 2, हीमोग्लोबिन के 3 तथा डेंगू के 3 मरीजों की जांच शामिल रही। जांच के बाद मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में डॉ0 गौरव वर्मा ने मरीजों का परीक्षण किया। फार्मासिस्ट अरविंद कुमार, पवन कुमार लैब टेक्नीशियन तथा राकेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य टीम ने मरीजों की जांच के साथ-साथ उन्हें स्वच्छता, मौसमी बीमारियों से बचाव और नियमित जांच के प्रति जागरूक भी किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए इस मेले से गरीब और दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिला। स्थानीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सकें।

## डबरी तिराहा के पास कार खाई में गिरी, दो युवक गंभीर घायल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना राजेपुर क्षेत्र अंतर्गत डबरी तिराहा के पास शनिवार रात एक कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जिससे उसमें सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 31 जनवरी 2026 को कार संख्या यूपी 53 सीआर 2291 से राज वर्मा पुत्र अजय कुमार वर्मा निवासी ग्राम रूपपुर थाना गुरसहायगंज जिला कन्नौज तथा उनका मित्र मोहित पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम गड़ा खेड़ा थाना जहानगंज जिला फर्रुखाबाद शाहजहांपुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वाहन डबरी तिराहा पार कर आगे बढ़ाए लगभग रात्रि 8:30 बजे कार चालक मोहित वाहन से नियंत्रण खो बैठा। जिसके चलते कार सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी।

# माघ पूर्णिमा पर मां भागीरथी में श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माघ मास की पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने पांचाल घाट स्थित गंगा तट पर हर-हर गंगे के बीच आस्था की डुबकी लगायी। आसपास के कई जिलों से श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचे थे। इस दौरान घाट पर धार्मिक संस्कार भी संपन्न कराए गए।

रविवार को माघ पूर्णिमा पर गंगा के पावन जल में डुबकी लगाकर श्रद्धालुओं ने अपने तन और मन को शुद्ध किया। माघ पूर्णिमा के स्नान के साथ ही माघ मास का समापन भी हो गया और करीब एक महीने तक चलने वाले कल्पवास की समाप्ति भी हुई। दरअसल माघ मेला रामनगरिया के साथ ही साधू-संत कल्पवास भी बीते एक महीने से कर रहे थे। जिसका माघ मास की पूर्णिमा को गंगा में डुबकी के साथ समापन भी हुआ। बीती रात लगभग 8 बजे से ही भक्तों का वाहनों से पहुंचना शुरु हो गया था। जिसके चलते रात में इटावा-बरेली हाईवे पर जाम लग गया। वाहनों की लम्बी कतारें लगने से यातायात पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। भोर होते ही श्रद्धालुओं नें मां भागीरथी में आस्था की डुबकी लगायी। इस दौरान काफी भीड़भाड़ रही। माघ माह स्नान के लिए सबसे पवित्र माना जाता है। स्नान के बाद गंगा के तटों पर बैठकर लोगों ने सपरिवार माघ मास की कथा का श्रवण किया। स्नानर्थियों ने गुड़ और तिल से बने पदार्थों का दान भी किया। पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से घाटों पर पुलिस भी तैनात रही। जो चप्पे-चप्पे पर अपनी नजर बनाये रही। जूना अखाड़ा समिति के अध्यक्ष सत्यगिरि महाराज ने बताया कि माघ माह में जिन लोगों ने पूरे माह स्नान, दान, तप, मंत्र जप इत्यादि कर्म किए हैं उनके लिए माघ पूर्णिमा विशेष दिन होता है। इस दिन वे अपने एक महीने के तप की पूर्णाहुति हुई।


माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु

## नाले पर पड़ी जर्जर पटिया से आये दिन हो रहे हादसे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ के मोहल्ला हाथीखाना में स्थित नाले के ऊपर पड़ी पट्टिया की हालात बहुत ही दयनीय है। जिसके कारण आये दिन नालों में आवारा जानवर और बच्चे गिरते रहते है। कई बार नगर पालिका अध्यक्ष और विधायक को भी अवगत कराया जा चुका। मोहल्लवासियों और इस वार्ड के सभासद के द्वारा डीएम को कई बार ज्ञापन भी दिया जा चुका हैं, लेकिन नगर पालिका द्वारा इस कार्य नही कराया गया। जिसके कारण दिनांक 01.02.2026 को एक गाय नाले में फंस गयी।

जिसको मोहल्लेवासियों द्वारा निकाला गया। मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उपरोक्त समस्या का समाधान शीघ्र कराने की कृपा करें।

# डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व जिलाध्यक्ष ने बीएलए को वितरित किये फॉर्म-6

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सपा नेताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए नये वोटरों को वोटर लिस्ट से जोड़ने के लिए कवायद शुरु कर दी हो। इसी क्रम में प्रदेश सचिव तथा अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव व सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने बीएलए को फार्म-6 का वितरण किया। डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि रविवार को जनपद के बूथों पर पहुंचकर पार्टी संगठन द्वारा नियुक्त बीएलए को फॉर्म 6 वितरित किए गये, ताकि पार्टी पदाधिकारी नए वोट वोटर लिस्ट से जुड़वा सके। आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए समाजवादी पार्टी बड़ी तैयारी के साथ वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने के लिए अपने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को बड़ी मुस्तैदी के साथ लगाए हुए है। इस दौरान डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव, सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश पाल आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


फार्म-६ वितरित करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व जिलाध्यक्ष आदि

# पीस कमेटी की बैठक में व्यापारियों ने थानाध्यक्ष के सामने रखीं समस्याएं

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें थानाध्यक्ष ने व्यापारियों से सड़क पर सामान न रखकर बेचने की अपील की।

रविवार को थानाध्यक्ष अवध नरायण पाण्डेय ने कस्बे के व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने व्यापारियों से कहा कि वह दुकान के बाहर सड़क पर सामान फैलाकर उसकी बिक्री न करें। इससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। जिससे जनता को परेशानी होती है। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि अपने व्यवसायिक सामान को दुकान के अंदर ही रखकर बेचें, अन्यथा सामान जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान व्यापारियों ने थानाध्यक्ष को भरोसा दिया कि वह उनकी मुहिम में पूरा सहयोग करेंगे। इसके अलावा थानाध्यक्ष ने व्यापारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की भी अपील की। जिससे चोरी आदि की घटनाओं को रोका जा सके। इसके अलावा व्यापारियों ने अन्य कई समस्यायें थानाध्यक्ष के सामने रखीं। जिस पर थानाध्यक्ष ने उनकी समस्याओं का समाधान करने की बात कही। इस मौके पर व्यापारी शिवकुमार गोयल, डॉ0 देवदत्त राजपूत, अजय महेश्वरी, ध्रुव प्रकाश मिश्रा, संजीव गुप्ता, नरेश गुप्ता सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।


पीस कमेटी की बैठक में मौजूद व्यापारीगण

## खबरें एक नजर में

### दो पशु चोर असलहा सहित गिरफ्तार

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने पशु चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की नकदी, अवैध हथियार तथा कारतूस बरामद किए।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिनेश उर्फ कल्लू पुत्र राम सिंह और नरेंद्र उर्फ कल्लू उर्फ लंबे पुत्र अखिलेश के रूप में हुई है। ये दोनों ग्राम गणेशपुर गढ़िया थाना मोहम्मदाबाद के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने जनवरी माह में थाना क्षेत्र के ग्राम कुशैली और दुर्गुपुर से भैंस व पड़िया चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। चोरी किए गए पशुओं को बेंचकर मिली रकम को उन्होंने आपस में बांट लिया था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3850 रुपये नकद, दो अवैध देशी तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने अपराध स्वीकार कर लिए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी दिनेश उर्फ कल्लू के खिलाफ पहले से डकैती, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट और चोरी सहित लगभग नौ मामले दर्ज हैं। इसी तरह नरेंद्र उर्फ लंबे पर भी आर्म्स एक्ट, आईपीसी और गैंगेस्टर एक्ट समेत कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेशकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से मासूम की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** सड़क के किनारे खड़े मासूम को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। उपरोक्त घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार बीती देर रात कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम खुदागंज निवासी लालाराम का परिवार मुंडन संस्कार में शामिल होने के लिए पास स्थित एक मंदिर में जा रहा था। लालाराम का 6 वर्षीय पुत्र भरत खुदागंज में सड़क के किनारे खड़ा था, तभी फतेहगढ़ से गुरसहायगंज की ओर जा रहे ट्रक ने भरत को टक्कर मार दी। जिससे भरत गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को तुरंत कमालगंज सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर विकास पटेल ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही उसकी मां सीमा और भाई सुमित, शोभित, शक्ति, सत्यम गहरे सदमे में हैं। परिवार में शोक का माहौल है। कमालगंज थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने बताया कि खुदागंज चौकी इंचार्ज अनिल कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने कहा कि तहरीर मिलने पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


सीएचसी में मौजूद मृतक के परिजन व पुलिस

# धूमधाम से मनायी गयी संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बी0आर0 अंबेडकर जयंती समारोह समिति के द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।

नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 के ग्राम नगला जोधा में डॉ0 बी0आर0 अंबेडकर जयंती समारोह समिति के द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती को ग्रामीणों ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाया। जिसमें गुरु रविदास के चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर उनको याद किया गया।

वहीं गुरु रविदास के विचारों पर बारी-बारी से प्रकाश डाला गया। सभी लोगों ने बाबा भीमराव अंबेडकर के पदचिंहों पर चलने का आह्वान किया। वहीं संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर उनको नमन करते हुए उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अध्यक्ष पुष्पेंद्र सागर, कोषाध्यक्ष वीनू टेलर, शोभायात्रा के प्रभारी डॉक्टर अजय पाल, उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र, जागेश्वर दयाल, नेक राम दरोगा, बचन सिंह, रविंद्र सिंह, पातीराम, राज बहादुर, रितेश सागर, चंद्रपाल सिंह, सागर फौजी, जितेंद्र सिंह, रामवीर सिंह, राजवीर सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# नगर पंचायत कार्यालय में एलईडी पर सुना गया केंद्रीय बजट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर आम जनमानस के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों में भी खासा उत्साह देखा गया।

रविवार को नवाबगंज नगर पंचायत कार्यालय में विशेष व्यवस्था के तहत एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बजट का सीधा प्रसारण देखा गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बजट के दौरान देश के आर्थिक विकास और आगामी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सीधा प्रसारण देखने के दौरान भाजपा जिला महामंत्री सुनील रावत ने बजट को जनहितकारी बताया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने सरकार की नीतियों और विकास योजनाओं की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमल भारद्वाज मंडल अध्यक्ष, भाजपा महामंत्री रजनीश अवस्थी, योगेंद्र सिंह राठौड़, हेम सिंह लोधी, धर्मेंद्र राजपूत, आकाश ठाकुर, विवेक श्रीवास्तव, नितिन शाक्य, अनुपम दीक्षित, रामपाल राजपूत एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला है और इससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिलेगा।



# ब्रह्माकुमारी केंद्र पर धूमधाम से मना शिवबाबा का 90वाँ अवतरण दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद सेंटर पर 90वाँ शिवजयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शिव अवतरण सन्देश के प्रति मौजूद लोगों को जागरुक किया गया।

राजयोगिनी बी0के0 शोभा दीदी ने कहा कि हम अपने अंदर छिपे हुए अज्ञानता और मनोविकारों दुर्गुणों को ईश्वर पर हृदय से अपनी जीवन की गंदगी को शिव पर अर्पण कर उनसे सुख शांति पवित्रता के धरोहर को अपने जीवन में अमूल्य रत्न समझ कर स्वीकार करें, तभी जीवन में सच्ची सुख और शांति प्राप्त हो सकती है। अज्ञानता और दुर्गुणों से मुक्त होना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है। उन्होंने कहा शिवबाबा भोलेनाथ को आए हुए 90 वर्ष हो चुके हैं। अब उनको पहचानो और अपना खोया हुआ भाग्य बना लो। मानसिंह पाल ने कहा कि हम किसी से डरे नहीं, डरे तो अपने बुरे आचरण से अपने हृदय की गंदगी से और परमात्मा के प्रति होने वाले अविश्वास से। रामकिशोर भाई ने कहा की दो चीज हमारा परिचय देते हैं हमारा धैर्य और हमारा व्यवहार। गंगासिंह ने कहा की उत्तम मनुष्य वह होता है जिसमें सत्य धर्म और त्याग के श्रेष्ठ गुण होते हैं। वही व्यक्ति अहंकार रूपी शत्रु से जीत सकता है। पूनम बहन ने कहा की हमें दया और करुणा के तहत हर मानव में नैतिक मूल्यों को भरने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मनोज कुमार दीक्षित ने ब्रह्मकुमारी बहनों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि यह बहनें जो कार्यक्रम कर रही हैं यह बहुत ही त्याग मुहूर्त और सराहनीय है। लोगों को बुराइयों से दूर कर रहीं, उन्हें अच्छे मार्ग पर लाना यह सब बहनें कर रहीं है। हमारा कार्य सरल कर रही हैं। हम सब तो केवल कहते हैं परंतु यह बहनें करती हैं और उसे प्रैक्टिकल जीवन में करके दिखाती हैं। इस मौके पर शोभा दीदी ने शिव बाबा का माल्यार्पण कर केक काटकर शिव ध्वजारोहण कर शिवबाबा का 90वाँ अवतरण दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस मौके पर आकांक्षा एन्ड पार्टी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। इस मौके पर काफी लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बी.के. बहनें व अन्य

# संघ की शताब्दी वर्ष यात्रा पर हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन



हिन्दू सम्मेलन में मौजूद लोग




हिन्दू सम्मेलन में मौजूद मंचासीन अतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महादेवी वर्मा नगर क्षेत्र में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। वहीं भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में भी हिन्दू सम्मेलन में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संघ की शताब्दी वर्ष यात्रा एवं हिन्दू शक्ति पर विस्तृत चर्चा हुई। विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज में उत्साह पूर्वक सम्पन्न हुआ। मंचासीन अतिथि प्राचार्या मातृ शक्ति गीता दुबे, कृष्ण कुमार मिश्रा, जगदीश बाल्मीकि, मुख्य वक्ता नरेश चन्द्र कटियार रहे। संचालन धनंजय ने किया। मुख्य वक्ता नरेश चन्द्र कटियार ने संघ की 100वीं वर्ष की गौरवशाली यात्रा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि 1925 में डा0 केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा यात्रा से एक व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण तक की अमर गाथा के रुप में प्रस्तुत किया। साथ ही हिन्दू शक्ति के ऐतिहासिक महत्व और चुनौतियों के बीच अटल रहने की भावना पंच परिवर्तन में संकल्प तथा समाजसेवा के माध्यम से शब्द उत्थान पर प्रकाश डाला गया। सम्मेलन में हिन्दू समाज में जागृति एकता और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम शामिल हुआ। कार्यक्रम की व्यवस्था मुख्य रुप से केदार शाह ने देखी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अजय, पीयूष पाल, देशदीपक बाथम, बृजदीप सिंह, सुमित त्रिवेदी, अविनाश, आशाराम शाक्य, सुनील दीक्षित, बलराम सिंह, कृष्णा, राज तिवारी ने व्यवस्था संभाली। वहीं भारतीय महाविद्यालय में हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न हुआ। वंदे मातरम् के साथ कार्यक्रम शुरु हुआ। मुख्य वक्ता केंद्रीय सह मंत्री विश्व हिन्दू परिषद मनोज भाई रहे। मंचासीन मातृ शक्ति श्वेता दुबे एवं सुधेश दुबे ने विचार रखे। संचालन पंकज वर्मा व सुधेश दुबे ने किया। मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। हिन्दुत्व पर विचार रखे गये। देश की अखण्डता को मजबूत करने पर बल दिया गया। इस मौके पर विजय अवस्थी, उमेश गुप्ता, विजेन्द्र सिंह, सुबोध वर्मा, अनिल श्रीवास्तव, सुरेन्द्र पाण्डेय, अमन अवस्थी, आदेश अवस्थी, दिलीप भारद्वाज, सुधांशु दत्त द्विवेदी, प्रमोद बाजपेयी, एसवी सिंह, निमिष टंडन, अनिल श्रीवास्तव, प्रमोद बाजपेयी, रितु शुक्ला, अर्चना वर्मा, ज्योति शर्मा, मुकेश बाथम, राजेश मिश्रा, विमलेश मिश्रा, अभिषेक बाजपेयी, सूरज भारद्वाज आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# श्रीराम के आदर्श को जीवन में उतारने की दी गई प्रेरणा




प्रवचन करते चन्द्रदेव शास्त्री

**मेला श्रीराम नगरिया में पूर्ण आहूति के साथ हवन संपन्न**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीराम नगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक माह से चल रहे यज्ञ की पूर्णाहुति की गयी। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि यज्ञ की पूर्णाहुति पर हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि सभी की शुभकामनाएं, शुभभावनाएं पूर्ण हों। यह मेला श्रीराम के नाम से है इसलिए श्रीराम के आदर्श को जीवन में उतारने से ही मेला श्रीरामनगरिया में आने की वास्तविक सार्थकता है। ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य इन छः गुणों से युक्त व्यक्ति ही श्रीराम का सच्चा भक्त होता है। श्रीराम नगरिया मेले में आये हुए सभी कल्पवासियों ने प्रभु परमपिता परमात्मा का भजन करते हुए परोपकार के कार्यो को निःस्वार्थ भाव से किया है। वैदिक क्षेत्र में आये हुए सभी साधु संतों एवं कार्यकर्ताओं का शॉल एवं शील्ड देकर सम्मान किया गया। कु0 उदिता आर्या ने प्रभु भक्ति भजनों से अध्यात्म की अमृत वर्षा की। साथ ही सभा का समापन किया गया। स्वामी महेन्द्रानंद ने संचालन किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, सुरेश आर्य, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य, उपासना कटियार, रेनू आर्या, राजकुमार आर्य, मंगलम आर्य, संदीप आर्य आदि उपस्थित रहे।

# अभियान में 1925 लोगों ने किये हस्ताक्षर




हस्ताक्षर करते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद का नाम बदलकर पांचाल नगर करने का हिन्दू समाज पार्टी का हस्ताक्षर अभियान लगातार जारी है। रविवार को दोपहर से शाम तक भारतीय पाठशाला लोहाई रोड व सायं 4:30 बजे से देर रात्रि तक मुख्य चौक चौराहा पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। लोहाई रोड पर 1245 लोगों ने व चौक पर 680 लोगों ने हस्ताक्षर किये।

हिन्दू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार 05 फरवरी तक चलेगा।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि हस्ताक्षर अभियान में भाग ले, जिससे जनपद का नाम बदलने की पहल शुरु हुई है उसमें सफलता मिल सके।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता, रोहन कश्यप, देवेंद्र पाण्डेय, आशुतोष द्विवेदी, मोहित दुबे आदि मौजूद रहे।



संत रविदास जयंती मनाते सपा नेता

## सपा कार्यालय पर मनाई गई महान विभूतियों की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास पर सन्त नरहरी दास सोनार एवं सन्त रविदास महाराज की जयंती मनाई गई।

जिला सचिव/स0 प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि जिला कार्यालय पर जिला सचिव शिव शंकर शर्मा की अध्यक्षता में दोनों महान विभूतियों की जयंती मनाई गई। दोनों संतों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों जीवन मूल्यों, सिद्धांतों एवं समाज के प्रति उनके योगदान पर चर्चा की गई। व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना ने महान पुरुषों की जयंती पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जिला सचिव रामपाल यादव, मुख्तार आलम, प्यारे मियां, शैलेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार यादव, रवि भारद्वाज, वाशु गुप्ता, अरविंद यादव, पंकज गुप्ता, विवेक भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# डॉ. अम्बेडकर स्मारक रक्षा दल ने गुरुओं का किया सम्मान



संत रविदास का चित्र भेंट करते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संत रविदास जयंती पर रविवार को गुरु प्रेमियों ने धूमधाम से शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में शामिल गुरु प्रेमी बैंड बाजे व डीजे की धुन पर बज रहे गुरु महिमा के गीतों पर जमकर थिरके। अखिल भारतीय डॉ0 बीआर अंबेडकर स्मारक रक्षा दल के सभी पदाधिकारी ने गुरुजनों का सम्मान कर यात्रा प्रारंभ कराई। फतेहगढ़ के पूर्व विधायक स्व श्री पातीराम अहेरवार के आवास पर परिजनों ने संत रविदास आदि के चित्र पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के नारायणपुर बगीचा स्थित संत रविदास आश्रम से आयोजक महंत रामविलास भास्कर के नेतृत्व में शुरू हुई शोभायात्रा बेवर रोड से होकर भोलेपुर पहुंची। वहां से हनुमान मंदिर होते हुए मिलेट्री चौराहा, कोतवाली, मछली टोला, फतेहगढ़ चौराहा होकर वापस आश्रम आयी। वक्ताओं ने संत रविदास के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। संत रविदास जयंती के उपलक्ष में नगर में निकली शोभायात्रा का फतेहगढ़ कचहरी रोड स्थित पूर्व विधायक स्वर्गीय पातीराम अहेरवार के आवास पर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

पूर्व विधायक पौत्र विजय चौधरी, पंकज प्रकाश, भारत सिंह, साबिर अली, मंटू आदि ने शोभायात्रा में शामिल साधु-संतों का आशीर्वाद लिया। शोभायात्रा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सन्त देवा दास, कमल भास्कर, संत प्यारे दास सूर्यवंशी, संत चंद्रपाल, सन्त रामोतार दास, शिवनाथ दास, शिवप्रसाद दास, अमित, साबिर अली, भारत सिंह, मंटू आदि गुरु शामिल रहे।

# बजट 2026: इस बजट में आम जनता को मिली निराशा, लोगों की मिलीजुली आई प्रक्रिया



टीवी पर बजट देखते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 2026 के बजट में आम जनता के हाथ निराशा लगी। इस बजट में लोगों ने उम्मीद लगा रखी थी कि जनपद को नई ट्रेनों की सौगात व फर्रुखाबाद शाहजहांपुर मैलानी रेलवे लाइन मिलेगी। इसके अलावा विभिन्न सरकारी क्षेत्र में नौकरियों व किसनों की कर्जा माफी आदि से राहत मिलेगी। महिलाओं के लिए घरेलू सामग्रिया सस्ती होने की आशा थी। ऐसा कुछ भी बजट में न मिलने से लोगों के हाथ निराशा लगी। इस बजट में 2047 विकसित भारत को देखते हुए घोषित किया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जैसे ही बजट प्रस्तुत किया तो लोग अपने-अपने क्षेत्रों में मिलने वाली नई ट्रेनें, सरकारी नौकरिया, किसानों का कर्जा मुक्त आदि के बारे में सोंचता ही रह गया। महिलाओं को भी इस बजट में कुछ खास नहीं मिला। ऐसे में 2026 का बजट लोक लुभावन वाला है। बजट प्रस्तुत के दौरान लोगों ने टीवी पर नजर गड़ाये रखी। कुछ क्षेत्रों के लिए यह बजट अच्छा रहा।



डा0 संदीप शर्मा

समाजसेवी डा0 संदीप शर्मा ने बताया कि आम बजट में बेरोजगारों के रोजगार के लिए कोई योजना नहीं है। आयकर में कोई छूट नहीं बढाई गई है। जो कुछ भी बजट में दिया गया है, वह पहले से ही व्यापार करने वालों को ही दिया गया है। आम आदमी को रोजमर्रा के जरुरत के सामानो पर कोई राहत नहीं दी गई है। किसानो के लिए भी कोई राहत नहीं है। बढ़ती महंगाई से राहत देने को बजट में कुछ नहीं है। इस बजट से महंगाई और बढ़ेगी। आम आदमी का जीना मुश्किल हों रहा है। बजट निराशापूर्ण है। यह सिर्फ पूंजीपतियों के लिए बनाया गया है।



रजनीश शिवा, शिक्षक

फिरोज गांधी जनता इंटर कालेज के सहायक अध्यापक रजनीश शिवा ने बताया कि महंगाई की दर दिन ब दिन बढ़ती जा रही है, इस बजट में सभी को आशा थी खासतौर से शिक्षक समाज को की आयकर स्लैब में बढ़ोतरी से कुछ राहत मिलेगी, लेकिन कोई परिवर्तन न करके एक बड़े वर्ग को निराशा हुई है, परन्तु शिक्षा विभाग को बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 6.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी एक अच्छी पहल है। जिससे शिक्षा के डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा मिलेगा और शिक्षा के क्षेत्र को नवीन ऊर्जा मिलेगी।



उपदेश सिंह चौहान, शिक्षक

विकास खण्ड बढ़पुर प्राथमिक विद्यालय रशीदपुर के सहायक अध्यापक उपदेश सिंह चौहान ने बताया कि बजट 2026 में पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा के साथ-साथ टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं होने पर सरकारी कर्मचारियों को निराशा हुई है, लेकिन इसके साथ ही साथ कैंसर एवं मधुमेह जैसे असाध्याय रोगों की दवाएं सस्ती होने से उक्त रोगों से ग्रसित रोगियों को इससे काफी लाभ मिलेगा। सरकार की यह घोषणा स्वागत योग्य कदम है। बजट में आम जनता का मिला जुला ध्यान रखा गया है।



राहुल राठौर

भाजपा के नगर मीडिया प्रभारी राहुल राठौर ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट ऐतिहासिक है। यह बजट देश की आर्थिक सुदृढ़ता, समावेशी विकास और समाज के प्रत्येक वर्ग तक अवसर पहुँचाने की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है। आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति देने वाला यह बजट भारत को विकसित भारत बनाने की दिशा में एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। बजट मैन्युफैक्चरिंग से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक, स्वास्थ्य से लेकर टूरिज्म तक, ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर एआई को बढ़ावा दिया गया।

# बजट में पुरानी पेंशन, महंगाई भत्ता व आठवां वेतन आयोग पर कुछ न आने से लगी निराशा



प्रमोद कुमार दीक्षित



मनोज कुमार

**फर्रुखाबाद।** राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री प्रमोद कुमार दीक्षित ने 2026 के बजट पर प्रक्रिया देते हुए बताया कि कर्मचारियों के लिए सरकार द्वारा ना ही पुरानी पेंशन पर ध्यान दिया गया है और आठवें वेतन आयोग के बारे में भी स्पष्ट नहीं किया गया है। संविदा कर्मचारी आशा बहू एवं हमारे समस्त कर्मचारी उनके भी मानदेय पर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया है,। कर्मचारी निराशा है। कर्मचारी मनोज कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा बजट पेश किया गया है। कर्मचारी संगठन सरकार से मांग करते हैं कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वेतन आयोग महंगाई पुरानी पेंशन संविदा कर्मचारियों को मानदेय पर विचार करना चाहिए, संविदा कर्मचारियों को आशा बहू को कम से कम 30 हजार रुपये करना चाहिए। ऐसा न होने से सभी संगठन के लोग निराश है।

# बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर पर दिया गया जोर : प्रो. डा. रश्मि

**विकसित भारत बनाने के संकल्प वाला बजट**



प्रो. डा. रश्मि प्रियदर्शनी




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बजट 2026 एक दीर्घकालिक विकास उन्मुख बजट है। इस बजट में लोक लुभावने घोषणाएं नहीं है बल्कि भारत का जो विकसित भारत बनने का जो संकल्प है उस दिशा में कार्य पर फोकस करने वाला बजट है। इस बजट की कुछ प्रमुख घोषणाएं भी हैं। बद्री विशाल महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 डा0 रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया है। सरकार ने 2026-27 में 12.2 लाख करोड़ रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर टारगेट रखा है, जो पिछले साल के मुकाबले ज्यादा है।

**रेयर अर्थ कॉरिडोर:** ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाए जाएंगे। जिससे देश की रेयर अर्थ मेटल की जरूरतें पूरी होंगी। साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी बूस्ट मिलेगा।

**एमएसएमई और एसएमई:** सरकार ने सेमीकंडक्टर मिशन की घोषणा की है, जिससे देश में सेमीकंडक्टर उत्पादन बढ़ेगा। इसके लिए बजट में 1000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

**बायो फार्मा:** बायो फार्मा सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

**टेक्सटाइल पार्क:** बड़े टेक्सटाइल पार्क बनाए जाएंगे, जिससे देश में टेक्सटाइल उत्पादन बढ़ेगा।

**शहरी आर्थिक क्षेत्र:** शहरी आर्थिक क्षेत्र पर प्रति वर्ष 5 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

**जल मार्ग:** 20 नए जल मार्ग बनाने की तैयारी है।

**केमिकल पार्क:** 3 केमिकल पार्क का निर्माण किया जाएगा। इससे उत्पादन सेक्टर को बूस्ट मिलेगा और निर्यात भी बढ़ेगा।

**रोजगार:** रोजगार में बढ़ोत्तरी के लिए कई सारी स्कीम की शुरुआत की गयी है जैसे हेल्थ सेक्टर में 1.5 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। एमएसएमई सेक्टर को बूस्ट देने से इस क्षेत्र में रोजगार बढ़ेगा। पर्यटन के क्षेत्र में भी युवाओं को गाइड की ट्रेनिंग दी जाएगी। साथ ही मेडिकल पर्यटन को भी बढ़ावा देने के लिए कुछ क्षेत्र को विकसित करने की घोषणा की गयी है।

**कृषि** के क्षेत्र में कुछ फसल जैसे नारियल, कोको के किसानों के लिए कुछ प्रोत्साहन दिया गया है।

**निर्यात** को बढ़ाने के लिए कपड़ा उद्योग और एआई और आईटी क्षेत्र में काम करने वाले कंपनीयों को टैक्स में छूट प्रदान की गई है। सेमि कन्डक्टर और क्लाउड मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को 2047 तक टैक्स छुट्टी प्रदान करने की घोषणा की गयी है।

**इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस बार इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह नौकरी पेशा वाले लोगों के लिए निराश करने वाली बात है लेकिन पिछले साल के बजट में छूट प्रदान की गई थी शायद इसीलिए इस बजट में उसमें कोई भी परिवर्तन नहीं किया गया। यह बजट दीर्घकालिक स्ट्रैटिजी वाला बजट है।

# बजट से प्रदेश में औद्योगिक निवेश आकर्षित होगा : मुकेश गुप्ता



मुकेश गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय स्टेट बैंक से सेवानिवृत भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता ने बताया कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के संकल्प को साकार करते हुए सभी परिवारों, समुदायों धर्म और सभी क्षेत्रों को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए भागीदारी प्रदान करने का अवसर प्रदान करता है।

उन्होंने बताया कि आजकल के युग में टेक्नोलॉजी के हर क्षेत्र में चाहे वह हमारा दैनिक कार्य क्षेत्र हो या बड़े-बड़े व्यावसायिक क्षेत्र में डाटा को स्टोर करने के लिए पढ़ने वाली जरूरत क्लाउड स्टोरेज को बढ़ावा देने के लिए उन बहुराष्ट्रीय कंपनियों को जिनके डाटा सेंटर हमारे भारत में स्थापित करके पूरे विश्व में अपनी सेवाएं देने वाली ऐसी कंपनियों को कर (टैक्स) की छूट प्रदान करके आईटी क्षेत्र को और विकसित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट के लिए पहले हम दूसरे देशों से आयात पर निर्भर करते थे, उस समय हमारा उत्पादन इस क्षेत्र में बहुत कम हुआ करता था।

इसीलिए क्रमशः हर बजट में इस क्षेत्र में प्राथमिकता बढ़ाते हुए इस बार भी इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 योजना शुरू की गई है इसके तहत सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट के उद्योग के लिए एक बहुत बड़ा फंड 40000 करोड रुपए आवंटित करना एक अच्छा कदम है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने हमारे उत्तर प्रदेश के विकास को अच्छी गति देने के लिए बनारस रेलवे स्टेशन को भारत के साथ हाई स्पीड रेल कॉरिडोर में शामिल किया है, इसमें दिल्ली से बनारस और बनारस से सिलिगुड़ी रेल मार्ग शामिल किए गए हैं।

इससे हमारे प्रदेश में इन रेल मार्गो के विकसित होने से कई शहरों की कनेक्टिविटी सरल होगी और इससे आवागमन में समय की बचत होगी और इससे यहां उद्योगों को राहत मिलने के कारण उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश आकर्षित होगा।

भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार के लिए तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान खोलने का प्रावधान करके हमारे देश की पुरानी आयुर्वेदिक पद्धति को सरकार निरंतर बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत महिलाओं के लिए देश के हर जिले में एक गर्ल्स हॉस्टल जिले की उच्च शिक्षण संस्था, जो की विज्ञान तकनीक से संबंध हो, खोला जाएगा यह एक प्रशंसनीय कदम है।

पूंजीगत खर्च में पिछले बजट की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक आवंटित करके देश का इंफ्रास्ट्रक्चर गतिशील होगा।

इससे हर क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे तथा कनेक्टिविटी बेहतर होगी जो उद्योगों के विकास के लिए जरूरी भी है। मैन्युफैक्चरिंग पर विशेष फोकस होने से भी देश में बेरोजगारी कम होगी। इस बजट से फर्रुखाबाद जिले के ऊपर क्या प्रभाव पड़ा? उन्होंने बताया कि जनपद के जरदोजी और कपड़ा छपाई उद्योग के लिए विशेष राहत के रूप में कोरियर के द्वारा निर्यात किए जाने वाले माल की कीमत मूल्य सीमा जो पहले 10 लाख रुपए हुआ करती थी इस सीमा को अब समाप्त कर दिया गया।

इससे हमारे जिले के एमएसएमई उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और छोटे-छोटे निर्यातकों का समय, कागजी कार्यवाही और कोरियर खर्चे में बचत होगी।

जो कि वैश्विक टैरिफबार को देखते हुए एक सराहनीय कदम होगा जिससे हमारे निर्यात में वृद्धि होगी।

